# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




बोकारो में स्वामी नारायण मंदिर के प्रारूप में दिखेगा पंडाल


• बोकारो, शनिवार, 20 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 124 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


# परमाणु हथियार बनाने में खास योगदान दे सकता है झारखंड : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को तीन दिवसीय ईस्ट टेक सिम्पोजियम (डिफेंस एक्सपो) का भव्य शुभारंभ हुआ। ईस्ट टेक 2025 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरेनियम से संपन्न झारखंड परमाणु हथियार निर्माण में योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में यूरेनियम की बहुतायत है और परमाणु हथियारों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। डिफ़ेन्स ईस्ट टेक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता



के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड यूरेनियम से समृद्ध है और परमाणु हथियार निर्माण में योगदान दे सकता है। राज्य सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है। सीएम ने कहा कि शायद बहुत कम लोगों को पता होगा, उद्योग लगाने की जो मदर फैक्ट्री है, वो हमारे ही राज्य झारखंड में है, जिसको हम एचइसी कहते हैं। आपको बताना चाहेंगे कि शायद देश में जो सेंसेटिव एरिया है, जो चिन्हित किये गए है, उनमें से हमारे राज्य में स्थापित एचइसी इंडस्ट्री भी है। एचइसी, स्टेटलाइट के लिए भी काम आता है और परमाणु जैसे चीजों के लिए भी कंपोनेंट बनाते आ रहा है। लेकिन आज एचइसी हाशिए पर है। इस क्षेत्र में कई ऐसी चीजें बनी है जो इस देश के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। इस राज्य ने देश को बहुत कुछ दिया है, इतना की अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। आज नए उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास हो रहा है। निश्चित रूप से हमलोग इसको मिलकर आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## रक्षा निर्माण आधार को बढ़ाने की आवश्यकता : सीडीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि पूर्वोत्तर नीति के लक्ष्य और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध विज्ञान और कला दोनों है, वर्तमान संदर्भ में योद्धा को रचनात्मक और नवाचारी होना आवश्यक है। यह बात उन्होंने रांची में आयोजित ईस्ट टेक सिम्पोजियम में कही। सीडीएस जनरल चौहान ने यह भी कहा कि हथियारों का रणनीतिक चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान



एवं विकास की समीक्षा करनी होगी। उन्होंने रक्षा निर्माण आधार को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्य रक्षा अधिकारी जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष और साइबर युद्ध के लिए उपकरण विकसित करने के लिए नीति संबंधी कदम उठाए जा रहे हैं। रांची में आयोजित ईस्ट टेक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हथियारों का रणनीतिक चयन बहुत महत्वपूर्ण है और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार अनुसंधान और विकास की समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्माण आधार को बढ़ाने की आवश्यकता है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाना चाहिए। जनरल चौहान ने यह भी कहा कि भारत में रक्षा निर्माण का स्वदेशीकरण भले ही देर से शुरू हुआ लेकिन देश सही रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि केंद्र की 'एक्ट ईस्ट' नीति के लक्ष्य और रक्षा में आत्मनिर्भरता राज्यों जैसे झारखंड और पश्चिम बंगाल की सक्रिय भागीदारी से पूरी की जा सकती है। युद्ध विज्ञान और कला दोनों है। इस दौरान डिफेंस ईस्ट टेक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात सड़क हादसे में मटकुरिया निवासी 46 वर्षीय सुधीर कुमार की मौत हो गई। यह घटना संत निरंकारी चौक के पास हुई जिसमें पांडरपाला निवासी 45 वर्षीय किशोर विश्वकर्मा उर्फ राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुधीर कुमार और किशोर विश्वकर्मा दोनों दोस्त थे और बरवाअड्डा के अलग-अलग गैरेज में काम करते थे। गुरुवार को काम खत्म करने के बाद वे अपनी बाइक से धनबाद लौट रहे थे। संत निरंकारी चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### नाबालिग छात्र ने की आत्महत्या

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र में समाहरणालय के पीछे स्थित घर में शुक्रवार सुबह एक नाबालिग छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में कक्षा 9वीं के छात्र शिवांश यादव के रूप में हुई है। परिजनों को शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे घटना की जानकारी मिली जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एएसआई कुबेर प्रसाद पोद्दार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अज्ञात शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित चाराडीह में आरपीवाई ग्लोबल स्कूल के सामने एक नाले से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। सुबह टहलने निकले लोगों ने नाले में एक अधेड़ व्यक्ति को पड़ा देखा जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और स्थानीय लोगों को इकट्ठा किया। घटना की सूचना तत्काल कोडरमा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।

## झारखंड में बनेगा विश्वस्तरीय मेडिको सिटी एडीबी ने दिये 2,800 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंडवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राजधानी रांची में विश्वस्तरीय मेडिको सिटी बनाया जायेगा। इसके लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने 2,800 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को हरी झंडी दे दी है। मेडिको सिटी रिनपास के पास स्थापित किया जायेगा। इस संबंध में कल गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री



डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मेडिका सिटी के लिए फंड उपलब्ध होने को झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव वाला कदम कहा है। उन्होंने कहा कि मेडिको सिटी में हृदय, किडनी, लीवर सहित कई जटिल बीमारियों का इलाज किया जायेगा। इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक सुविधाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जायेगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता नयी ऊंचाई पर पहुंचेगी।

## झारखंड में 30 आइपीएस अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 30 आइपीएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है। इस बदलाव में पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को एसीबी और सीआइडी के प्रभार से हटा दिया गया है। उनकी जगह जैप एडीजी प्रिया दुबे को एसीबी का डीजी बनाया गया है। वहीं वायरलेस डीजी प्रशांत सिंह को डीजी मुख्यालय का प्रभार सौंपा गया है। रांची की जिम्मेदारी भी बदली गई है। चाईबासा के एसपी राकेश रंजन को रांची का नया एसएसपी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पारस राणा को रांची का सिटी एसपी बनाया गया है और उन्हें जैप-10 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी राकेश सिंह को सौंपी गई है, जिन्हें ट्रैफिक एसपी रांची बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें वायरलेस एसपी का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। सुमन गुप्ता को रेल एडीजी बनाया गया है जबकि रांची आइजी मनोज कौशिक को आइजी सीआईडी का प्रभार दिया गया है। बोकारो आइजी क्रांति कुमार गडीदेशी को आइजी मानवाधिकार बनाया गया है। दुमका आइजी शैलेंद्र सिन्हा को पलामू आइजी का जिम्मा मिला है। वहीं सुदर्शन मंडल को आइजी मुख्यालय पदस्थापित कर जेल आइजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुनील भास्कर को बोकारो जोनल आइजी और पटेल मयूर कन्हैयालाल को दुमका जोनल आइजी बनाया गया है। डीआइजी स्तर पर भी बड़े फेरबदल किए गए हैं। संजीव कुमार को डीआइजी एसआइबी, शैलेंद्र प्रसाद बरनवाल को डीआइजी सब, मनोज रतन को डीआइजी स्पेशल ब्रांच और नौशाद आलम अंसारी को पुलिस मुख्यालय में योगदान करने का आदेश दिया गया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को एसीबी डीआइजी नियुक्त किया गया है। देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को संयुक्त निदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग पदस्थापित किया गया है। एसपी स्तर पर भी तबादले हुए हैं। अरविंद कुमार सिंह को एसपी स्पेशल ब्रांच, एहतेशाम वकारिब को सीआइडी एसपी, अमित रेनू को चाईबासा एसपी, सौरभ को देवघर एसपी और अजीत कुमार को रेल एसपी जमशेदपुर बनाया गया है। दीपक कुमार पांडे को एसपी स्पेशल ब्रांच और अनिमेष नैथानी को एसीबी एसपी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कैलाश करमाली को रेल एसपी धनबाद, मनोज स्वर्गीयरी को जैप-3 गोविंदपुर कमांडेंट और मूमल राजपुरोहित को जैप-8 का कमांडेंट बनाया गया है।

## बाल सुधार गृह में बंद किशोर की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू बाल सुधार गृह में संदिग्ध परिस्थितियों में एक लड़के की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़के ने आत्महत्या की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएलएसए की टीम और शीर्ष अधिकारी बाल सुधार गृह पहुंच मामले की छानबीन कर रहे हैं। दरअसल 8 जुलाई से मृतक पोक्सो के मामले में पलामू के बाल सुधार गृह में बंद था। मृतक गढ़वा के रंका इलाके का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मौत की जानकारी मिलने के बाद पूरे मामले में छानबीन की जा रही है। पलामू बाल सुधार गृह में 35 बच्चे बंद हैं। शुक्रवार के दिन बाल सुधार गृह में बंद दूसरे बच्चों ने देख मामले की जानकारी बाल सुधार गृह के अधिकारियों को दी। बाल सुधार गृह के अधिकारी लड़के को अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कुड़मी समाज के आंदोलन पर ड्रोन से रखेगी नजर पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कुड़मी जाति को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज द्वारा 20 सितंबर को रेल टेका आंदोलन किया जाएगा। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में रेल पुलिस व आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की। रेल मार्ग व स्टेशनों वाले संबंधित जिलों के एसएसपी-एसपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आंदोलन के दौरान चिह्नित कुड़मी नेताओं को हिरासत में लिया जाए। वहीं रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाने, वहां एंबुलेंस, वज्रयान, दंगा रोधी वाहन को तैनात करने का भी निर्देश दिया गया। इसके लिए करीब 2000 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जाएगी। जिलों में दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति होगी। बैठक में आईजी रेल अमोल वीनुकांत होमकर, आईजी विशेष शाखा प्रभात कुमार, आईजी अभियान डॉ. माइकल राज एस. मौजूद थे। सभी जिलों के एसपी को आंदोलन के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा,



गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला-खरसावां, चाईबासा, पलामू, दुमका जिलों के रेल मार्गों के संवेदनशील रेलवे स्टेशनों, क्षेत्रों और रेल लाइनों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। यहां सुरक्षा में तैनात जवान बॉडी प्रोटेक्टर व हेलमेट के साथ तैनात होंगे। रेलवे स्टेशनों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया गया है। आंदोलन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना, जान-माल की क्षति को रोकने के लिए रेलवे पुलिस, रेलवे कर्मियों के साथ गोपनीय सूचना तंत्र को लगाया जाएगा। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस्टर्न रेलवे, साउथ-इस्टर्न रेलवे, इस्टर्न-सेंट्रल रेलवे के आइजी आरपीएफ, सभी जोनल आइजी, रेंज डीआईजी, रांची व चक्रधरपुर के डीआरएम आदि शामिल हुए।

## दो छात्राओं ने कुएं में कूदकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में दो छात्राओं ने कुएं में कूदकर सुसाइड कर लिया। दोनों स्कूल देरी से पहुंची तो शिक्षक ने अभिभावकों के साथ आने को कहा था। इसके बाद पेरेंट्स की डांट फटकार की बात सोच दोनों इतनी डर गई कि कूएं में कूदकर जान दे दी। मृतकाओं में जाहिदा खातून (13) और गुलाबशा परवीण (14) शामिल है। दोनों उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरुवां-कपिलो की आठवीं कक्षा की छात्राएं थीं। बताया जाता है कि ये दोनों छात्राएं कई दिनों से स्कूल देर से आ रहीं थीं। गुरुवार को समय से सुबह नौ बजे स्कूल पहुंचीं लेकिन चल रही प्रार्थना सभा में शामिल न होकर स्कूल में बैग रखकर फिर बाहर निकल गईं और आधे घंटे बाद स्कूल पहुंची। प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश रविदास के मुताबिक आधे घंटे गायब रहने के बाद तीन छात्राएं क्रमशः जाहिदा, गुलाबशा और शना स्कूल लौटी तो आईटीसी के शिक्षक जागेश्वर प्रसाद ने उन्हें सूचित किया। तीनों से गायब रहने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कुछ नहीं बताया। इस पर तीनों से कहा गया कि वे अपने अभिभावकों को साथ लेकर स्कूल आएं और उन्हें घर भेज दिया गया। काफी देर बाद एक छात्रा शना अपने अभिभावक के साथ विद्यालय पहुंची लेकिन उसके साथ गई अन्य दो छात्राएं वापस नहीं आई। इधर घटना की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और कुएं से शव को निकाला गया। मौके पर सरिया पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## केमिकल फैक्टरी में लगी भीषण आग, तेज धमाके के साथ उठी आग की लपटें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के इरबा इलाके में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक केमिकल फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। सुबह करीब 9 बजे आसपास के लोगों ने फैक्टरी से धुआं उठता देखा तभी तेज धमाके के साथ आग की लपटें निकलनी शुरू हो गईं। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के इलाकों को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया। फैक्टरी के पास बने कई छोटे-छोटे मकान भी खतरे में आ गए लेकिन समय रहते लोगों को बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। आग इतनी भीषण थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा जा सकता था। फायर ब्रिगेड के कर्मी लगातार आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले फैक्टरी से धुआं निकलता दिखा और फिर अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद फैक्टरी की खिड़कियां और दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की वजह से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिर भी फैक्टरी को आग से भारी नुकसान हुआ है। लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। प्रशासन और पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आग लगने की असली वजह का अभी पता नहीं चल पाया है।

## नक्सलियों के खिलाफ चलेगा बड़ा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड और बिहार पुलिस मिलकर नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाएगी। जबकि अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के लिए 24 घंटे निगरानी की जाएगी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ कई बड़े कदम उठाए जाएंगे। पलामू के हरिहरगंज में शुक्रवार को इंटर स्टेट बैठक हुई जिसमें कई निर्णय लिए गए। हाई लेवल इंटर स्टेट बैठक में पलामू डीसी समीरा एस, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, बिहार के औरंगाबाद के डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अंबरीश राहुल शामिल हुए। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कई बिंदुओं पर जानकारी साझा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जबकि नक्सल और उसके समर्थकों की सूची साझा करने का निर्णय लिया गया। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्पेशल टीम



बनाई जाएगी। यह टीम इंटर स्टेट बॉर्डर पर निगरानी करेगी। 48 से अधिक चेकिंग प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं, जहां पुलिस बल और मजिस्ट्रेट के तैनाती होगी। साथ ही अवैध शराब के तस्करों की सूची तैयार की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। दोनों राज्य असामाजिक तत्वों की सूची साझा करेंगे और चुनाव से पहले पूरे इलाके को सेनीटाइज करेंगे। वहीं इस संबंध में डीसी समीरा एस ने बताया कि बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई है और निर्णय लिए गए है। बैठक के बाद एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नक्सल, शराब और अपराध को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

## हाइवा-ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी आग, एक की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरकट्ठा स्थित जीटी रोड पर कोनहरा खुर्द में गुरुवार की देर रात ट्रेलर एवं हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में ट्रेलर में फंसे एक व्यक्ति की जलने से मौत हो गई जबकि हाइवा सवार ड्राइवर और खलासी भाग निकले। हादसे के बाद यातायात कई घंटों तक बाधित रहा। आग की लपटें इतनी भीषण थी कि लोग उसके नजदीक नहीं पहुंच पा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर बरही से धनबाद की ओर जा रही थी। वहीं गिट्टी लदा हाइवा बगोदर से बरही की तरह जा रहा था। सड़क निर्माण कंपनी ने कोनहरा खुर्द के पास दोनों तरफ से आने वाली गाड़ियों को एक रोड में कर दिया है। इसी कारण कटिंग के पास दोनों गाड़ियों के बीच सीधी टक्कर हुई है। घटना के बाद दोनों वाहन जलने लगे। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन लपटों की तीव्रता के कारण सफलता नहीं मिल पाई। सूचना पर अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने की कोशिश शुरू की। इस दुर्घटना के कारण जीटी रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात कई घंटों तक बाधित रहा। मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत और अफरातफरी का माहौल बना हुआ है।

C M Y K

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सभी संबंधित विभाग प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों कर्तव्यों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करेंगे स्वच्छता ही सेवा अभियान दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ उत्सव की थीम पर केंद्रित होकर किया जाना है जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



उक्त कार्यशाला में संबंधित विभाग द्वारा बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान से किया जाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ उत्सव की थीम पर केंद्रित होकर किया जाना है। पूरे अभियान के दौरान ग्रामीण स्तर पर कचरो का ढेर की पहचान कर उनकी साफ सफाई की जानी है। उक्त कार्यशाला में सभी अधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा के तहत शपथ दिलाई गई कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य एवं लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए "एक कदम स्वच्छता" की ओर के संकल्प को पूरा किया जा सकता है, इसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं इससे जुड़े सभी कर्मी अपने दायित्वों को समझें और स्वच्छ भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करें। इसमें हर नागरिक की भागीदारी भी आवश्यक है यह सिर्फ एक जिम्मेदारी ही नहीं हम सबका कर्तव्य है कि अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखें। हम तकनीक, जनसहभागिता और नियमित निगरानी के सहारे इस अभियान को और प्रभावी बनाएं। उन्होंने तरल एवं ठोस अवशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ साथ ओडीएफ, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार लक्ष्य को पूरा करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में क्लीनलीनेस टारगेट यूनिट का चयन करेंगे और समुदाय की सहभागिता से उनकी सफाई सुनिश्चित करवाएंगे। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में बाल संसद का आयोजन किया जाए, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम को रोकने, जीरो कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ावा देने जैसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों मे आयोजित किए जाएंगे। आगे उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा पंडालों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए लोगों को जागरूक करें। बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में हत्या के मामले में 9 वर्ष बाद आया कोर्ट का निर्णय, 5 को आजीवन सजा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के करसो में 9 साल पहले जमीन विवाद में मुन्ना गोप उर्फ मुन्ना महतो की हत्या के मामले में नामजद पांच आरोपियों के खिलाफ अष्टम सत्र एवं जिला न्यायधीश हजारीबाग पुरूषोतम गोस्वामी की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन्हें सजा सुनाई गई है उनमें बद्री साव, नंदलाल साव, भुनेश्वर साव तीनों के पिता स्व किशुन साव, मुन्नी देवी पति बद्री साव एवं मीना देवी पति नंदलाल साव सभी करसो बरही निवासी शामिल है।

क्या था मामलाः मृतक मुन्ना गोप बरही निवासी चौहनी देवी से बतौर केवाला जमीन की खरीदा था। लेकिन नामजद आरोपियों का कहना था कि जमीन उनके जमीन के बगल में है इसलिए सीलिंग एक्ट के तहत हमलोग जमीन लेंगे। इसी बात को लेकर 13.04.2016 को मुन्ना गोप अपने जमीन पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी बीच आरोप है कि उपरोक्त नामजद अभियुक्त सहित अन्य लोग लाठी डंडा शबल से मुन्ना गोप पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनका सर फट गया था। मुन्ना गोप को बचाने आई बद्री साव की पत्नी मुंदरी देवी ने सूचक यमुना यादव, उनकी पत्नी एवं एक उनकी गोतनी के सिर पर लाठी से मार दी। जिसके कारण तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन जाने के क्रम में मुन्ना गोप उर्फ मुन्ना महतो ने दम तोड़ दिया। इस मामले में बरही थाना में बरही थाना कांड संख्या 94/16 धारा आईपीसी के धारा 302, 307 सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मामला हजारीबाग न्यायालय में 9 वर्षों तक चला। 9 वर्ष बाद 12 सितंबर को सभी पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया गया और 19 सितंबर को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास , धारा 307 के तहत 10 वर्ष की सश्रम कारावास के साथ साथ 12000 का जुमार्ना भी लगाया गया। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। 9 वर्ष बाद आया कोर्ट के फैसला का स्वागत करते हुए सूचक यमुना यादव ने कहा कि जिन लोगों ने उनके पिता की हत्या की उन्हें माननीय न्यायालय ने सजा दे दी है। हमलोगों को न्याय मिल गया है। उन्होंने न्याय पर संतोष जताया है। कहा न्यायालय में देर भले है लेकिन अंधेर नहीं है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, दिये त्वरित समाधान के निर्देश



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया।

जनता दरबार में मुख्य रूप से सेवा निवृती के उपरांत पेंशन स्वीकृति,राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आज आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देश**

चौपारण थाना क्षेत्र के सरदार चरणजीत सिंह ने घर के आवागमन के रास्ते को अवरूद्ध करने और खरीदगी जमीन को बाजबरन कब्जा करने की शिकायत उपायुक्त से की, जिस पर उपायुक्त ने एसडीओ बरही को तत्काल फोन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गांधी मैदान, मटवारी के मोहल्ला वासियों ने उपायुक्त से शिकायत किया कि उनके आवागमन वाले रास्ते पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर उपायुक्त ने नगर आयुक्त को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बड़कागांव थाना क्षेत्र के राहुल कुमार गुप्ता ने दाखिल खारिज करवाने का अनुरोध किया, जिस पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के संतोष कुमार मंडल ने जनता दरबार में पूर्व में दिए गए भूमि संबंधी आवेदन की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले का निष्पादन कराने का अनुरोध किया, जिस पर उपायुक्त ने बरही एलआरडीसी को दूरभाष से वार्ता कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सेवा निवृत शिक्षिका ने पेंशन प्रक्रिया नहीं किए जाने पर पेंशन का लाभ दिलाने पर अग्रतर कारवाई का अनुरोध किया,इस पर उपायुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को बुलाकर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा यथाशीघ्र सभी अड़चनों को दूर कर तत्काल पेंशन सुचारू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा किसी भी सेवानिवृत पेंशनभोगियो को पेंशन के लाभ से अकारण वंचित नहीं किया जाय अन्यथा प्रशासनिक कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

## आईसीटी विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के आदेश अनुसार यूएमएस डासडीह गण्डेय विद्यालय में आईसीटी विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण 02/09/2025 से 18 नवंबर 2025 को तीसरा बैच आयोजित किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में रूपेश कुमार वर्मा एवं रंजीत मंडल ने शिक्षकों को कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण दिया जिसमें आईसीटी कक्षा का संचालन, सभी आईसीटी टूल्स,सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, वर्ड, एक्सल स्मार्ट क्लास का संचालन, साइबर सिक्योरिटी, विभिन्न प्रकार की कंप्यूटर की जानकारियां 10 दिनों में दिया गया।

# दिवंगत अधिवक्ता सह यादव समाज के जिलाध्यक्ष को वकालत खाना में दी गई श्रद्धांजलि

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय यादव महासभा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष अधिवक्ता धनेश्वर यादव का निधन हो गया है। खबर सुनकर अधिवक्ता समाज सहित सामाजिक राजनीतिक

■ नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने किया दुख व्यक्त

हलके के लोगों ने शोक व्यक्त की मालूम हो, कुछ दिनों से वे बीमार थे और रांची के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

वहीं इलाज क्रम में आज आधी रात के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पूछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं आज शाम



उनका पार्थिव शरीर आने पर गिरिडीह वकालत खाना में बार एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, सचिव चुन्नूकांत सहित कामेश्वर यादव, झारखंड बार काउंसिल मेंबर परमेश्वर मंडल, मंटू सिन्हा, दुर्गा पांडे, अर्जुन महतो, नदलाल यादव, दामोदर गोप, दशरथ प्रसाद, भुनेश्वर महथा, विपिन यादव, विमल यादव, जयदेव यादव, मनोज कुमार, वीरेंद्र यादव, रूद्रदेव वर्मा, उपेंद्र पांडे, दिनेश शर्मा सहित अन्य ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया वहीं, स्व. यादव के पार्थिव शरीर पैतृक गांव पतारी पहुंचने पर पूर्व विधायक राज कुमार यादव, पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव, पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, राष्ट्रीय यादव सेना के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, झामुमो नेता सुनील यादव, शिवशंकर गोप, सरयू गोप, राजेंद्र यादव, मुखिया शिवनाथ साव, कोयला मजदूर नेता राजेश यादव, संजय चौधरी, महेश निराला सहित अन्य ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हजारीबाग में खाद्य सुरक्षा विभाग का औचक निरीक्षण

## खाजा में औद्योगिक रंग पाया गया, मौके पर नष्ट कराया गया

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन ने किया।

निरीक्षण के दौरान फन एंड फूड से पनीर और त्रिपाल होटल से मगज लड्डू का नमूना संग्रहण किया गया, जिसे रासायनिक जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त कांग्रेस ऑफिस रोड स्थित खाजा दुकानों की गुणवत्ता की जांच की गई। जांच में गोपाल प्रसाद के



खाजा में औद्योगिक रंग पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने निर्मल महतो पार्क और सारले पार्क झील के समीप सभी दुकानदारों एवं ठेला-खोमचा संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों में औद्योगिक रंग का प्रयोग न करें, अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों को अपने परिसर की नियमित सफाई बनाए रखने की भी हिदायत दी गई।

सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने किचन में खाद्य पदार्थ तैयार करते समय मास्क, कैप एवं एप्रन का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। इस निरीक्षण अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग के विकास शर्मा, सूरज कुमार, शशि भूषण मुंडा एवं चालक धनेश्वर कुशवाह उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ में करैत के काटने से युवक की मौत

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गिधनिया गांव में शुक्रवार को करैत सांप के काटने से 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पक्की सड़क और पुल की सुविधा नहीं होने के कारण परिजन युवक के शव को खटिया पर लादकर नदी पार कर गांव तक लाने को मजबूर हुए। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस इलाके में सड़क और पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क और पुल का निर्माण कराने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

# बसरिया में विश्वकर्मा पूजा पर भक्ति जागरण का भव्य आयोजन

## झामुमो नेता बीरेंद्र राणा और मुखिया मंजू देवी ने किया उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के बसरिया पंचायत में विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार की रात भक्ति जागरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन झामुमो नेता बीरेंद्र राणा एवं पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा पंडाल भक्तिमय नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

आयोजक समिति की ओर से मंच पर उपस्थित अतिथियों को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर अतिथियों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में झामुमो नेता बीरेंद्र राणा ने कहा कि ऐसे



धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा भगवान मेहनतकश लोगों के आराध्य देव हैं और हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। वहीं मुखिया मंजू देवी ने कहा कि बसरिया में स्थित विश्वकर्मा मंदिर हमारी धरोहर है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण व विकास बेहद जरूरी है। इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगी। कार्यक्रम का संचालन चंदन राणा ने किया। स्थानीय व बाहरी कलाकारों ने भक्ति गीत और भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनसे देर रात तक भक्तिमय माहौल बना रहा। पूरा वातावरण 'जय विश्वकर्मा भगवान' के उद्घोष से गूंजता रहा। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन से धार्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से कार्यक्रम सफल रहा। मौके पर लालजी राणा, कपिलदेव राणा, प्रदीप राणा, नाथो राणा, बसंत राणा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी उपस्थित थे। वहीं समिति के अध्यक्ष मनु राणा, सचिव आशीष राणा, कोषाध्यक्ष अमित राणा, राजू राणा, उमेश राणा, देवेंद्र राणा, दिनेश्वर राणा, रामबृक्ष राणा, महेंद्र राणा, रवींद्र राणा, मुकेश साव, मुन्ना केशरी सहित कई सदस्य आयोजन में सक्रिय रहे।

# छड़वा डैम पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा, हजारीबाग में उत्साह का माहौल

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाया था मामला

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत छड़वा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर प्रखंडवासियों समेत पूरे हजारीबाग में उत्साह का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को किए गए निरीक्षण के बाद शुक्रवार को कटकमसांडी प्रखंड के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय पहुँचकर आभार व्यक्त किया और कई विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री रीतालाल यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, पंसस रमेश राम, मुखिया नारायण साव, विरेंद्र ओझा, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, भाजपा नेता विनोद सिंह, पूर्व मुखिया लिलो सिंह भोगता, पूर्व मुखिया दिलीप रवि, गोविंद यादव, पवन गिरि, भाजपा युवा नेता आदित्य विश्वकर्मा, प्रकाश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय दांगी, दुलारचंद साव, पप्पु यादव, रूपदेव



यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, भाजपा युवा नेता रामजी कुशवाहा, भाजपा नेता रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि और अमृत पासवान समेत कई कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत किया और इसे हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। छड़वा डैम का पर्यटन स्थल के रूप में विकास न केवल हजारीबाग की पहचान और गौरव को नई ऊँचाई देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। इसके साथ ही पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मुद्दे को सदन में उठाया था, जिसके बाद प्रशासन ने इस दिशा में पहल तेज की है।

# हजारीबाग सरकारी बस स्टैंड पर मेरु प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय ने चलाया स्वच्छता अभियान

## स्वच्छता पखवारा के तहत 200 कार्मिकों ने किया सफाई कार्य, फैलाई जागरूकता

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु (हजारीबाग) के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक तथा प्रशिक्षुओं ने शुक्रवार को हजारीबाग सरकारी बस स्टैंड पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का हिस्सा था, जिसे भारत सरकार की पहल के रूप में इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है।

आज आयोजित इस अभियान में लगभग 200 कार्मिकों और प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बस स्टैंड परिसर और आसपास की सड़कों की सफाई की, कूड़ा-कचरा हटाया और उचित कचरा निपटान के प्रति आमजन को जागरूक भी किया। हाथों में




झाड़ू लेकर कार्मिकों ने बस स्टैंड के मुख्य स्थलों की सावधानीपूर्वक सफाई की, जिससे पूरा क्षेत्र स्वच्छ और सुव्यवस्थित माहौल में बदल गया। यह अभियान न केवल व्यस्त बस स्टैंड की सफाई के लिहाज से अहम साबित हुआ, बल्कि प्रशिक्षुओं के लिए नागरिक उत्तरदायित्व का व्यावहारिक पाठ भी बना। प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय ने इसे सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सेवा की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

संस्थान ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता की स्थायी आदतें विकसित करने और समाज में सकारात्मक सोच पैदा करने का माध्यम भी है। इस तरह की पहल से आमजन को अपने परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने की प्रेरणा मिलेगी।

प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु ने आश्वस्त किया कि वह आगे भी समुदाय-उन्मुख गतिविधियों में सक्रिय रहेगा और स्थानीय क्षेत्र को लाभान्वित करने वाली पहलों को निरंतर समर्थन देता रहेगा।

# मोंगिया स्टील के निदेशक बलविंदर सिंह ने आईआईएम लखनऊ से किया मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोगाम पूर्ण, मिला प्रमाण पत्र

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मोंगिया स्टील लि० के निदेशक एवं युवा उद्यमी बलविंदर सिंह को देश की प्रतिष्ठित प्रबंधकीय संस्थान आईआईएम लखनऊ ने एक शानदार कार्यक्रम आयोजित कर एग्जीक्यूटिव मैनेजमेंट प्रोगाम इन सेल्स एंड मार्केटिंग लीडरशिप में कार्यक्रम निदेशक प्रेम प्रकाश दीवानी और कार्यक्रम निदेशक सह एमडीपी नोएडा की चेयरपर्सन अनीता गोयल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया बलविंदर सिंह की स्कूली शिक्षा गिरिडीह के कार्मेल और बीएनएस डीएवी से हुई है।

इसके बाद इन्होंने पुणे से एमबीए कि पढाई पूर्ण किया और वर्तमान में वह मोंगिया स्टील लि० में बतौर निदेशक अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभा रहे है। सिंह को आईआईएम लखनऊ में आयोजित वेलेडिक्शन सेरेमनी प्रोग्राम में सम्मानित किया गया। उल्लेखनिय है कि सेल्स एंड मार्केटिंग में प्रबंधकीय कौशल और लीडरशिप पाठ्यक्रम को इन्होंने 11 महीने में




सफलतापूर्वक पूर्ण कर डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किए। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बेहतर प्रर्दशन करने वाले देश भर के अनेक विद्यार्थी मौजूद थे। जहाँ बलविंदर सिंह को संस्था के प्रबंधन की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया सनद रहे कि श्री सिंह कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हैं और लगातार सामाजिक गतिविधियों में अपनी बेहतर भूमिका निभा रहे हैं। इनके आईआईएम लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित प्रबंधकीय संस्थान से मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम कंप्लीट करने पर मोंगिया स्टील लि० के चेयरमैन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया व निदेशक हरिंदर सिंह मोंगिया समेत पूरे मोंगिया स्टील परिवार के सभी पदाधिकारीगण ने बधाई दी।

# मोदी सरकार ने पाट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है

मोदी सरकार 6 पाट उत्पादक राज्यों में 110 क्रय केन्द्रों और जेसीआई के 14 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किसानों को एमएसपी सहायता देती है।



## एमएसपी दर - वर्ष 2025-26

2025-2026 फसल मौसम के लिए पूरे भारत में कच्चे पाट मेस्टा और बिमली की विभिन्न किस्मों और ग्रेडों के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार हैं:

| पूरे भारत में | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | टीडी-1/डब्ल्यू1 | टीडी-2/डब्ल्यू2 | टीडी-3/डब्ल्यू3 | टीडी-4/डब्ल्यू 4 | टीडी-5/डब्ल्यू 5 | |
| तोसा/व्हाईट | ₹ / क्विंटल | 6350 | 6150 | 5650 | 5125 | 4875 | |
| | | | | | | | |
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | एम1/ ओ.टॉप | एम2/ एस.मिड | एम3/ मिड | एम4/ बॉट | एम5/ बी.बॉट | एम6/ एक्स-बॉट |
| मेस्ता / बिमली | ₹ / क्विंटल | 4135 | 3985 | 3860 | 3760 | 3660 | 3560 |

*"हमारी सरकार ने पाट उत्पादक किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए कच्चे पाट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इससे देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।"*

*— श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*

## मोदी सरकार पाट किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

- 10 वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 135% की वृद्धि। वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹2400 प्रति क्विंटल की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹5650 प्रति क्विंटल की वृद्धि।
- नए राज्यों - नागालैंड, मेघालय, झारखंड में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया।
- किसानों को 3 कार्यदिवसों के भीतर भुगतान का वितरण।

**मोदी सरकार 11 वर्षों से पाट कृषि विकास परियोजना जूट आई-केयर चला रही है।**

- सब्सिडी वाले (50%) उच्च उपज वाले प्रमाणित बीजों का वितरण
- किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण
- रेटिंग एक्सेलरेटर का नि:शुल्क वितरण
- नि:शुल्क प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम
- 2015 से 5.6 लाख किसानों को लाभ और 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि को किया जा रहा है कवर





**मोदी सरकार ने पाट मित्रो ऐप लॉन्च किया है जो आपको ये सुविधाएँ प्रदान करेगा:**

- एमएसपी दरें और खरीद केंद्रों की जानकारी।
- कृषि संबंधी सलाह।
- मौसम संबंधी अपडेट।
- पाट के गुणवत्ता मानदंड।
- खरीद के बाद भुगतान की स्थिति।

**पिछले दो दशकों के बीच भारत सरकार की एमएसपी खरीद की तुलना**
(2005-2014 : 2015-2024)

| 2005-2014 | | 2015-2024 | |
|---|---|---|---|
| मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) | मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
| 15 | 380 | 18 | 1345 |

द जूट कर्पोरेशन अफ इन्डिया लिमिटेड
বস্ত্র মন্ত্রালয়ের অন্তর্গত ভারত সরকারের একটি সংস্থা
भारतीय पटसन निगम लिमिटेड
वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की एक संस्था
The Jute Corporation of India Limited
A Government of India CPSE under Ministry of Textiles
कच्चे पाट में एमएसपी के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी

मुख्यालय: पटसन भवन, तीसरी और चौथी मंजिल, ब्लॉक-सीएफ, एक्शन एरिया - 1, न्यू टाउन, कोलकाता - 700156,
फ़ोन: (033) 2252 1100 / 6720 / 6770 / 7107 / 7109
फैक्स: (033) 2252 1771. ईमेल: jci@jcimail.in www.jutecorp.in

CBC 41122/15/0018/2526

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 19-09-2025 21:29 Page 1



# दो डीएसपी पर वारंट

## पूर्व मुखिया की हत्या मामले में वारंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** बगहा दो प्रखंड के गनौली पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज सिंह के हत्या मामले की जांच करने वाले बगहा के दो डीएसपी क्रमशः संजीव कुमार व कैलाश प्रसाद को शुक्रवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ मानवेन्द्र मिश्र की अदालत में उपस्थित होना था, लेकिन जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई तो कोई भी गवाह न्यायालय में उपस्थित नहीं मिला।

जबकि उक्त हत्या मामले में गिरफ्तार माओवादी सुरेन्द्र राम उर्फ जयंत उर्फ सागर उर्फ विकास को पूर्णिया जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। जिसमें अभियोजन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह हत्या गनौली पंचायत के मलकौली निवासी व पूर्व मुखिया मनोज सिंह के घर पर माओवादियों के द्वारा हमला कर किया गया था।

इस कांड के सूचक वाल्मीकिनगर के तत्कालीन थाना प्रभारी जय प्रकाश सिंह है। इस कांड के अनुसंधानकर्ता संजीव कुमार व कैलाश प्रसाद रहे है। जिनका तबादला दूसरे जिला में हो गया है, इसलिए कुछ समय दिया जाय। जिसके बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि यह हत्या 2018 में हुआ था इस कांड के अभियुक्त सुरेन्द्र राम के विरुद्ध इस न्यायालय में चल रहा है।

साक्षियों को पर पहले ही सम्मन निर्गत किया जा चुका है। उसके बाद भी अभी तक कोई गवाह उपस्थित नहीं हो रहा है। ऐसे में अभियोजन का उदासीनता को द्योतक है। अभी अभियुक्त पूर्णिया जेल में बंद है। इस लिए अभियोजन साक्ष्य का अवसर समाप्त कर दिया जाय। जिसके उक्त न्यायालय के द्वारा आदेश जारी किया गया कि दोनों डीएसपी के खिलाफ जमानतीय वारंट निर्गत करते हुए दोनों डीएसपी को आगामी नौ अक्टूबर को उपस्थित कराया जाय।

यहां बता दें कि गनौली पंचायत के पूर्व मुखिया की हत्या मामले में वाल्मीकिनगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के बयान पर कांड संख्या 64/2018 दर्ज हुआ था। जिसके जांच पदाधिकारी डीएसपी संजीव कुमार व कैलाश प्रसाद रहे है जबकि गवाह के रूप में मृतक के पुत्र चंदन सिंह, पत्नी बेबी देवी, ग्रामीण खिरयती देवी, चन्द्रिका महतो, वंशराज महतो निवासी गनौली थाना वाल्मीकिनगर तथा शव को पोस्टमार्टम करने वाले अनुमंडलीय अस्पताल के डा एसपी अग्रवाल है। उसके बाद भी अभी तक एक भी गवाह को अभियोजन के द्वारा न्यायालय में उपस्थित नहीं कराया गया है।

# ज्वेलरी दुकान का शटर काटकर लाखों की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के रानी चौक से डोभिया शिबूटोल जाने वाली सड़क में गुरुवार की देर रात्रि अपराधियों ने लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर करीब 1.5 किलोग्राम चांदी, 10 ग्राम सोना एवं 15 हजार रुपये नकद लूट लिए। लूटे गए चांदी एवं सोने के जेवरात की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने ड्यूटी पर तैनात चौकीदार उमाशंकर पासवान के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वे रानी चौक पर लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी का दुकान संचालित करते हैं। प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार की संध्या करीब छह बजे वे अपनी दुकान बंद कर तेघड़ा स्थित अपने घर चले गए। गुरुवार की रात्रि करीब दो बजे मकान मालिक ने मोबाइल फोन पर उन्हें सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर तोड़कर चोरी कर ली गई है। सूचना पाते ही वे अपने घर से रानी चौक स्थित अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है।

पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल की जांच में जुटे थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद वे अपने स्तर से की गई जांच पड़ताल में पाया कि दुकान से अपराधियों ने 1.5 किलोग्राम चांदी के पायल, बिछिया, बलिया एवं 10 ग्राम सोने के जेवरात एवं दुकान के गल्ला में रखे 15 हजार रुपये नकद ले गए। इधर इसकी सूचना मिलते ही बेगूसराय एसपी मनीष घटनास्थल पर पहुंचकर विभिन्न पहलुओं से जांच पड़ताल करने के बाद मौके पर मौजूद तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार, बछवाड़ा थाना अध्यक्ष परेंद्र कुमार से घटना के संबंध में पूछताछ की। एसपी ने बताया कि रानी तीन में लक्ष्मी ज्वेलर्स में देर रात्रि घटना हुई है। इस घटना में चौकीदार के साथ भी मारपीट की गई एवं उसे बांधा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पदाधिकारी घटना की जांच में जुटे हैं।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत पर लोगों ने काटा बवाल

- किया तोड़फोड़ और सड़क जाम
- चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले के गुरुआ प्रखंड क्षेत्र में संचालित एक नर्सिंग होम में इलाज के दौरान 42 वर्षीय मरीज शिव चौधरी की मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और घंटों सड़क जाम किया।

आक्रोशित भीड़ ने नर्सिंग होम में तोड़फोड़ कर दी और वहां तैनात डॉक्टर की भी पिटाई की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उग्र भीड़ को काफी देर तक नियंत्रित नहीं कर सकी। मृतक की पहचान बड़ही बिगहा गांव निवासी शिव चौधरी के रूप में हुई है।

स्वजनों ने बताया कि उन्हें पेट दर्द की शिकायत पर घर के पास ही एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ने लगी और थोड़ी देर बाद मौत हो गई। जैसे ही मौत की खबर फैली स्वजन और ग्रामीण भड़क उठे।

आक्रोशित लोगों का आरोप है कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में लापरवाही पूर्ण इलाज के कारण मरीज की जान गई।घटना की सूचना पर गुरुआ थानाध्यक्ष दलबल के साथ पहुंचे लेकिन भीड़ के गुस्से के सामने पुलिस भी बेबस नजर आई।

इस बीच हंगामे के दौरान डॉक्टर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि उक्त नर्सिंग होम संचालक पर पहले से ही गुरुआ थाना में एफआईआर दर्ज है।

ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में दर्जनों अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। जहां बिना अनुभवी चिकित्सकों के इलाज किया जा रहा है। इससे मरीजों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। उन्होंने प्रशासन से अवैध नर्सिंग होम पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

# गंगा के कटाव ने लिया भयावह रूप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** जिले के अमदाबाद प्रखंड में गंगा कटाव ने भयावह रूप ले लिया है। बाढ़ और कटाव के लिहाज से रेड जोन में शामिल इस इलाके में हाल के दिनों में दर्जनों घर नदी की धारा में समा चुके हैं। कई और घरों पर संकट गहराता जा रहा है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं और पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार बड़े-बड़े पेड़ भी कटाव की भेंट चढ़कर नदी में बह गए हैं। लोग दिन-रात भयभीत रहते हैं कि कब उनका घर भी नदी की धार में विलीन हो जाए। स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अमदाबाद प्रखंड के पार दियारा पंचायत के वार्ड नंबर 11, 12 और 20 जैसे गंगा के किनारे बसे इलाके अस्तित्वहीन हो जाएंगे। करीमुल्लापुर पंचायत के मुखिया मोहम्मद तारीख अनवर ने बताया कि गंगा का कटाव हर साल तबाही मचाता है, लेकिन अब तक स्थाई समाधान नहीं निकला। प्रशासन सिर्फ सर्वे और निरीक्षण तक ही सीमित रहता है, जबकि लोगों के जीवन और भविष्य पर संकट लगातार मंडरा रहा है।

मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल बारी ने कहा कि कटाव प्रभावित लोग सुरक्षित जगह पर जाने को मजबूर हो गए हैं। कई परिवार उजड़कर खुले आसमान के नीचे जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल सुरक्षा उपाय करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि इस बार सिर्फ आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि अमदाबाद प्रखंड गंगा की धार में विलीन न हो सके।

# कुटुंबा से राजद ने ठोंका दावा,हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पारंपरिक माने जाने वाले कुटुंबा विधानसभा सीट पर राजद ने दावा ठोक दिया है। गुरुवार को कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के तमसी मोड़ स्थित एक रिसॉर्ट में महागठबंधन के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के नेतृत्व में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में राजद के अलावा भाकपा माले व विकासशील इंसान पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभी लोगों ने कुटुंबा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह मौजूदा विधायक राजेश कुमार को हटाकर सुरेश पासवान को टिकट दिए जाने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने दो-दो बार राजेश कुमार को जीता कर विधानसभा भेजने का काम किया है। आज वे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने हुए हैं। लेकिन 10 साल तक उन्होंने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान नहीं दिया।

मुसीबत में कार्यकर्ता उन्हें फोन लगाते हैं तो वे फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। संबोधन के दौरान कई नेताओं ने यहां तक का डाला कि अगर इस बार राजेश कुमार को प्रत्याशी बनाया गया तो उनकी हार निश्चित है।

विधानसभा सम्मेलन में मौजूद महागठबंधन के कार्यकताओं ने एक सुर में इस बार विधानसभा चुनाव में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की।

इधर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। अक्टूबर महीने में कभी भी चुनाव की रणभेरी बज सकती है। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकताओं को जागरूक करने के लिए विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।जिसमें कार्यकर्ताओं को यह कहा जा रहा है कि आप सभी लोग पूरी तरह से कमर कस कर तैयार हो जाए। महागठबंधन जो भी उम्मीदवार तय करेगा उसे हर हाल में जीता कर भेजना है। इसी को लेकर कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं। जो यह संकेत दे रहा है कि अगर कुटुंबा सीट जीतना है तो जनता के बीच में रहने वाला एक मजबूत उम्मीदवार देना होगा।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ दिन पहले मीडिया के माध्यम से मैंने सुना कुछ घोषणा हुआ था, लेकिन तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन के कन्वेनर हैं। उन्होंने 243 में से अभी तक एक भी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इसलिए अगर किन्ही ने कुछ कहा है तो वह उनका विचार हो सकता है। महागठबंधन में अभी सीट शेयरिंग पर विचार चल रहा है। सर्वे हुआ है फीडबैक लिया जा रहा है जो भी बेहतर होगा उसके आधार पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तय करेगा।

सर्वे में बिहार की जनता ने 42 प्रतिशत मत देकर बिहार का सीएम का ठप्पा लगा दिया है। विधानसभा सम्मेलन में यह जनता का जो सैलाब उमड़ा है, कुछ अलग इशारा कर रहा है। लेकिन मैं उनकी तरह नहीं हूं कि कुछ बोलूंगा। मुझे सिर्फ लोगों को जागरूक करना है।

महागठबंधन के हर एक सिपाही को मिलिट्री की तरह लैस करना है। उम्मीदवार जो भी आएगा महागठबंधन की ओर से उसे जीता कर विधानसभा भेजना है और तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करना है। मैं त्याग करने को तैयार हूं, लेकिन जिस तरह पिछले दिनों घोषणा कर महा गठबंधन धर्म को तार-तार किया गया है। वह नहीं होना चाहिए था।

पिछले दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह कुटुंबा विधायक राजेश कुमार ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कुटुंब विधानसभा से ही चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि यह उनका पारंपरिक सीट है। उनके पिता दिवंगत दिलकेश्वर राम भी कुटुंबा सीट से ही चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। दो बार कुटुंबा विधानसभा सीट से उनकी जीत हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री भी बने थे।स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुटुंबा समेत पूरे जिले में बेहतर कार्य किया था। इसके बाद में भी कुटुंबा से ही जीतकर विधानसभा पहुंचे। कुटुंबा की जनता ने उन्हें बहुत कुछ दिया है।

# एसडीएम और वकीलों के बीच नोकझोंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** सदर अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार और वकीलों के बीच होने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में दोनों पक्षों ने मारपीट और हाथापाई का आरोप भी लगाया है। विवाद का यह सिलसिला गत मंगलवार से ही शुरू हुआ था। मामला सिकरौल थाना से जुड़े एक मामले में जमानत के आवेदन की सुनवाई से जुड़ा है।आरोपित की गिरफ्तारी गत रविवार को हुई थी। मंगलवार को जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान हुए विवाद के बाद वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुनः एसडीएम से मिलने पहुंचा था।

इसी दौरान विवाद और बढ़ गया। इस प्रकरण से जुड़ा एक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें कुछ वकील एसडीएम के अंगरक्षक से हाथापाई करते दिख रहे हैं।

इस मामले में वकील पक्ष ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में एसडीएम के खिलाफ परिवाद दायर किया है, जबकि एसडीएम ने कहा कि वह मामले में प्राथमिकी कराएंगे। एसडीएम के मुताबिक वकीलों ने उनके साथ बदसलूकी की और उनके अंगरक्षक और अन्य स्टाफ के साथ ही हाथापाई की। उन्होंने कहा कि अगर वकील उनके फैसले से असहमत थे, तो उन्हें कानूनी तरीके से अपनी बात अगले स्तर पर रखनी चाहिए थी।

दूसरी तरफ वकील पक्ष की ओर से दायर किए गए परिवाद में कहा गया है कि जमानतीय धारा में गिरफ्तारी होने के बावजूद सदर एसडीएम ने बीते रविवार को एक आरोपित को जेल भेज दिया।

वकील पक्ष का कहना है कि इस संबंध में गत मंगलवार को जमानत आवेदन दाखिल किया गया, तो एसडीएम ने जमानत देने से इनकार कर दिया और जमानतदारों के कागजात का सत्यापन कराने की बात कही।

नियम के मुताबिक कार्य करने की सलाह देने पर एसडीएम ने मारपीट की। साथ ही वकील का मोबाइल छीन लिया और जबर्दस्ती बैठाकर रखा।

# ग्राहक बनकर आये अपराधियों ने व्यासायी पर की गोलीबारी

## गोली लगने से बेटी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** पुरैनी में शुक्रवार की सुबह अपराधियों ने दिनदहाड़े व्यवसायी पर हमला कर दहशत फैला दी। एसएच 58 किनारे हिंदुस्तान मार्बल हाउस के संचालक निरंजन साह पर बाइक सवार बदमाशों ने गोली चलाई। गोली उनके बगल में खड़ी बेटी पार्वती कुमारी (13) को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सुबह करीब नौ बजे की है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

घटना से आक्रोशित व्यवसायियों और स्थानीय लोगों ने उदाकिशुनगंज-नवगछिया एसएच 58 को चार घंटे तक जाम कर दिया। सूचना मिलते ही उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटे रहे। फिलहाल हमले के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी है।

शुक्रवार की सुबह निरंजन साह दुकान के काउंटर पर बैठे थे। साथ ही उसकी 13 वर्षीय पुत्री पार्वती कुमारी स्कूल जाने के लिए बगल में खड़ी थी। पार्वती बगल में स्थित एक निजी स्कूल की कक्षा नवमी में पढ़ती थी। इसी दौरान ग्राहक बनकर आए अपराधी ने मोटर पंप की कीमत पूछा। कीमत बताते ही ग्राहक ने उसे नल निकालने को कहा। इस दौरान अपराधी अपने कमर से हथियार निकालने की कोशिश करने लगा।

निरंजन साह की नजर उस पर पड़ते ही वह अपनी पुत्री का हाथ पकड़कर भागने लगे। इसी दौरान अपराधी ने उसपर गोली चला दी। गोली पार्वती के सिर में जा लगी। गोली लगते ही वह अचेत होकर दुकान के ही अंदर गिर गई। तब तक मौके से भाग निकले।

इधर, गोली की आवाज सुनते ही घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। खून से लथपथ पार्वती को सीएचसी से रेफर किए जाने के बाद मेडिकल कालेज मधेपुरा ले जाया गया। मेडिकल कालेज से पटना ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।

बच्ची की मौत की खबर सुनते ही आक्रोशित व्यवसायी व स्थानीय लोग ने एसएच 58 को जामकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। अपराधियों की गिरफ्तारी और थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग को लेकर को अड़े रहे।

इस दौरान उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित निरंजन साह से पूछताछ कर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम को हटाने में सफल रहे। लगभग चार घंटे तक एसएच 58 मुख्य मार्ग के जाम रहने से वाहन चालक सहित राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं व्यवसायी निरंजन साह के अनुसार एक पखवारा पूर्व रंगदारी मांगी गई थी। जिसे उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया। विगत एक सप्ताह से कुछ संदिग्ध आसपास रेकी करता हुआ दिख रहा था।

# गायब हुई छात्राओं को मानव तस्कर से कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के अंगारघाट थाना क्षेत्र से गायब हुई तीन छात्राओं को पुलिस ने मानव तस्कर गिरोह के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि छात्राओं को बहला-फुसलाकर पूर्णिया ले जाया गया था, जहां उन्हें नेपाल और बंगाल में बेचने की योजना बनाई जा रही थी।

जानकारी के अनुसार, 10 सितंबर को अंगारघाट थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिरनामा की तीन छात्राएं दिल्ली में नौकरी की उम्मीद में घर से निकली थीं। समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर उनकी मुलाकात एक महिला और युवक मुकेश से हुई, जिन्होंने उन्हें नौकरी का झांसा देकर मुजफ्फरपुर और फिर पूर्णिया ले गए। पूर्णिया में उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया।

करीब तीन दिन तक बंद रहने के बाद, छात्राओं में से एक ने किसी तरह अपनी मां को मोबाइल से संदेश भेजा। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर पूर्णिया पुलिस की मदद से मंगलवार को छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने पहले दो छात्राओं और बाद में दलसिंह सराय व मुजफ्फरपुर की छात्राओं को सुरक्षित बरामद किया। इस दौरान मानव तस्करी गिरोह के दो आरोपी मधेपुरा के बभनगामा वार्ड 8 निवासी नीरज कुमार पासवान और पूर्णिया के खुश्कीबाग के अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया।

डीएसपी शर्मा ने बताया कि छापेमारी की भनक लगते ही गिरोह की एक महिला सहित तीन-चार सदस्य मौके से भाग निकले। भागने वालों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस की सतर्कता के कारण इस बड़ी मानव तस्करी की वारदात को टाला गया और तीनों छात्राओं की जान बच गई।

# मंगनीलाल मंडल के बयान से मचा सियासी घमासान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजद के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न संगठनों से आए लोगों का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के जिन्न तेजी से राजद से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव ने 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन एनडीए सरकार 16 प्रतिशत आरक्षण की चोरी कर रही। लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकार को कमजोर किया जा रहा। नीतीश कुमार के 20 वर्षों के शासन-काल में अति-पिछड़ा वर्ग के नेतृत्व को कमजोर किया गया है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने सर्वत्र विद्वेष का माहौल बनाने का आरोप लगाया। कहा कि एनडीए की सरकार झूठ, लूट और भ्रष्टाचार पर आधारित है। विपक्ष जब सच का आईना दिखाता है तो सत्ताधारी लोग बेचैन हो जाते हैं। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नवागत सदस्यों ने राजद को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मिलन समारोह में प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक मंजू अग्रवाल, मुजफ्फर हुसैन राही, बल्ली यादव, मदन शर्मा, डॉ. प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, गणेश कुमार यादव आदि समारोह में उपस्थित रहे।अमितेश कुमार उर्फ धानुक बिट्टू सिंह, अजीत कुमार मंडल, अनिल कुमार, पूर्व सैनिक बबलू कुमार गुप्ता, राजेश रंजन प्रसाद, मो. शहाबुद्दीन खान, दिलीप मंडल, प्रदीप कुमार आदि ने राजद की सदस्यता ली है। अपनी रैलियों की तस्वीरें व वीडियो साझा करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर विकास की नई राजनीति के लिए आए हैं। तेजस्वी का दावा है कि वे वैसी राजनीति करना चाह रहे, जहां हर क्षेत्र में विकास, सुधार, समृद्धि और उद्योग की बात हो। बिहार में प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति निवेश बढ़ाने पर चर्चा हो। जहां सकारात्मकता, रचनात्मकता, प्रगतिशीलता और गुणात्मक परिवर्तन राजनीति का आधार बनें।एक्स पर पोस्ट तेजस्वी के ये वीडियो और फोटो खगड़िया जिला सहित उनकी हाल-फिलहाल की रैलियों के हैं। उन्होंने लिखा है कि "यह किसान के पसीने, मजदूर के परिश्रम और बेरोजगार युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। यह करो या मरो की लड़ाई है और मैं बिहार को जीत दिलाने तक चैन से नहीं बैठूंगा। आरोप यह कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के युवाओं की आकांक्षाओं से कटे हुए हैं और सेवानिवृत्त अधिकारियों और थके हुए नेताओं से घिरे हुए हैं। तेजस्वी यादव ने एक पोस्ट में लिखा है कि बिहार के युवा बदलाव, अधिकार और आर्थिक क्रांति के लिए एकजुट हुए हैं। एक ऐसा मुख्यमंत्री, जो युवाओं के सपनों, आशाओं से भिज्ञ नहीं, उनके लिए लाभप्रद नीतियां नहीं बना सकता।

# 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने बेगूसराय स्थित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर इंजीनियरिंग कॉलेज के बी.टेक सत्र 2021-25 के छात्र शुभम कुमार और दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के बी.टेक (सिविल) सत्र 2022-26 के छात्र शशिकेश कुमार की याचिकाओं को खारिज कर दिया। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजनथ्री और न्यायाधीश आलोक कुमार सिन्हा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि दोनों छात्रों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से भी कम है। जबकि, विवि द्वारा बार-बार नोटिस और अवसर देने के बावजूद वे न्यूनतम उपस्थिति पूरी करने में विफल रहे।अदालत ने छात्रों की उस दलील को भी अस्वीकार कर दिया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्य कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। कोर्ट ने कहा कि भेदभाव साबित करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी दलील दी गई कि उन्होंने फीस जमा की है और पाठ्यक्रम जारी रखा है।

इस पर अदालत ने कहा कि फीस भुगतान या नामांकन से परीक्षा में बैठने का कोई निहित अधिकार उत्पन्न नहीं होता। उपस्थिति की शर्त वैधानिक और बाध्यकारी है तथा विवि के किसी भी अधिकारी को इसमें छूट देने का अधिकार नहीं है। खंडपीठ ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के पूर्ववर्ती निर्णयों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अदालतें विवि को उपस्थिति की कमी माफ करने के लिए बाध्य नहीं कर सकतीं। सहानुभूति के आधार पर वैधानिक नियमों को शिथिल नहीं किया जा सकता और संविधान का अनुच्छेद 14 नकारात्मक समानता की अनुमति नहीं देता।उल्लेखनीय है कि छात्र ने पीलिया के उपचार से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज प्रस्तुत किए थे।

# जिला स्तरीय कला उत्सव में अनुग्रह नारायण सहदेव उच्च विद्यालय के बच्चों ने जीता प्रथम पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस (गयाजी)।** जिला स्तरीय ₹ कला उत्सव - 2025 का आयोजन बिहार बाल भवन किलकारी, हरिदास सेमिनरी उच्च विद्यालय परिसर सुग्गी गयाजी में किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के विद्यालय के बच्चों को कला उत्सव प्रतियोगिता के अनेकों विधा में भाग लिया। अनुग्रह नारायण सहदेव +2 विद्यालय, सुग्गी प्रखंड आमस की नवम वर्ग की छात्रा खुशी कुमारी, कृतिका कुमारी, रिया कुमारी एवं रूचि कुमारी ने बिहार के सुप्रसिद्ध लोकगीत झूमर गाकर वाहवाही लूटी और उन्हें प्रतियोगिता के अन्त में जिला टॉपर की घोषणा के साथ ही बिहार बाल भवन किलकारी के निदेशक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने मेडल देकर छात्राओं को और मेहनत करके राज्य स्तरीय कला उत्सव में भी अपने विद्यालय और जिला का नाम रौशन करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक आदित्य कुमार मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह, शिक्षक अनिल कुमार, अशोक कुमार, तकरीम खान,




सुफियान अंसारी, वाहिदुल्लाह अंजुम सहित सभी शिक्षकों ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी

**पटना।** प्रदेश के सभी जिलों में बादल छाए रहने के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार राजधानी व आसपास इलाकों में बादलों की आवाजाही बने होने के साथ उमस का प्रभाव बना रहेगा।

कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा के आसार है। जबकि, चार जिलों के पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सारण एवं भोजपुर जिले के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

गुरुवार को पटना सहित आसपास इलाकों में बादलों की आवाजाही बने होने के साथ उमस का प्रभाव बना रहा। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अलग-अलग भागों में वर्षा दर्ज की गई। सुपौल में सर्वाधिक वर्षा 123.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राजधानी का अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि 33.7 डिग्री सेल्सियस के साथ राजगीर में सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। सीतामढ़ी के डुमरा में 118.6 मिमी, बथनाहा में 91.8 मिमी, वाल्मीकि नगर में 79.4 मिमी, बेगूसराय के नवाकोठी में 75.2 मिमी, सिवान के दरौली में 62 मिमी, पूर्णिया के धमदाहा में 60 मिमी दर्ज की गई।

# सात करोड़ की लागत से दुर्गावती नदी पर बनेगा पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** सरकार की ओर से कुदरा बाजार और रामपुर गांव के बीच दुर्गावती नदी पर बनाए जाने वाले पुल का शिलान्यास मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी ने समारोह पूर्वक किया।

मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत लगभग 7 करोड़ 60 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से ग्रामीण कार्य विभाग इस नदी पुल का निर्माण करेगा। पुल का स्थान कुदरा बाजार के पश्चिमी छोर पर महावीर मंदिर के समीप निर्धारित किया गया है।

इसके बनने से कुदरा बाजार सीधे रामपुर-चौरासिया पथ से जुड़ जाएगा। शिलान्यास समारोह में जिला पार्षद श्वेता गुप्ता, लोजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, रालोमा जिलाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता अरविंद आर्य आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस मौके पर विधायक ने जहां क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई, वहीं, स्थानीय लोगों ने नदी पुल के शिलान्यास पर खुशी जताते हुए कहा कि पुल के बनने से इलाके के विकास को नया आयाम मिलेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नदी पुल के अभाव में कुदरा, भभुआ व रामपुर प्रखंडों के करीब 50 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को परेशानी होती है।

रामपुर, कदई, मेउड़ा, रामडीहरा, सहजपुरा, चौखड़ा, पवरा, गोखुलपुर, धनाढ़ी, सिसवार, परशुरामपुर, लीलापुर, पोखरा, ठकुरहट, लोहंदी, मोहन डड़वां, दुबौली, भीतरी बांध आदि जैसे दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को ट्रेन पकड़ने या बाजार करने के लिए कुदरा आना होता है। नदी पुल के अभाव में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है।

सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्राओं को होती है क्योंकि दुर्गावती नदी से दक्षिण के गांवों में एक भी बालिका विद्यालय नहीं है। सभी बच्चियों को नदी पार कर कुदरा ही आना पड़ता है। दुर्गावती नदी बरसात के मौसम में उफान पर होती है, जिससे कुदरा बाजार और नदी के दक्षिण में स्थित गांवों के बीच सीधा संपर्क टूट जाता है।

CMYK

# निगम के गोदामों में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव ने जारी किया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव-सह-प्रबंध निदेशक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड पंकज कुमार ने राज्य के सभी जिला प्रबंधकों बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को निगम के किसी भी गोदाम पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं एवं अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति पर कड़ाई से रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। सभी गोदाम प्रभारियों एवं सभी जिला प्रबंधकों को इस आदेश का अचूक रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही इस कार्य में शिथिलता बरते जाने पर संबंधित कर्मियों पर आवश्यक अग्रेत्तर विधि सम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। वर्तमान में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों से खाद्यान्न निर्गत होने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भी जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं अन्य संबंधितों को रियल टाइम्स बेसिस पर उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के प्रावधानों को दृष्टिपथ में रखते हुए राज्य में आवंटित खाद्यान्न के केंद्रीय पूल से उठाव तथा राज्य खाद्य निगम में उक्त खाद्यान्न की प्राप्ति एवं निगम के गोदाम के स्टॉक से खाद्यान्न का जन वितरण प्रणाली के लिए प्रेषण सरकार द्वारा लागू की गई ''डोर स्टेप डिलीवरी योजना-2016 के आलोक में अधिष्ठापितआपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत निगम के गोदामों में खाद्यान्न का लागत एवं निर्गत कार्य जी.पी.एस. लोडसेल युक्त वाहन से कराया जाता है।

## कैम्प मोड में पात्र लाभुकों का बनेगा राशन कार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पूरे राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभुकों के आच्छादन हेतु कैम्प मोड में 22 सितम्बर 2025 से अभियान प्रारंभ कर रहा है। राशन कार्ड निर्गमन हेतु कैम्प का आयोजन प्रत्येक पंचायत मुख्यालय स्तर पर मुख्यतः पंचायत सरकार भवन में रोस्टर के अनुसार 22.09.2025 से 10.10.2025 तक किया जाएगा। प्रत्येक कैम्प में सुविधानुसार आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी कम्प्यूटर / लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे। कैम्प आयोजन के दिन ही प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाईन करते हुए सभी आवेदकों को रशीद निर्गत कराया जाएगा। कैम्प आयोजित किये जाने कि तिथि एवं स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार कैम्प आयोजन के पूर्व स्थानीय प्रचार-प्रसार माध्यमों से कराया जाएगा।

# दानापुर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

## अधिकारियों के बीच क्विज प्रतियोगिता के साथ राजभाषा सप्ताह समारोह का विधिवत समापन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में 'हिंदी दिवस 2025' के अवसर पर राजभाषा सप्ताह समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा किया गया था। मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक अधिकारियों के बीच क्विज प्रतियोगिता के साथ राजभाषा सप्ताह समारोह-2025 का विधिवत समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में अधिकारियों के क्विज में प्रथम पुरस्कार सुनील कुमार झा, सहायक सामग्री प्रबंधक, द्वितीय पुरस्कार अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं तृतीय पुरस्कार सुधांशु रंजन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर को मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। राजभाषा सप्ताह समारोह के दौरान 16.09.2025 को राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार कार्मिक विभाग, द्वितीय पुरस्कार रेलवे सुरक्षा बल, तृतीय पुरस्कार यांत्रिक विभाग को प्रदान किया गया। इसी प्रकार टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में प्रथम पुरस्कार जेरोम कुजूर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक, द्वितीय पुरस्कार दीपक कुमार, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक, तृतीय पुरस्कार संजय कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक-इंजी. को प्रदान किया गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उमेश कुमार, आशुलिपिक, वाणिज्य को प्रथम किशोर कुणाल, मुख्य गाड़ी लिपिक-नियंत्रण कक्ष को द्वितीय एवं रूबी कुमारी, कनिष्ठ लिपिक-वाणिज्य को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया तथा हिंदी वाक् प्रतियोगिता में ब्रजेश कुमार, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-परिचालन को प्रथम गुंजन बाबू, कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक को द्वितीय एवं श्वेता भट्ट, प्रशिक्षु-टेकविद्युत सामान्य को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

# बी डी कॉलेज में यौन प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी डी कॉलेज, पटना में सेहत केंद्र इकाई के बैनर तले बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से यौन-प्रजनन स्वास्थ्य, ऑनलाइन सेफ्टी एवं स्नेह एआई वॉयसबॉट के ऊपर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, सहायक निदेशक (युवा) - आलोक कुमार तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रतिनिधि कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सेहत केंद्र को और बेहतर बनाकर पूरे बिहार में मॉडल सेहत केंद्र बनाने के लिए प्रेरित किया। आलोक कुमार ने सेहत केंद्र में हो रहे बेहतरीन कार्य के लिए महाविद्यालय को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में पीएफआई से नीलांशु, शिल्पी एवं दीपिका ने छात्रों को यौन प्रजनन स्वास्थ्य पर जानकारियां दी। साथ ही ऑनलाइन सेफ्टी से जुड़ी बातों पर भी चर्चा किया। पीफ आई द्वारा बनाई गई स्नेह एआई वॉयसबॉट के बारे में बच्चों ने जाना और साथ ही उसे उसे करके भी देखा। इस वॉयसबॉट में यौन प्रजनन स्वास्थ्य ऑनलाइन सेफ्टी जेंडर आदि विषयों पर स्टोरीज, वीडियो, क्विज के माध्यम से दी जाती है जिसे छात्रों ने काफी पसंद भी किया। कार्यशाला में भी वीडियो के माध्यम से साइबर क्राइम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# चुनावी चंदे के लिए अदाणी को भाजपा-जदयू ने सौंपी 1200 एकड़ जमीन: राजेश राठौड़

## चार गुणा सर्किल रेट से मिले पीरपैंती के भूदाताओं को मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में चुनाव से पूर्व 1200 एकड़ कृषि योग्य जमीन भाजपा के इशारे पर अदाणी पावर को 1 रुपए प्रति वर्ष की दर पर और दस लाख नकदी पेड़ों के कुर्बानी पर दे दिए जाने को लेकर कांग्रेस मुखर होकर विरोध कर रही है। कल इस मामले को लेकर जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में एक विशाल रैली आयोजित हुई तो वहीं आज बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन व मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ के नेतृत्व में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने बिहार की वर्तमान नीतीश एनडीए सरकार से कड़े सवाल दागे और कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' का छलावा करने वाली भाजपा ये बताएं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दस लाख आम लीची जैसे नकदी वृक्षों की कुर्बानी और देश में सबसे महंगी प्रति यूनिट 6.75 रुपए के दर पर बिजली बिक्री किसके फायदे के लिए दे रहे हैं? साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा और नीतीश कुमार ने चुनावी चंदा के लालच में 1 रुपए प्रतिवर्ष के दर पर 33 वर्षों के लिए 1200 एकड़ की कृषि योग्य जमीन अदाणी को सौंप दे रही है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने किसानों की हकमारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सरकार किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दे रही है और भयाक्रांत कर जमीन हड़प रही है। उन्होंने 2013 के यूपीए शासन काल के दौरान बनाए गए जमीन अधिग्रहण कानून के अनुसार सर्किल रेट से चार गुणा मुआवजा किसानों को देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार पांच वर्षों तक यदि अधिग्रहित जमीन का इस्तेमाल नहीं होने पर उन्हें भू स्वामियों को वापस करने का भी प्रावधान है और उन्हें नए रेट से मुआवजा देने का प्रावधान है। सरकारी कंपनियों के रहने के बावजूद प्राइवेट अदाणी पावर को जमीन देना सरकार की मंशा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है कि आखिर एनटीपीसी जैसे कंपनियों को प्रोत्साहित न करके प्राइवेट अदाणी पावर को यह जमीन क्यों और किसके इशारे पर आवंटित की जा रही है? ये सवाल अनुतरित है। बिहार कांग्रेस इसकी जांच की मांग करता है और साथ ही यह मांग करती है कि प्रभावित किसानों के साथ साथ उक्त संयंत्र में स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता के आधार पर बहाली की जाएं ताकि बिहार के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सकें। संवाददाता सम्मेलन का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय ने किया। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ई ज्ञान रंजन गुप्ता, असित नाथ तिवारी, सौरभ सिंहा, राजीव मेहता, शशि रंजन यादव, शशांक शेखर सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# कम लागत और उच्च लाभ वाली मशरूम की खेती को प्रोत्साहन : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मशरूम की खेती आज बिहार में एक महत्वपूर्ण कृषि गतिविधि के रूप में तेजी से उभर रही है। मशरूम उत्पादन के लिए कम भूमि की आवश्यकता होती है और इसके उच्च पोषण एवं आर्थिक मूल्य के कारण यह लघु एवं सीमांत किसानों, महिलाओं तथा ग्रामीण युवाओं के लिए आय बढ़ाने का सशक्त साधन बन गया है। राज्य सरकार ने मशरूम उत्पादन, कम्पोस्ट उत्पादन तथा स्पॉन उत्पादन इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं जिससे बिहार देश के अग्रणी मशरूम उत्पादक राज्यों में अपनी स्थिति बनाए रख सके। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मशरूम उत्पादन मुख्यतः जैविक कृषि-आधारित है और यह जलवायु-नियंत्रित प्रक्रिया है जो वाणिज्यिक उद्योग के बजाय बागवानी गतिविधि से निकटता से जुड़ी है। किसानों ने सरकार के समक्ष बिजली पर वाणिज्यिक दरों के बोझ को कम करने और इसे कृषि श्रेणी में लाने की मांग की थी। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में राज्य में मशरूम उत्पादन इकाइयों, कम्पोस्ट इकाइयों और स्पॉन इकाइयों को वाणिज्यिक बिजली कनेक्शन के अंतर्गत रखा गया था। इस कारण किसानों को लागत अधिक और लाभ कम प्राप्त हो रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब मशरूम उत्पादन से जुड़ी इकाइयों को कृषि बिजली कनेक्शन का लाभ मिलेगा। इससे बिजली दरों में कमी आएगी, उत्पादन लागत घटेगी और किसानों को अधिक मुनाफा प्राप्त होगा।

# समाज और पर्यावरण के संरक्षण के लिए स्वच्छता आवश्यक : डा. नीतू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना नगर निगम, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में गांधी घाट पर आयोजित स्वच्छता टॉक कार्यक्रम में निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के महत्व और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. नवगीत ने बताया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज और पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गंदगी और कचरे में रोगजनक जीवाणु पनपते हैं जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वच्छ शहर में जल और वायु प्रदूषण कम होता है, पर्यावरण संरक्षित रहता है और जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होता है। इसके अलावा स्वच्छता आदतों से शहरवासियों की जीवनशैली में सुधार आता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम में लोकगीतों के माध्यम से भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर आयुक्त अनिमेष पराशर के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम की योजना और रूपरेखा तैयार की गई। स्वच्छता अभियान में गृहिणी ज्योति कुमारी ने भाग लेकर गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूजा के सामान और अन्य कचरे को गंगा में नहीं फेंकना चाहिए क्योंकि गंगा जीवनदायिनी हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया। लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत के साथ कैशियो पर आनंद कुमार, ढोलक पर अमरनाथ और पैड पर अभिषेक कुमार ने संगत दी। वहीं राजेश केशरी ने स्वच्छता गीत प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से नगर निगम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ शहर है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें और प्रदूषण-मुक्त वातावरण की दिशा में योगदान दें।

# एचडीएफसी बैंक ने किया सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर वर्चुअल सत्र आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया जिसका उद्देश्य पूरे भारत के स्कूलों और कॉलेजों के 1,000 से ज्यादा शिक्षकों को जागरूक करना था। इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सतर्क रहने और साइबर स्कैमर्स से खुद को बचाने में मदद करना था। इस सत्र में प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद करने के लिए वास्तविक जीवन से संबंधित उदाहरण, कहानियां और वीडियो आदि का उपयोग किया गया। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता सत्र और कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। इस सत्र पर टिप्पणी करते हुए एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल) मनीष अग्रवाल ने कहा जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन सत्रों का उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए सही ज्ञान से लैस करना है।

# इनर ह्वील क्लब आफ पाटलिपुत्र ने किया नवरात्रि डांडिया रास का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के मैत्री ग्रुप द्वारा नवरात्रि के अवसर पर 'नवरात्रि डांडिया रास' कार्यक्रम का आयोजन पटना के एक होटल में किया गया। मां दुर्गा जो शक्ति की प्रतीक हैं के आगमन उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मां दुर्गा के गुणगान में कई नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पीडीसी श्वेता सिन्हा, पीपी संध्या अग्रवाल, पीपी कंचन रॉय, पीपी निशा विद्यार्थी, उपाध्यक्ष अपर्णा भारती, सेक्रेटरी नीलांजना भट्टाचार्या, एडिटर रेखा सिंह, पीपी किरण शिरोमणि, पुष्पा प्रकाश, शिखा सिंह, सुनीता रॉय, सुनीला रॉय, निशा पोद्दार, अनीता कुमार, शालिनी पंसारी सहित कई सदस्य शामिल रहीं। कार्यक्रम में मेहंदी, डांडिया एवं फलाहारी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हाउजी का खेल भी आकर्षण का केंद्र रहा। क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए तैयारी कर रही एक जरूरतमंद छात्रा को 10,000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान कराया।

# रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की वार्षिक आम सभा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के फ्रेजर रोड स्थित सम्राट होटल में बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफ़ेयर ऑर्गेनाइजेशन (बिहार राज्य) की वार्षिक आम सभा आज यानी शनिवार को होगी। इसमें राज्य के सभी पाँच अंचल पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया और सिवान के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महासचिव उमेश तिवारी ने बताया कि सभा को राज्य नेतृत्व के अलावा संगठन के दिल्ली एवं पुणे से आए अखिल भारतीय नेतृत्व और प्रबंधन वर्ग के लोग संबोधित करेंगे। सभा में पेंशन अपडेशन, सेवा निवृत्ति सुविधाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्ता में शामिल करना, स्वास्थ्य बीमा पर घटी जीएसटी दरों का लाभ वरिष्ठ नागरिकों के ग्रुप बीमा पॉलिसी पर भी देना, स्पेशल पे पर सेवा निवृत्ति लाभ देना जैसी मुख्य मांगों पर चर्चा और आगे के संघर्ष पर विचार विमर्श किया जायेगा।

# बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन ने किया डांडिया नाइट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की वंदना एवं मुख्य अतिथि बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया की धुन पर देर रात तक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया। समारोह के दौरान पारंपरिक परिधानों में आई महिलाओं ने विशेष आकर्षण बटोरा। इसके बाद संस्था की महिलाओं द्वारा धनुची नृत्य, ग्रुप डांस, गुजराती डांडिया गाने जैसे धोलिदा ढोल बाजे, धोलिदा धम धम धमक बाजे, आरती उतारू मेरी मां, रमती आवे मारी रमती आवे, नगाड़े संग ढोल बाजे, जोगारा तारा जैसे गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की अध्यक्ष नीलू कुमारी, सचिव राखी माथुर तथा कोषाध्यक्ष छाया दर्द की अहम भूमिका रही। जबकि अन्य महिलाएं मोनिका भारती, पुष्पा ललित, कविता, सुनीता, मंजू रानी, प्रीति सिन्हा, अनीता मेहता, निहारिका वर्मा, सुष्मा, खुशबु, स्वाति, विशाखा ने भी बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।

# 26 सितंबर से राजगीर से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के मध्य प्रतिदिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 13201/13202 पटना-लोकमान्य तिलक- पटना एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहार शरीफ से जबलपुर, भुसावल एवं मुंबई जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परिचालन विस्तार राजगीर एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 26.09.2025 से प्रभावी होगा।

# ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन ने किया वृक्षारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** महान समाज सुधारक एवं दूरदर्शी शिक्षा विचारक सर सैयद अहमद खान की विरासत और मिशन को आगे बढ़ाते हुए ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना ने ऐतिहासिक मोहम्मडन एंग्लो-अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटना सिटी में वृक्षारोपण अभियान एवं करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. गौरव कुमार, डिप्टी सुपरिटेंडेंट, पटना सिटी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि शैक्षिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

ऐसे प्रयास समुदाय, छात्र और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसमें एजाज हुसैन, अनवर हुसैन, ताजदार अमन, डॉ. मंजर और मुशीर आलम ने सहभागिता की। वहीं करियर काउंसलिंग सत्र (कक्षा 11वीं एवं 12वीं) को करियर गुरु ताजदार अमन ने विद्यार्थियों को शैक्षिक अवसरों, करियर योजना एवं कौशल विकास के विषय में मार्गदर्शन दिया जबकि प्रेरक सत्र (कक्षा 9वीं एवं 10वीं) में एजाज हुसैन ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी विचार साझा किए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सैयद मुफ्फर रजा ने कहा कि हम ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे संस्थान को इस नेक पहल के लिए चुना। वृक्षारोपण और काउंसलिंग सत्र हमारे विद्यार्थियों पर स्थायी प्रभाव डालेगा। वहीं एसोसिएशन के महासचिव मुशीर आलम ने कहा कि कार्यक्रम हमारी नई पीढ़ी को सर सैयद के आधुनिक शिक्षा और नैतिक जिम्मेदारी के दृष्टिकोण से जोड़ने का एक छोटा सा प्रयास है। केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और पर्यावरण जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। एसोसिएशन भविष्य में भी ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन एजाज हुसैन ने किया।

# 315 करोड़ की लागत से समस्तीपुर मंडल में ओवर ब्रिज के निर्माण की मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आम लोगों की सुविधा एवं ट्रेनों के संरक्षित परिचालन के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में 03 लेवल क्रासिंग के बदले रुपये 315 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है -रुसेरा घाट रेलवे स्टेशन के समीप किमी 56/9-57/0 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 17 के स्थान पर 103.42 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।पूर्णिया कोर्ट एवं पूर्णिया रेलवे स्टेशन के मध्य किमी 2/7-8 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 03 के स्थान पर 109.75 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। सलौना रेलवे स्टेशन के समीप किमी 24/5-6 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 6बी के स्थान पर 101.81 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

## संपाकीय

# दशकों बाद ऐसी तबाही, अपनी गलतियों के लिए प्रकृति पर नहीं उतारें गुस्सा

मानसून अभी लौट ही रहा था कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से तबाही मच गई। इस मौसम में कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने सैकड़ों नागरिकों का जीवन तो बेहाल किया ही, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। कई लोगों की जान चली गईं। फसलों का भी नुकसान हुआ। दशकों बाद पंजाब ने सबसे बुरा दौर देखा। कोई दोराय नहीं कि जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव भारत में भी दिखने लगा है। ऋतु चक्र बिगड़ने से अधिक गर्मी पड़ने के साथ अब बेतहाशा बारिश भी होने लगी है। इस बार उत्तराखंड में 1,343.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जो कि सामान्य से बाईस फीसद अधिक है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में 1,010.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह सामान्य से छियालीस फीसद अधिक रही। भारतीय मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के लगातार सक्रिय रहने को इस अतिरिक्त बारिश का कारण बताया है। मगर इस विक्षोभ की निरतंरता को समझने की जरूरत है। हालांकि, मध्य भारत में भी इस बार सामान्य से दस फीसद अधिक बारिश हुई है, लेकिन हिमालयी राज्यों में अधिक बारिश क्या प्रकृति की चेतावनी है, जिसकी हम लगातार उपेक्षा करते आए हैं। मौसम का मिजाज बिगड़ने की सबसे बड़ी वजह यह है कि मनुष्य प्रकृति को संरक्षित करने के बजाय उसे लगातार क्षति पहुंचा रहा है। अपनी सुविधा के लिए पहाड़ों को लगातार छलनी किया जा रहा है। शहरों से पर्यटन के लिए जाने वाले लोगों के लिए वहां एक के बाद एक निर्माण से भी स्थितियां गंभीर हुई हैं। रही-सही कसर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पूरी कर दी है। नतीजा पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि भारी बारिश और बादल फटने पर वे खुद को संभाल नहीं पाते और फिर भयावह मंजर सामने आता है। मैदानों के रिहाइशी इलाके तो उजड़ते ही हैं, राजमार्ग तक बह जाते हैं। हम भले ही विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, मगर अब इसकी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। ऐसे में प्रकृति के संरक्षण के लिए एक सीमा रेखा तो खींचनी ही होगी। नतीजतन, समाज से लेकर सरकार तक की बहुस्तरीय लापरवाही के शिकार हमारे मासूम हो रहे हैं।

# मोदी- सेवा प्रथम भाव से ओतप्रोत नेतृत्व

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनमानस पर प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक है। उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक कौशल कई मायनों में अद्वितीय हैं। वह एक प्रभावी वक्ता हैं जो अपने शब्दों से लोगों को प्रभावित करते हैं। वह एक कुशल राजनीतिक रणनीतिकार हैं। जनता के व्यापक समर्थन से प्रधानमंत्री ने भारत में आर्थिक सुधार के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं जिनमें जीएसटी और नोटबंदी प्रमुख है। इन आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद की है। जनता में उनके समर्थन और उनके प्रति अनुसरण के भाव को स्वच्छ भारत अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में देखा जा सकता है जिन पर पूरे देश में उन्हें जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।मन की बात में गाँव के किसी साधारण श्रमिक की कहानी या कोविड-19 में फ्रंटलाइन वर्कर्स का अभिनंदन कर उन्होंने यह दिखाया कि हर योगदान मायने रखता है।**

**(शिवप्रकाश)**

नरेन्द्र मोदी के जीवन की कहानी संघर्ष और समर्पण की एक प्रेरणादायक गाथा है। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और विराट व्यक्तित्व से भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता बनाया है।?

अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय तनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण नेतृत्व में भारत की विकास गाथा को देख पूरी दुनिया के रणनीतिकार न केवल आश्चर्यचकित हैं बल्कि आशावान? भी है कि भविष्य में वैश्विक संकटों का समाधान भी भारत भूमि से ही प्रकट होगा। शांति काल, युद्ध काल या आपदा काल में समभाव बनाए रखते हुए जिस प्रकार से अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने सटीक तथा लक्षित रणनीति के साथ समाधान प्रस्तुत किये हैं, उसने वैश्विक स्तर पर भरोसा और दृढ़ किया है। नरेन्द्र मोदी के जीवन की कहानी संघर्ष और समर्पण की एक प्रेरणादायक गाथा है। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और विराट व्यक्तित्व से भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता बनाया है।? वह एक मजबूत नेता हैं जो अपने निर्णयों पर अडिग रहते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत और विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बनाया है। प्रधानमंत्री एक दूरदर्शी नेता हैं जो भारत के भविष्य को लेकर आशान्वित हैं। मेक इन इंडिया जैसी अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की उन्होंने शुरुआत की है। जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करेंगी। जनता से मिले व्यापक समर्थन, लोकप्रियता और उनके व्यक्तित्व के अद्भुत प्रभाव ने उन्हें एक दृढ़ निश्चयी नेता बनाया है जो कठोरतम निर्णयों को भी सहज भाव में लागू करने में सक्षम हैं। नरेन्द्र मोदी का विराट व्यक्तित्व उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है और उन्हें पार किया है, जो उनकी मजबूत इच्छाशक्ति और संकल्प को दर्शाता है। नरेन्द्र मोदी जी का आरंभिक जीवन गुजरात के एक छोटे से शहर वडनगर में बीता। पिता दामोदर दास मूलचंद मोदी और माता हीराबेन के परिवार में 17 सितंबर 1950 को उनका जन्म हुआ। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और पिता चाय की एक दुकान चलाते थे। अपनी स्कूली शिक्षा वडनगर में पूरी की और बाद में उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए और उन्होंने संघ के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। नरेन्द्र मोदी जी का पूरा जीवन निस्वार्थ सेवा भाव में ही गुजरा है और आज भी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शीर्ष पद पर विराजमान होने के बावजूद उनका यह भाव जीवंत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनमानस पर प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक है। उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक कौशल कई मायनों में अद्वितीय हैं। वह एक प्रभावी वक्ता हैं जो अपने शब्दों से लोगों को प्रभावित करते हैं। वह एक कुशल राजनीतिक रणनीतिकार हैं



। जनता के व्यापक समर्थन से प्रधानमंत्री ने भारत में आर्थिक सुधार के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं जिनमें जीएसटी और नोटबंदी प्रमुख है। इन आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद की है। जनता में उनके समर्थन और उनके प्रति अनुसरण के भाव को स्वच्छ भारत अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में देखा जा सकता है जिन पर पूरे देश में उन्हें जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।मन की बात में गाँव के किसी साधारण श्रमिक की कहानी या कोविड-19 में फ्रंटलाइन वर्कर्स का अभिनंदन कर उन्होंने यह दिखाया कि हर योगदान मायने रखता है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने केवल प्रशासनिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि भारतीय मन की गहराई को समझते हुए जनता का मनोबल बनाए रखा। जब भय और असुरक्षा का वातावरण था, तब उन्होंने सरल प्रतीकों और सांस्कृतिक जुड़ावों के माध्यम से लोगों में सामूहिक ऊर्जा जगाई। थाली और ताली बजाने का आह्वान इस बात का उदाहरण था कि उन्होंने भारतीय समाज की उस प्रवृत्ति को पहचाना जहाँ किसी उत्सव या चुनौती में ध्वनि और प्रतीकात्मक कर्मकांड से एकता और संकल्प का संदेश मिलता है। यह ठीक वैसा ही था जैसा महात्मा गांधी ने चरखे को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनाया था–साधारण कर्म से गहरा संदेश। वोकल फॉर लोकल जैसी पहल, हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर ले जाना और राज्य स्तरीय अनेक पहल को केंद्र की योजनाओं से जोड़ना इस सोच का उदाहरण हैं।

विश्व में वह एक मजबूत नेता के तौर पर उभरे हैं। राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने जिस तरह के अमेरिकी टैरिफ मसले पर रणनीति अपनाई है उसने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि भारत राष्ट्र हितों पर किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। विभिन्न देशों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रधानमंत्री के पास एक अद्वितीय कौशल है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा था कि उन्हें लगता है कि मोदी 24 घंटे देश के लिए काम करते हैं। यह कथन उनकी असाधारण कार्यक्षमता और समर्पण को दर्शाता है। उनकी विदेश नीति और कूटनीतिक प्रयासों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और जी- 20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने आर्थिक कूटनीति पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे देश के व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। उन्होंने सांस्कृतिक कूटनीति का उपयोग करके विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। इसके अंतर्गत योग और आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है।

उम्र के सातवें दशक में होने के बावजूद वह टेक्नोलॉजी के मामले में आज के युवा की बराबरी करते हैं। नवाचारों पर उनका भरोसा है और उसे प्रोत्साहित करते हैं। यही वजह है कि एक दशक के उनके कार्यकाल में भारत विश्व में सबसे अधिक स्टार्ट अप्स वाला देश बन गया है। संभवतः वह विश्व के एकमात्र नेता हैं जो सीधे जनता से संवाद करने में विश्वास रखते हैं। आकाशवाणी पर उनके मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' और विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' इसका सफल उदाहरण हैं। इन दोनों कार्यक्रमों का जनमानस पर व्यापक स्तर पर प्रभाव पड़ा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया' और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'ड्रोन दीदी' जैसी पहल जमीनी स्तर पर बदलाव लाने की इच्छा को दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, 'नमो ऐप' के माध्यम से जनता को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ने और भारतीय डायस्पोरा को देश के विकास का हिस्सा बनाकर उन्होंने भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है।

गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित मानस में राजा जनक के चरित्र का वर्णन करते हुए कहते हैं अतुलित धन्य्य सिय राम के जाई। राजसभा बिनु सवद सुहाई। अर्थात राजा जनक राजा होते हुए भी एक संन्यासी की तरह जीवन जीते थे, और सांसारिक सुख-सुविधाओं की बजाय ज्ञान और वैराग्य को महत्व देते थे। लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में कठोर परिश्रम के सम्बन्ध में प्रश्न पूछने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'संतोष हमेशा देने के भाव की कोख से पैदा होता है।' प्रधानमंत्री श्री मोदी इसी कर्मयोगी भाव के जीते जागते उदाहरण हैं। गुजरात का मुख्यमंत्री होने के समय से ही वह एक अनुशासित और सरल जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी श्री नरेन्द्र मोदी का जीवन अनुशासित और सरल रहा है। वह नियमित रूप से योग और ध्यान करते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हैं। वह आध्यात्मिकता में विश्वास करते हैं। वह स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जैसे आध्यात्मिक नेताओं से प्रेरणा लेते हैं। उनका संन्यासी भाव उनके जीवन और कार्य में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संस्कृति के अनन्य पुजारी हैं। वह भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं।? वह अक्सर अपने भाषणों में भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हैं। वह कला भी को बढ़ावा देते हैं और कलाकारों और संस्कृतिकर्मियों को प्रोत्साहित करते हैं। समय ङ्क समय पर वाद्य यंत्रों का वादन जैसे असम का सारिंदा, महाराष्ट्र में बंजारा संस्कृति से जुड़ा ढोल जैसा वाद्य यंत्र नांगरा, आदिवासी कलाकारों के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र और उत्तराखंड के स्थानीय कलाकारों के साथ एक पारंपरिक वाद्य यंत्र उनकी संगीत के प्रति अभिरुचि को प्रकट करता है।

# विटामिन डी की कमी से बच्चों को रिकेट्स का खतरा

### ग्रोथ संग दिमाग भी हो सकता है कमजोर

**(अनन्या)**

अगर बच्चों की ग्रोथ की बात की जाए, तो कुछ लोगों का मानना है कि इसमें विटामिन डी अहम योगदान निभाता है। ऐसे में हर पेरेंट्स को इस बात का जवाब पता होना चाहिए। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई में विटामिन डी की कमी से बच्चों की ग्रोथ पर निगेटिव असर पड़ सकता है। विटामिन डी बच्चों के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। ऐसा इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि इस विटामिन की मदद से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती हैं और उनकी लंबाई भी बेहतर होती है। हालांकि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि कई सारे फैक्टर्स पर हाइट निर्भर करती है। इसमें बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी और जेनेटिक्स भी मैटर करते हैं। अगर बच्चों की ग्रोथ की बात की जाए, तो कुछ लोगों का मानना है कि इसमें विटामिन डी अहम योगदान निभाता है। ऐसे में हर पेरेंट्स को इस बात का जवाब पता होना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई में विटामिन डी की कमी से बच्चों की ग्रोथ पर निगेटिव असर पड़ सकता है।



**विटामिन डी की कमी से प्रभावित हो सकती है बच्चों की ग्रोथ–** बता दें कि बच्चों की ग्रोथ के लिए विटामिन डी बहुत जरूरी पोषक तत्व है। लेकिन डाइट की सहायता से विटामिन डी की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। विटामिन डी के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को बाहर धूप में खेलने के लिए जरूर मोटिवेट करें। धूप विटामिन डी का एकमात्र स्त्रोत माना जाता है।

**रिकेट्स का खतरा–** जब बच्चे पर्याप्त विटामिन डी नहीं लेते हैं, तो इसके कारण बच्चे की ग्रोथ बाधित होती है। डॉक्टर इस बात की पुष्टि करते हुए बताते हैं कि विटामिन डी की कमी होने पर बच्चों को रिकेट्स हो जाता है। यह एक ऐसी कंडीशन है, जिसमें हड्डियां कमजोर और सॉफ्ट हो जाती हैं, जिस कारण पैर मुड़ सकते हैं और बच्चों को चलने में समस्या हो सकती है।

- **इंपेयर हाइट ग्रोथ–** एक्सपर्ट की मानें, तो जब बच्चों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिल पाता है, तो बच्चों में इंपेयर हाइट ग्रोथ का खतरा बढ़ जाता है। असल, में विटामिन डी की कमी होने पर बच्चे को शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाने की वजह से कैल्शियम का भी अवशोषण नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में बच्चों की हाइट ग्रोथ भी प्रभावित होती है।
- **मोटर डेवेलपमेंट–** एक हेल्थ रिपोर्ट के मुताबिक जब बच्चों को ग्रोइंग एज में पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिलता है, तो ऐसे में उनका मोटर डेवेलपमेंट प्रभावित हो सकता है। इसका मतलब यह है कि बच्चे के मसल्स ग्रुप मूवमेंट सीखने की जो गति है, वह धीमी हो जाती है, यह बच्चे के लिए सही नहीं माना जाता है।

# क्या भारत की 'घर में घुसकर मारने' की नीति पर असर डालेगा सऊदी-पाक करार?

**यहां यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा करार तो कर लिया है लेकिन सऊदी अरब की सैन्य ताकत भारतीय सेना के सामने कितनी प्रभावी है। हम आपको बता दें कि भारत की सेना वर्तमान में लगभग 1.45 मिलियन सक्रिय और 2.1 मिलियन आरक्षित सैनिकों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है। इसमें थलसेना, नौसेना, वायुसेना और विशेष बल शामिल हैं। इसके विपरीत, सऊदी अरब की सेना 2.5.2.6 लाख सक्रिय सैनिकों और कुछ हजार आरक्षित बलों पर आधारित है। स्पष्ट है कि केवल संख्या के हिसाब से भी भारतीय सेना कई गुना बड़ी और विविधीकृत है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

भारतीय थलसेना के पास टी-90 और अर्जुन टैंकों जैसी आधुनिक सामरिक क्षमताएं हैं और यह भारी आर्टिलरी और अनुभवी पैदल सेना से लैस है। दूसरी ओर, सऊदी सेना आधुनिक हथियारों के बावजूद अपने युद्ध अनुभव में सीमित है।

पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा करार कर लिया है इससे पाकिस्तान यह सोच रहा होगा कि अब किसी आतंकी वारदात के बाद भारत उसे घर में घुस कर मार नहीं पायेगा। यदि ऐसा है तो पाकिस्तान की यह सोच गलत है कि क्योंकि भारत कह चुका है कि हमले का बदला घर में घुस कर लिया जायेगा और यही अब 'न्यू नॉर्मल' है। देखा जाये तो ऑपरेशन सिंदूर से पहले भारत को पता था कि पाकिस्तान को बचाने के लिए उसके दोस्त चीन और तुर्की आयेंगे लेकिन फिर भी भारत ने घर में घुस कर मारा। इसी तरह बालाकोट एअर स्ट्राइक से पहले भारत को पता था कि पाकिस्तान को बचाने के लिए चीन पीछे से उसका साथ देगा फिर भी भारत ने घर में घुस कर मारा। इसी प्रकार, भारत को सर्जिकल स्ट्राइक से पहले पता था कि पाकिस्तान को बचाने के लिए आतंकवादी संगठन और उसके आका तथा चीन सामने आयेंगे लेकिन भारत ने फिर भी घर में घुस कर मारा। इसलिए पाकिस्तान चाहे सऊदी अरब से रक्षा संबंध बना ले या फिर दुनिया की किसी भी दूसरी शक्ति से रक्षा करार कर ले, भारत की नीति स्पष्ट है कि यदि उसके खिलाफ कोई हमला हुआ तो हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए घर में घुस कर बदला लेंगे चाहे सामने एक दुश्मन हो या दुश्मन के एक दर्जन साथी भी साथ हों।

भारत और सऊदी अरब की सैन्य शक्ति

यहां यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा करार तो कर लिया है लेकिन सऊदी अरब की सैन्य ताकत भारतीय सेना




के सामने कितनी प्रभावी है। हम आपको बता दें कि भारत की सेना वर्तमान में लगभग 1.45 मिलियन सक्रिय और 2.1 मिलियन आरक्षित सैनिकों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है। इसमें थलसेना, नौसेना, वायुसेना और विशेष बल शामिल हैं। इसके विपरीत, सऊदी अरब की सेना 2.5.2.6 लाख सक्रिय सैनिकों और कुछ हजार आरक्षित बलों पर आधारित है। स्पष्ट है कि केवल संख्या के हिसाब से भी भारतीय सेना कई गुना बड़ी और विविधीकृत है। इसके अलावा, भारतीय थलसेना के पास ञ्ज-90 और अर्जुन टैंकों जैसी आधुनिक सामरिक क्षमताएं हैं और यह भारी आर्टिलरी और अनुभवी पैदल सेना से लैस है। दूसरी ओर, सऊदी सेना आधुनिक हथियारों के बावजूद अपने युद्ध अनुभव में सीमित है। यमन के संघर्षों ने इसे पूरी तरह उजागर किया है कि केवल हथियारों की मौजूदगी किसी सैन्य ताकत को अजेय नहीं बनाती।

इसके अलावा, भारतीय वायुसेना लगभग 750 लड़ाकू विमानों के साथ क्षेत्रीय श्रेष्ठता रखती है, जिसमें एसयू-30एमकेआई, मिराज 2000, राफेल और हल्के एलसीए तेजस शामिल हैं। इसके मुकाबले, सऊदी वायुसेना में 300-350 लड़ाकू विमान हैं, जो आधुनिक तो हैं, पर संचालन क्षमता में विदेशी विशेषज्ञता पर निर्भर हैं। वहीं, भारतीय नौसेना अपने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, 150+ जहाजों और रणनीतिक पनडुब्बियों के साथ, सऊदी नौसेना की तुलना में क्षेत्रीय समुद्री नियंत्रण में कहीं अधिक सक्षम है।

इसके अलावा, भारतीय सेना स्वदेशी रक्षा तकनीक, परमाणु तंत्र, बैलिस्टिक मिसाइल और साइबर क्षमता में आत्मनिर्भर है। इसके विपरीत, सऊदी अरब भारी निवेश के बावजूद विदेशी तकनीक पर निर्भर है। इसके एंटी-मिसाइल सिस्टम और आधुनिक विमान उतने प्रभावी नहीं हैं, जितना कि उनके बजट से प्रतीत होता है। सऊदी अरब ने पेट्राइट और थाड जैसी प्रणालियाँ तैनात की हैं जो बैलिस्टिक मिसाइल और क्रूज़ मिसाइल खतरों से सुरक्षा देती हैं। फिर भी यमन के हौथी विद्रोहियों द्वारा ड्रोन और मिसाइल हमलों ने यह साबित किया कि यह कवच पूरी तरह अभेद्य नहीं है।

देखा जाये तो असली ताकत का निर्धारण केवल हथियार और बजट से नहीं होता। भारत ने कई युद्धों और हाल के सीमाई तनावों में वास्तविक अनुभव और रणनीतिक समझ का परिचय दिया है। सऊदी अरब के पास यह अनुभव ही नहीं है। भारत के पास रणनीतिक स्वतंत्रता और निर्णायक क्षमता है, जबकि सऊदी अरब को लंबी लड़ाइयों में विदेशी समर्थन की आवश्यकता पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नीति आयोग के सूचकों पर समीक्षा, पिछड़े विभागों में सुधार का निर्देश

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में नीति आयोग के तयशुदा सूचकांकों पर जिले की प्रगति और उपलब्धियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न सूचकों की प्रगति पर चर्चा की गई और पिछड़े हुए क्षेत्रों में विभागों को गंभीरता से काम करने तथा आपसी समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए गए।बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम से जुड़े चार सूचकांकों और स्वास्थ्य व कौशल विकास के दो-दो विंग में धीमी प्रगति पर चिंता जताई गई। नीति आयोग की नाराजगी को देखते हुए डीडीसी ने संबंधित विभागों को लक्ष्य हासिल करने के लिए ठोस कदम उठाने का आदेश दिया। एबीपी सूचकांक के आठ बिंदुओं में धीमी प्रगति सामने आने पर इन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देश दिया गया। मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जुगसलाई में सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जुगसलाई में सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम अभियान के तहत कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान के नेतृत्व में नगर परिषद के पार्क में पौधा रोपण किया गया। जिसमें अमरूद, आंवला, जामुन, नींबू, लीची आदि के पौधे हैं। लोगों ने स्लोगन दिया कि, सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम। इस दौरान लोगों को अपने नाम शहर में एक पेड़ लगाने का सुझाव दिया गया है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कठिन एवं गंदे स्थलों की पहचान एवं समयबद्ध सफाई, प्रतिज्ञान, संस्थान एवं अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में सामान्य स्वच्छता अभियान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच एवं कल्याणकारी कार्यक्रम, पर्यावरण अनुकूलन, शून्य अपशिष्ट उत्सव का आयोजन और अपशिष्ट से कलाकृति बनाने पर जोर दिया गया।

### आरपीएफ ने रेलवे एक्ट में 12 लोगों को पकड़ा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ ने ट्रेन की गेट पर बैठकर यात्रा और महिला व दिव्यांग बोगी पर चढ़ने के कारण 12 लोगों को पकड़ा है, जो रेलवे अदालत से जुमार्ना देकर रिहा हो गए। खानपान विभाग के अनुसार, अवैध हॉकर के खिलाफ लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में अभियान 27 सितंबर तक चलेगा। यात्रियों को बेहतर खानपान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे में यह अभियान शुरू हुआ है। दूसरी ओर, स्वच्छता अभियान को लेकर भी जांच हो रही है।

### विधवा का यौन शोषण करने का आरोपित गिरफ्तार

**कामडारा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कामडारा प्रखंड की एक विधवा महिला के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को कामडारा पुलिस ने गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर राम पिता शामू राम, थाना कोनबीर भागीडेरा थाना बसिया जिला गुमला का निवासी है।घटना के संबंध में थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से दोनों की दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपी ने विवाह का वादा कर महिला के साथ करीब तीन वर्षों तक संबंध बनाए रखा। जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। इस पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया।

### टाटानगर के नए रेल एसपी बने अजीत कुमार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईपीएस अजीत कुमार को जमशेदपुर रेल एसपी बनाया गया है। अजीत कुमार इससे पूर्व रांची सिटी एसपी एवं धनबाद में सिटी एसपी थे। जहां कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसा। माना जाता है कि, एक-दो दिनों में वे प्रभारी रेल एसपी ऋषभ गर्ग से प्रभार लेंगे।

### राज्य स्तरीय रेड रिबन क्विज में सिमडेगा प्रथम

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्वास्थ्य निदेशालय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में जिल को पहला स्थान मिला है। इस प्रतियोगिता में जामताड़ा जिला को द्वितीय एवं रामगढ़ जिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा टीम में डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 11वीं कक्षा की छात्रा सौम्य स्तुति बाड़ा और छात्र श्वेत कुमार भारती शामिल हुए थे। उन्होंने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। मौके पर परियोजना निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा सहित कई अधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### नगर भवन में रोजगार मेला का आयोजन

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नियोजन विभाग के द्वारा शुक्रवार को नगर भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला में कई कंपनियों के द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा और कंपनी के मापदंड को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को हाथो हाथ ज्वाईनिंग लेटर भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित लोगों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### घाघरा में पांच हजार किसानों को सब्जी-सरसों की खेती से जोड़ा जायेगा

**घाघरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घाघरा वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी की चौथी वार्षिक आम सभा 2024-25 गुरुवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि सचिवालय के महेश कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।सभा में कम्पनी की निदेशक कुंती देवी ने बताया कि संगठन से जुड़कर महिलाएं पशुपालन, बागवानी और खेती कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। आने वाले समय में पांच हजार किसानों को टमाटर,मिर्च, मटर, तरबूज और सरसों जैसी फसलों की खेती से जोड़ा जाएगा।कंपनी द्वारा अब तक तेल मिल,हल्दी मिल और बादाम ग्रेडिंग मिल की शुरूआत की जा चुकी है। इसके अलावा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए दो केंद्र खोले गए हैं। जहां किसानों को खाद और दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महेश कुशवाहा ने महिला किसानों से बचत को प्राथमिकता देने और विभिन्न विभागों से जुड़कर काम करने की अपील की। मौके पर जोयदीप,अमीषा,कुमकुम,जितेंद्र,सुजीत, राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अक्षेस को चार सप्ताह में देना है नया हलफनामा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नक्शा विरुद्ध निर्माण और अतिक्रमण मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने जमशेदपुर अक्षेस को चार सप्ताह के भीतर एक नया हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया गया है। 17 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। प्रतिवादी-जेएनएसी को निर्देश दिया गया है कि वह अतिक्रमणकारियों और उन भवन स्वामियों के विरुद्ध उठाए गए कदमों के संबंध में आज से चार सप्ताह की अवधि के भीतर एक नया हलफनामा दाखिल करे, जिन्होंने अनधिकृत निर्माण किया है। हलफनामा सारणीबद्ध रूप में दाखिल किया जाए। इसके अतिरिक्त, जेएनएसी उन भवनों का विवरण भी प्रस्तुत करे, जिन्हें पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए जा चुके हैं और उन भवनों का विवरण भी, जिन्हें ये प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किए गए हैं और फिर भी उन्हें पानी और बिजली के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। और क्या जिन भवनों को पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किए गए हैं, वे वाणिज्यिक दरों/घरेलू दरों पर बिजली/पानी का शुल्क अदा कर रहे हैं, इसकी भी जानकारी मांगी है। अब इस मामले की सुनवाई 29 अक्तूबर को होगी।

### 172 शिविरों में हो रही है महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के तहत पूरे जिले में युद्ध स्तर पर शिविर लगाकर दस वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक की किशोरी एवं महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। बताया गया कि अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा और अभियान के निर्धारित उम्र की सभी किशोरी, युवती और महिलाओं का स्वास्थ्य जांच करने का लक्ष्य रखा गया है। गुरुवार को पूरे जिले में 172 शिविर लगाए गए थे। जहां महिलाओं की एनिमिया, बीपी, शुगर, सीकल सेल, प्रसव पुर्व जांच, टीबी, होमोग्लोबिन आदि की जांच की जा रही थी। दोपहर 12:30 के लगभग रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में लगे शिविर में 70 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया जा चुका था और दस से 15 महिलाएं बैठी हुई थी। शिविर में पर्याप्त मात्रा में कर्मी और जांच कीट नजर आया। वहीं सदर अस्पताल में दोपहर ढाई बजे तक 250 से ज्यादा महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया जा चुका था। शिविर में आई महिला मटिंडा बिलुंग, फुलमनी गोड़ ने कहा कि शिविर में अच्छी तरह से जांच की जा रही है। साथ ही साथ दवा भी मिल रही है। क्या कहते है सिविल सर्जन सीएस डॉ सुंदर मोहन सामद ने कहा कि अभियान को लेकर सभी प्रखंड के एमओआईसी को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# 'वारंग चिति' लिपि के जनक ओत गुरु कोल लाको बोदरा की 106वीं जयंती मनाई गई

**चक्रधरपुर में आदिवासी मित्र मंडल ने महापुरुष ओत गुरु कोल लाको बोदरा की 106वीं जयंती मनाई। उन्होंने 'हो' भाषा के लिए 'वारंग चिति' लिपि का आविष्कार किया, जिससे समुदाय को नई पहचान मिली।**



**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज आदिवासी मित्र मण्डल, चक्रधरपुर के प्रांगण में 'हो' भाषा को अपनी लिपि 'वारंग चिति' देने वाले महापुरुष, ओत गुरु कोल लाको बोदरा की 106वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और 'हो' समाज के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लाको बोदरा के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डाला। उनका जन्म 19 सितंबर 1919 को पश्चिमी सिंहभूम के खुटपानी प्रखंड स्थित पासेया गांव में लेबेया और जानो कुई बोदरा के एक साधारण और धार्मिक परिवार में हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालयों से पूरी करने के बाद उन्होंने चक्रधरपुर और चाईबासा से उच्च शिक्षा प्राप्त की। महान नेता जयपाल सिंह की मदद से वे आगे की पढ़ाई के लिए पंजाब के जालंधर भी गए। शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय रेलवे में क्लर्क के पद पर डांगुवापोसी में अपनी सेवा दी। इसी नौकरी के दौरान उन्होंने 'हो' भाषा के लिए 'वारंग चिति' लिपि का आविष्कार कर एक ऐतिहासिक कार्य किया, जिसने समुदाय को एक नई साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान दी। इस लिपि के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने श्री महाति बंडारा के सहयोग से झींकपानी के जोड़ापोखर में 'आदि समाज (डुपुब हुडा)' की स्थापना की, जहाँ आस-पास के गांवों के लोगों को इस लिपि में साक्षर बनाया जाता था। आज के इस जयंती समारोह में आदिवासी मित्र मण्डल, आदिवासी युवा मित्र मण्डल और महिला मित्र मण्डल के पदाधिकारी और सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी मित्र मण्डल के अध्यक्ष संजय केरकेट्टा, सचिव सुखराज सुरीन, कोषाध्यक्ष देवा मुर्मू; आदिवासी युवा मित्र मण्डल के अध्यक्ष अर्जुन मुण्डा, सचिव रबिन्द्र गिलुवा, सह सचिव मनीष बंदिया; महिला मित्र मण्डल की अध्यक्ष नितिमा जोंको, सचिव अंजीता लागुरी, कोषाध्यक्ष मधु डांगिल; तथा सलाहकार कालिया जामुदा, सोनाराम लोहादा, पी. सी. जामुदा, पंकज बाँकिरा, और रवि बाँकिरा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी ने लाको बोदरा के दिखाए मार्ग पर चलने और 'हो' भाषा, संस्कृति और लिपि को संरक्षित व संवर्धित करने का संकल्प लिया।

## लघु उद्योग भारती ने रेलमंत्री से की जयपुर तक ट्रेन मांग

**मशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लघु उद्योग भारती ने रेलमंत्री को जयपुर की ट्रेन चलाने के लिए पत्र भेजा है। टाटानगर में यह मांग कई वर्षों से लंबित है। राजस्थान में यहां से कई बच्चे पढ़ने के लिए जाते है उनको भी सुविधा हो जाएगी। लघु उद्योग भारती का राष्ट्रीय उद्यमी सम्मेलन 13, 14 व 15 सितंबर को हरियाणा क पानीपत के समालखा में संपन्न हुआ` इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी , विशिष्ट अतिथि श्री राव नरबीर सिंह जी, जो हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य मंत्री हैं` और और बहुत सारे विभाग बड़े अधिकारी शामिल हुए , इस सम्मेलन में पूरे भारतवर्ष से लगभग 1800 उद्यमियों ने हिस्सा लिया` विभिन्न उद्योगों के बारे में आपस में उद्यमियों ने चर्चा किया और अपनी जानकारी बधाई` इस राष्ट्रीय उद्यमी सम्मेलन में जिला सरायकेला खरसावां के टीम ओर प्रांतीय टीम ने बढ़चढ के हिस्सा लिया` इस सम्मेलन में शामिल हुए राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी श्री इंद्र कुमार अग्रवाल जी, प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़ , महामंत्री विनोद अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष सरोज कांत झा, अखिलेश्वर राय और सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष श्री विनोद शर्मा उपाध्यक्ष विकास चंद्र सचिव सैकत घोष , राकेश अग्रवाल पवन अग्रवाल और कृष्ण कुमार मिश्रा शामिल हुए` इस कार्यक्रम में रेलवे के बड़े अधिकारी से हमारी टीम की एक वार्ता हुई, हमारी टीम ने उन्हें एक ज्ञापन सोपा , जिस ज्ञापन में टाटानगर से जयपुर ट्रेन चलाने की मांग के संदर्भ चर्चा की गई है।

## हरी मिर्च रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक : डॉ. सुनील कुमार दूबे



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि हमारे किचेन में पाया जाने वाला साधारण मसाला हरी मिर्च के खाने के अनेक फायदे हैं। हरी मिर्च खाने से पाचन बेहतर होता है। मेटाबोलिज्म बढ़ता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। त्वचा और बालों में सुधार होता है। दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आँखों की रोशनी को बढ़ाती है एवं सर्दी-जुकाम से राहत दिलाती है। उन्होंने आगे कहा कि हरी मिर्च पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करती है, जिससे खाना जल्दी पचता है। कब्ज, गैस एवं अपच जैसी समस्याएँ कम होती हैं इसमें मौजूद कैप्साइसिन मेटाबोलिज्म को तेज करता है। जिससे वचन घटाने में मदद मिल सकती है। हरी मिर्च में प्रचुर मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है। जो रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत करता है। इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह कोलेस्ट्रॉल एवं ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करती है। जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि हरी मिर्च में पाया जाने वाला विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रिएंस त्वचा के स्वास्थ्य को सुधारते है और बालों की मजबूत बनाने में मदद करते हैं। हरी मिर्च में पाया जाने वाला कैप्साइसिन बलगम को पतला करता है और रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है। जो सर्दी-जुकाम के लक्षणों को कम करता है। हरी मिर्च में विटामिन "ए" पाया जाता है जो आँखों की रोशनी के लिए बेहद फायदेमंद है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि हालाँकि हरी मिर्च खाने के अनेक फायदे हैं। फिर भी हरी मिर्च सीमित मात्रा में खाना चाहिये। अधिक मात्रा में हरी मिर्च के सेवन से पेट में जलन एवं एसिडिटी पैदा हो सकती है। जिन्हें पेट में गैस, अल्सर या आँतों से जुड़ी पुरानी समस्याएँ है, उन्हें हरी मिर्च खाने से परहेज करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को भी हरी मिर्च कम खानी चाहिए ।

## विश्व की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है हिंदी : प्रमिला

**हजारीबाग के कोरा चौक पर हिंदी दिवस और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्राध्यापिका डॉक्टर प्रमिला कुमारी गुप्ता की अध्यक्षता में हिंदी भाषा की महत्ता पर चर्चा हुई।**

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग कोरा चौक स्थित झारखंड जन संस्कृति मंच हजारीबाग का हिंदी दिवस सह कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। चार घंटे चले इस आयोजन की अध्यक्षता प्राध्यापिका सह कवयित्री डॉक्टर प्रमिला कुमारी गुप्ता ने की। जबकि समारोह के मुख्य अतिथि पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा व विशिष्ट अतिथि आशु कवि संजय मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम शिक्षक व कवि विजय कुमार राणा ने कहा कि भारतेंदु जी ने हिंदी पर बहुत अधिक कार्य किया जिसके कारण उन्हें हिंदी साहित्य का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा की गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्राध्यापिका सह कवयित्री प्रमिला गुप्ता ने हिंदी साहित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है। मुख्य तीन भाषा अंग्रेजी मंडारिन एवं हिंदी है । लेकिन हिंदी का स्थान सर्वोच्च है । उन्होंने कहा कि हिंदी जन जन की भाषा है और उत्तरोत्तर हिंदी समृद्ध हो रही है ।हमें परिवार से लेकर बाहर तक हिंदी में ही बात व्यवहार एवं सभी कार्य करने चाहिए।आशु कवि संजय हजारीबाग ने कहा कि देश दुनिया में हिंदी को सबसे समृद्ध एवं प्रचलित भाषा है।डॉक्टर रमेश शर्मा ने कहा की हिंदी हमारी मिट्टी से जुड़ी है और हिंदी से जुड़ा है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा ने हिंदी भाषा पर विस्तार से वक्तव्य दिया। दूसरे सत्र के कवि सम्मेलन की शुरूआत में प्रमिला कुमारी गुप्ता ने अपनी हिंदी पर कविता आंचल लहराती मंदारी अंग्रेजी सबको पछाड़ती पूरी दुनिया में एकछत्र राज जमाने निकली हूं, हां मैं हिंदी हूं,हां मैं हिंदी हूं का पाठ की जिसे खुब सराहना मिली। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की खोरठा रचना प्रकृति के गोद में सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया ।प्रकृति की गोद में मगन रहिए गीत की सराहना सबों ने की। कवि एवं अवकाश प्राप्त वन अधिकारी अजय कुमार ने अपनी सुंदर रचना जो हिंदी दिवस पर एवं पिता पर आधारित थी का पाठ किया। इस मौके पर आशु कवि संजय हजारीबागी ने जितिया एवं हिंदी दिवस पर दो रचनाएं सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। कवि विजय कुमार कर्ण ने अपनी मैथली कविता का पाठ किया। डॉक्टर रमेश शर्मा ने हिंदी दिवस पर बहुत ही अच्छी रचना सुनाई जिसे लोगों ने खूब सराहा और एक संगीत की प्रस्तुति दी जिसके मुखड़े जाना है बड़ी दूर मंजिल नहीं अंतहीन राहें हैं लंबी सुनाई जिसे खूब तालियां मिलीं। इस मौके पर शिक्षक एवं कवि विजय कुमार राणा , युवा खोरठा कवि संजीत कुमार ,वासुदेव पंडित , डॉक्टर विनोद कुमार गुप्ता अर्जुन प्रसाद ,लकी प्रियांशी , राजश्री ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया ।झारखंड जन संस्कृति मंच के हजारीबाग सचिव शंकर गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की रखी है आधारशिला : कमलेश

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर केक काटा गया। बच्चों के बीच पठन सामग्री और मिठाई का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय के सरना टोली में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि 2014 से वर्तमान समय तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को नए भारत के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखी है। जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व वाला आज का नया भारत अपने विदेश नीति और सुरक्षा दृष्टिकोण के कारण विश्व में अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में भाजपा का सेवा पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें कार्यकताओं द्वारा विभिन्न सामाजिक और जनसेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, अनूप चंद्र अधिकारी, सबिन्द्र कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद, भोला चौधरी, सागर उरांव, मंगल सिंह भोक्ता, कौशलेंद्र जमुवार, लक्ष्मीकांत बड़ाईक सहित दर्जनों महिला, पुरुष और बच्चे-बच्चियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और उनके योगदान की सराहना की तथा समाज में सेवा और विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

## संवैधानिक नियमों के अनुसार ही होगा मुंडा समाज का पुनर्गठन



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदिवासी मुंडा समाज केन्द्रीय समिति की एक बैठक संचालन समिति के मुख्य संयोजक राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा स्पॉटिंग क्लब सीतारामडेरा में संपन्न हुई। बैठक में आदिवासी मुंडा समाज केन्द्रीय समिति का पुनर्गठन सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 21/1860 के तहत किए जाने पर विशेष चर्चा की गई। इस बैठक में आदिवासी मुंडा समाज केन्द्रीय समिति का पुनर्गठन करने हेतु पुनर्गठन नियमों के विभिन्न पहलुओं पर सभी सदस्यों से सुझाव मांगे गए एवं समाज के सदस्यों के सुझावों का समायोजन करते हुए, सर्वसम्मति से भारतीय संविधान के अनुसार, समाज, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 21/1860 के नियमों के अनुसार, केन्द्रीय समिति का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मानगो, पोटका, सोनारी, किताडीह, सोपोडेरा, बागून नगर, बिरसा नगर, जहेरा टोला, बारीडीह, छाया नगर आदि शाखा के प्रतिनिधियों ने एकमत होकर समाज का पुनर्गठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शाखा स्तर से सभी सदस्यों ने पुनर्गठन संचालन समिति के लिए 3-3 नाम देने पर सहमति जताई।

## गिरीडीह के गांव में मातम, 2 बहनों ने कुएं में कूद दे दी जान



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरीडीह के सरिया के चिरुवां गांव में गुरुवार को उस समय मातम छा गया जब उत्क्रमित उच्च विद्यालय कपिलो की 9वीं कक्षा की दो छात्राओं ने गांव के ही एक कुएं में डूबकर अपनी जान गवां दी। मृतक छात्राओं की पहचान 13 वर्षीय जाहिदा खातून, पिता तुफैल अहमद तथा 14 वर्षीय गुलवसा खातून, पिता मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। दोनों आपस में चेचेरी बहनें थीं और एक ही स्कूल में पढ़ती थीं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दोनों छात्राएं स्कूल से घर के लिए निकलीं और सीधे गांव के खेत में स्थित कुएं की ओर चली गईं। थोड़ी देर बाद दोनों कुएं में कूद कर अपनी जान दे दी । आसपास मौजूद लोगों को जब पता चला तो शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों की डूबकर मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर सरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम हेतु बगोदर ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। किसी का कहना है कि दोनों बहनें कुएं के किनारे बैठकर आपस में बातें कर रही थीं और अचानक फिसलकर कुएं में गिर गईं, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि दोनों ने खुदकुशी की है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

सरिया थाना प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार, घटनास्थल पर तीन लड़कियां थी। इनमें से एक को इनदोनों ने घर भेज दिया। उसके बाद इन दोनों ने जान दे दी। मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जमीन की हो रहे अवैध खरीद फरोख्त को लेकर निकाली जनाक्रोश रैली

**बानो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रैयती जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने को लेकर अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में जनाक्रोश रैली सह सभा का आयोजन किया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में रौतिया समाज के महिला पुरुष डाक बंगला परिसर पहुंची। इसके बाद बिरसा चौक पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रखंड कार्यालय पहुंची। जहां रैली सभा में बदल गई। प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह की अगुवाई में हुए रैली में प्रखंड के बुमुल्डा, मारीकेल, हेलगढ़ा, रामजोल, एकोदा सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने खतियानी जमीन के रैयतों को ठग कर विभिन्न कंपनियों को दलालों द्वारा अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री करने का आरोप लगाया। मौके पर रौतिया समाज चेरो जाति के उप जाति आदिवासी हैं। जिसकी जमीन की खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है। मौके पर मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने कहा कि लोग अपनी खतियानी जमीन को दलालों के झांसे में आकर किसी बाहरी कंपनी को न बेचें। ग्रामीणों ने जमीन की खरीद फरोख्त पर प्रखंड प्रशासन से रोक लगाने की मांग की। इसेक बाद डीसी के नाम बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी को ज्ञापन सौंपा गया। जनाक्रोश रैली को राम शंकर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह, आजाद सिंह, खूंटी जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने भी सम्बोधित किया।

## रेलवे मेंस यूनियन का आंठवे वेतन आयोग का शीघ्र गठन की मांग पर धरना



**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे में आठवां वेतन आयोग का शीघ्र गठन और गजट नोटिफिकेशन जारी करने, मजदूर विरोधी 4 लेबल कोड रद्द करने, रेलवे का निजीकरण और निगमीकरण बंद करने, पीएलबी बोनस की सीलिंग हटाने, रेलवे में रिक्त पदों में नई भर्ती के बजाय सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संविदा के आधार पर पूर्न नियुक्ति का निर्णय वापस लेने, पदों का सरेंडर बंद करने और नई भर्तियां शुरू करने, सभी लंबित मांगे पूरी करने आदि मांगो को लेकर आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन की ओर से पूरे देश भर 19 सितंबर को किए गए धरना प्रदर्शन के तहत शुक्रवार को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के सामने मेंस यूनियन के मंडल संयोजक एम के सिंह और एआईआरएफ के जोनल कार्यकारी सदस्य शिवजी शर्मा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। सुबह साढ़े 11 बजे से चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन भवन के सामने धरना में मुख्य रूप से ए आई आर एफ के जोनल कार्यकारी सदस्य शिवजी शर्मा मंडल संयोजक एम के सिंह के नेतृत्व में पूरे मंडल के 12 शाखा के अध्यक्ष, सचिव व कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना प्रदर्शन में जवाहर लाल, अजय सिंह , रमाशंकर साहू, संजय पाठक, संजय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजारीबाग में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर 1.5 लाख की लूट, व्यापारी ने सदर थाना में दर्ज करायी शिकायत

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर में लुटेरों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर एक व्यापारी से डेढ़ लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। बरही प्रखंड के करियातपुर गांव निवासी बादल कुमार सोनी ने इस संबंध में सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि शुक्रवार को वे चांदी का सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान शंकर मिष्ठान के पास दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और बैग की जांच करने का बहाना किया। जांच के नाम पर दोनों ने जबरन बैग खोलकर उसमें से एक



लाख रुपये नकद और पचास हजार रुपये मूल्य के गहने निकाल लिए। विरोध करने पर उनमें से एक युवक ने खुद को पंचमंदिर थाना का सिपाही बताते हुए भय दिखाया और दोनों मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में दहशत का माहौल है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस ऐसे गिरोह का जल्द पदार्फाश कर आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करे। फिलहाल सदर थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# संगठन सर्जन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व कार्यक्रम के तहत संगठन सर्जन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी की बैठक शुक्रवार को गिरिडीह नया परिषदन भवन में हई इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनंजय प्रसाद सिंह ने की ।वंही, इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह प्रभारी वेला प्रसाद और जिला पर्यवेक्षक और पूर्व मंत्री जे वी पटेल मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की निकट भविष्य में चुनाव होने वाला है इसलिए नगर निगम के 36 वार्ड मे वार्ड कमेटी जल्द से जल्द कमेटी का गठन पूरा करना है।

इस दौरान मुख्य अतिथी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि वार्ड कमिटी का गठन जल्द से भी करनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव में



पार्टी उपविजेता रही थी। इसलिए आप सबो के प्रयास और जमीनी स्तर तक संगठन का विस्तार और आपसी सामंजस्य में सीट अवश्य ही जीती जाएगी । इस मौके पर यह भी कहा गया कि पार्टी में एक से अधिक उम्मीदवारी को लेकर के आपस में बैठ के एक उम्मीदवार तय करना है इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, डॉ समीर चौधरी तसलीम खान, , चन्द्रशेखर सिंह, सुलेमान अख्तर, सोहेल, अजय सिन्हा, कपिल देवराय, पुरुषोत्तम चौधरी ,राजा अंसारी, निजामुद्दीन आलम दिनेश विश्वकर्मा,, इरुणा सिह पोरशनाथ मित्रा सहित पार्टी के कई नेतागण मौजूद थे।

# जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चौपारण का परचम K.B.S.S +2 उच्च विद्यालय ने हासिल किया दूसरा स्थान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में आज 19 सितंबर को आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

चौपारण स्थित K.B.S.S +2 उच्च विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। टीम के खिलाड़ियों के इस सफलता में विद्यालय के होनहार शिक्षक सतेन्द्र मिश्रा का मार्गदर्शन और योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को लगातार



प्रोत्साहित और प्रशिक्षित किया, जिसका परिणाम आज की जीत में देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने विद्यालय और टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि चौपारण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। खिलाड़ियों ने भी संकल्प लिया कि आने वाले समय में वे और बेहतर प्रदर्शन कर जिले व राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## नशे के रूप में कफ सीरप खरीद-बिक्री के दो आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में शहर थाना की पुलिस ने अस्पताल चौक स्थित डोमटोली में छापामारी किया। सदर अंचल अधिकारी अमरदीप बलहोत्रा के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने सन्नी कुमार के घर पर छापामारी की। सन्नी कुमार से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि सन्नी व कुणाल मिलकर नशीला कफ सिरप खरीद -बिकी व भंडारण करने का काम करते हैं। कुणाल भुईया के घर पर दो पेटी कफ सिरप छुपा कर रखा हुआ है। इसके पश्चात छापेमारी दल ने कुणाल भुईया के घर पर छापामारी की। कुणाल भुईयां के घर के बगल में एक झोपड़ीनुमा कमरे में दो पेटी CODEC-TUSSTR नामक नशीला कफ सिरप बरामद हुआ। दोनों पकड़ाये युवकों ने अपना दोष स्वीकार किया।

# पूर्व सांसद व बिहार सरकार के मंत्री रहे स्व. रामदेनी राम की मनी पुण्यतिथि, दी गई श्रद्धांजलि

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पूर्व सांसद व बिहार सरकार के मंत्री रहे स्व. रामदेनी राम की पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। मेदिनीनगर आवास स्थित वाटिका में स्वर्गीय रामदेनी राम की प्रतिमा पर कांग्रेस व राजद सहित कई दलों के नेताओं, गणमान्यों व पत्रकारों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्वर्गीय रामदेनी राम व उनकी पत्नी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेताओं ने स्व. रामदेनी राम को एक महान नेता बताया। कई नेताओं ने उन्हें निश्छल व ईमानदार नेता बताया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि रामदेनी राम एक सच्चे राजनेता ही नहीं बल्कि एक सच्चे जनसेवक थे। कामेश्वर तिवारी ने कहा कि रामदेनी राम सबके सुख व दुख में खड़े रहने वाले नेता थे। यह उनके स्वभाव में शामिल था। रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि रामदेनी बाबू जैसा नेता का कोई स्थान नहीं ले सकता। उनके कार्यो को जीवित रखना हम सभी का धर्म है। मौके पर उनकी पुत्री सह पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी अपने पिता की कृति को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि बाबूजी सभी की भलाई के लिए हमेशा लगे रहते थे। वे

■ सैकड़ों लोगों ने स्व. रामदेनी राम को किया श्रद्धा सुमन अर्पित



जरूरतमंदों की हमेशा मदद करते थे। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यानंद दुबे, आलोक पाठक, किशोर पांडेय, मिथिलेश सिंह, श्याम नारायण सिंह, गणेश रवि, विनोद तिवारी, विनोद पासवान, जयशंकर ठाकुर, अगस्त तिवारी, दीपक चंद्रवंशी जागो महतो, स्वर्गीय रामदेनी राम के दामाद रामकरण राम, पुत्र डॉ संजय कुमार, पूर्व प्रत्याशी विजय राम, जयशंकर ठाकुर सहित परिवार के कई सदस्यों ने रामदेनी राम को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी कृति को याद किया।

## चियांकी आदर्श पंचायत में हर रविवार को लगेगा बाजार : बिनको उरांव

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चियांकी आदर्श पंचायत के चियांकी पार्क के बगल में बाजार लगाया जायेगा। सदर प्रखंड के बीडीओ जागो महतो व सीओ अमरदीप सिंह बलहोत्रा 21 सितंबर रविवार को बाजार का शुभारंभ करेंगे। इसकी जानकारी चियांकी मुखिया बिनको उरांव ने दी। कहा कि बाजार में फल विक्रेता, सब्जी विक्रेता, कपड़ा विक्रेता , मिठाई दूकान समेत अन्य सामग्रियों के दूकान खोले जायेंगे। इसे लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधि ने बाजार लगाने का निर्णय लिया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चियांकी आदर्श पंचायत के विकास के लिए मुखिया बिनको उरांव पहल करेंगी। मौके पर मुखिया बिनको उरांव ने कहा कि बाजार का शुभारंभ होने से आसपास के क्षेत्र में रोजगार का साधन बढ़ेंगे।

# 2.5 इंच के छोटे कट द्वारा सफल हार्ट वाल्ब प्रतिरोपण : पारस हॉस्पिटल

**22 साल की युवती का सफल हार्ट वाल्व ऑपरेशन, तीन दिन में मिली छुट्टी**

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अररिया की 22 साल की मोनी कुमारी (बदला हुआ नाम) को सांस लेने में दिक्कत और दिल की धड़कन तेज होने की शिकायत पर परिजन पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जांच में पता चला कि उसके दिल के बाएं तरफ के वाल्व में सिकुड़न और साथ में रिसाव था। यह स्थिति बेहद गंभीर थी और समय पर इलाज नहीं होता तो हार्ट फेल या संक्रमण की आशंका थी।

कार्डियो थोरासिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (CTVS) विभाग के डॉक्टर चंदन कुमार की देखरेख में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों ने सर्जरी में केवल 2.5 इंच का छोटा कट लगाया एमआईसीएस (मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी) बोला जाता है और



उसी रास्ते से हार्ट वाल्व को बदल दिया। डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि इस तरह की सर्जरी की खासियत यह है कि इसमें कट बहुत छोटा होता है। इससे मरीज को तकलीफ कम होती है, खून बहने की संभावना बेहद कम रहती है और कॉम्प्लिकेशन घट जाते हैं। मरीज जल्दी रिकवर कर लेता है और सामान्य जीवन में लौट सकता है। सबसे अहम बात यह है कि कट ऐसी जगह दिया जाता है, जो आसानी से दिखाई नहीं देता। सर्जरी के बाद मरीज को केवल तीन दिन में छुट्टी दे दी गई और वह पूर्णरूप से स्वस्थ है। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मरीज गंभीर मेडिकल कंडिशन में हॉस्पिटल आई थी। सही समय से अगर इलाज नहीं होता तो उसकी जान जा सकती थी। डॉक्टरों की टीम ने उसकी जिंदगी बचा ली।

**पारस एचएमआरआई के बारे में**

पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

# हरी मिर्च रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक

**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि हमारे किचेन में पाया जाने वाला साधारण मसाला हरी मिर्च के खाने के अनेक फायदे हैं। हरी मिर्च खाने से पाचन बेहतर होता है। मेटाबोलिज्म बढ़ता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। त्वचा और बालों में सुधार होता है।

दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आँखों की रोशनी को बढ़ाती है एवं सर्दी-जुकाम से राहत दिलाती है। उन्होंने आगे कहा कि हरी मिर्च पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करती है, जिससे खाना जल्दी पचता है। कब्ज, गैस एवं अपच जैसी समस्याएँ कम होती हैं इसमें मौजूद कैप्साइसिन मेटाबोलिज्म को तेज करता है। जिससे वचन घटाने में मदद मिल सकती है। हरी मिर्च में प्रचुर मात्र में विटामिन-सी पाया जाता है। जो रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत करता है। इससे शरीर में



रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह कोलेस्ट्रॉल एवं ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करती है। जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। डॉ- दूबे ने आगे कहा कि हरी मिर्च में पाया जाने वाला विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रिएंस त्वचा के स्वास्थ्य को सुधारते है और बालों की मजबूत बनाने में मदद करते हैं। हरी मिर्च में पाया जाने वाला कैप्साइसिन बलगम को पतला करता है और रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है। जो सर्दी-जुकाम के लक्षणों को कम करता है। हरी मिर्च में विटामिन ''ए'' पाया जाता है जो आँखों की रोशनी के लिए बेहद फायदेमंद है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि हालाँकि हरी मिर्च खाने के अनेक फायदे हैं। फिर भी हरी मिर्च सीमित मात्र में खाना चाहिये। अधिक मात्र में हरी मिर्च के सेवन से पेट में जलन एवं एसिडिटी पैदा हो सकती है। जिन्हें पेट में गैस, अल्सर या आँतों से जुड़ी पुरानी समस्याएँ है, उन्हें हरी मिर्च खाने से परहेज करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को भी हरी मिर्च कम खानी चाहिए।

**(डॉ. सुनील कुमार दूबे)**

# बेंगाबाद में राशन दुकानों पर घटिया चावल का वितरण, ग्रामीणों में आक्रोश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के कई सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की दुकानों में इन दिनों घटिया और स्तरहीन चावल का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह चावल खाने योग्य नहीं है और इसके सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खाद्य विभाग की घोर लापरवाही के कारण गुणवत्ताहीन चावल डीलरों तक पहुंच रहा है। इसके बावजूद इसे गरीब व जरूरतमंद लोगों में बांटा जा रहा है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर जब चावल खराब है तो उसका वितरण क्यों किया जा रहा है लोगों का कहना है कि सरकार एक ओर स्वच्छता और स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब परिवारों को खराब चावल देकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।ओर कई कार्डधारियों ने तो घटिया चावल लेने से साफ इनकार कर दिया है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मामले की शिकायत प्रदेश के खाद्य मंत्री और संबंधित उच्च अधिकारियों से करेंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि घटिया चावल वितरण के इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए इस मामले में खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी बेंगाबाद सुनील कुमार बास्के ने कहा कि मोतीलेदा पीजी टु गोदाम के प्रबंधक द्वारा घटिया चावल का उपलब्ध कराया गया है इसलिए इसका जिम्मेवार पीजी गोदाम टु के प्रबंधक हैं ।

# चौपारण में दो स्थानों पर आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के चौपारण पंचायत अंतर्गत ग्राम बिगहा में शुक्रवार को आदि सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन बीडीओ नितेश भास्कर और पंचायत की मुखिया पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

मुखिया पिंकी देवी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अब सीधे आदिवासी समाज तक इस केंद्र के माध्यम से पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान यहीं किया जाएगा, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में ग्राम पंचायत करमा के असनाचूवाँ गाँव में भी मुखिया देवंती देवी ने आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। अब शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, राशन, रोजगार और अन्य योजनाओं से संबंधित कार्य सरलता से इसी केंद्र के जरिये पूरे होंगे। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया और इसे आदिवासी समाज के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया। ग्रामीणों ने कहा कि इससे न केवल योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुँचेगी बल्कि समस्याओं के

■ जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अब मिलेगी ग्रामीणों को घर के पास



त्वरित समाधान का मार्ग भी प्रशस्त होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे जनहित में मील का पत्थर बताया।

# चौपारण सीएचसी में मेगा शिविर, 130 मरीजों की आंखों की जांच

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** शुक्रवार को दृष्टि आई हॉस्पिटल की ओर से जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग के तत्वावधान में स्वस्थ नारी झ सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौपारण में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें कुल 130 मरीजों की आंखों की जांच की गई।

■ 26 मरीजों में मोतियाबिंद, चयनित मरीजों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

जांच के दौरान 26 मरीजों में मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) और 45 मरीजों में रिफ्रेक्टिव एरर की समस्या पाई गई। चयनित मरीजों का ऑपरेशन दृष्टि आई हॉस्पिटल, चौपारण में निःशुल्क किया जाएगा। वहीं अन्य मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई गईं। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आंखों की बीमारियों, नियमित जांच और समय पर इलाज की महत्ता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समय रहते इलाज मिलने से अधिकांश बीमारियों से बचाव संभव है। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ. इफ्तेखार आलम, डॉ. तालिब अंसारी, मैनेजर शाहरुख खान, काउंसलर काजल सिंह तथा सहयोगी छोटू सिंह और चंदन सिंह सहित पूरी स्वास्थ्य टीम का अहम योगदान रहा।ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी पहल बताया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे शिविर गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ा सहारा साबित होते हैं, जिन्हें अक्सर महंगे इलाज के लिए शहरों की ओर जाना पड़ता है।

# चौपारण थाना परिसर में दुर्गा पूजा शांति समिति की बैठक

**प्रशासन का सख्त संदेश- हुड़दंगियों और उपद्रवियों पर रहेगी पैनी नजर**

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शुक्रवार को चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ संजय कुमार यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया शंभू नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, बीडीओ नितेश भास्कर और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों झ दैहर, ताजपुर ब्लॉक मोड़, सिंघरावां, पाण्डेयबारा, रामपुर, मानगढ़ और बसरिया में आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीओ संजय यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा शांति और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए इसे अमन-चैन और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने अपील की कि यह पर्व आस्था और परंपरा का प्रतीक है, इसे आपसी सौहार्द और मिल-जुलकर मनाना चाहिए। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की नजर हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पैनी



रहेगी। सभी दुर्गा पूजा समितियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि—

सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था करनी होगी।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और वॉलिंटियर की नियुक्ति जरूरी होगी। विशेषकर बाइक पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों से बचें और त्योहार को शांति व खुशी के माहौल में मनाएं। शराब सेवन करने वालों और उपद्रवियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने प्रशासन की पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करेंगे। प्रशासन ने सभी से अपील की कि आपसी मतभेद और नकारात्मक भावनाओं को भुलाकर, क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को संजोते हुए, दुर्गा पूजा का पर्व उल्लास और शांति के साथ मनाया जाए।

# खंडोली डैम बचाव अभियान का दूसरा चरण 25 सितंबर से

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खंडोली डैम बचाव आंदोलन अब और तेज होने जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले 25 सितंबर 2025 से खंडोली डैम बचाव अभियान पार्ट-02 की शुरूआत ग्राम धोबनी से की जाएगी।

इस दौरान गांव-गांव में जनसभा का आयोजन कर स्थानीय लोगों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा आंदोलनकारी नेताओं ने बताया कि खंडोली डैम का महत्व केवल एक जलाशय के रूप में ही नहीं, बल्कि हजारों रैयत परिवारों की आजीविका से भी जुड़ा है। बावजूद इसके वर्षों से सरकार और प्रशासन की लापरवाही के कारण डैम की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा बढ़ता जा रहा है, वहीं डैम का पानी भी लगातार प्रदूषित हो रहा है नेताओं ने कहा कि आंदोलन के दौरान 'खंडोली डैम का सिमांकन करो, रैयतों को रोजगार दो, भू-माफियाओं से डैम की जमीन मुक्त करो, डैम की पानी दुषित करना बंद करो, रैयतों को उचित मुआवजा दो' जैसे नारे गांव-गांव में गूंजेंगे विशेष बात यह है कि झारखंड विधानसभा सत्र को देखते हुए खंडोली डैम से विधानसभा तक एक पैदल यात्रा भी निकाली जाएगी। इस पैदल यात्रा के समापन पर महामहिम राज्यपाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें रैयतों के हक, डैम के संरक्षण और क्षेत्र के विकास की मांगें प्रमुखता से रखी जाएंगी मोर्चा के नेताओं ने कहा कि खंडोली डैम केवल गिरिडीह की पहचान ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की धरोहर है। यदि समय रहते सरकार ठोस कदम नहीं उठाती है तो यह आंदोलन और व्यापक रूप धारण करेगा।

# झारखण्ड की सात पार्टियां नहीं लड़ पायेंगी चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सात अन्य राजनीतिक दल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक प्रणाली को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से इन्हें पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से हटा दिया है। इनमें हजारीबाग का आपका हमारा पार्टी, गिरिडीह के बहुजन समाज मोर्चा, रांची के झारखंड जनाधिकार पार्टी, झारखंड विकास दल, जन साधारण पार्टी व हम किसान पार्टी तथा जमशेदपुर के झारखंड दिशोम पार्टी सम्मिलित हैं। इन दलों ने पिछले छह वर्ष से न तो लोकसभा, ना ही विधानसभा या कोई उपचुनाव नहीं लड़ा था। इस कारण आयोग ने उक्त कार्रवाई की। आयोग ने सात अन्य राजनीतिक दलों की भी पहचान की है, जिनके द्वारा पिछले छह वर्ष से कोई चुनाव नहीं लड़ा गया है। उन्हें भी नोटिस जारी कर पक्ष लेने के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने दूसरे चरण में देश भर के 474 राजनीतिक दलों को हटाया है, उनमें सात झारखंड के हैं।

राजनीतिक दलों के पंजीकरण के लिए जारी दिशा-निदेशों में बताया गया है कि यदि कोई दल लगातार छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ता है तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाएगा। पहले चरण में आयोग ने नौ अगस्त को 334 राजनीतिक दलों को सूची से हटाया था, जिनमें पांच झारखंड के थे। इस तरह, अबतक 12 राजनीतिक दलों को पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से हटाया जा चुका है।

आयोग ने देश भर के 359 अन्य दलों की पहचान की है, जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों (यानी 2021-22, 2022-23, 2023-24) में अपने वार्षिक ऑडिट किए गए खातों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा नहीं किया है और चुनाव लड़े हैं लेकिन चुनाव व्यय रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। इनमें सात झारखंड के हैं। आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इन दलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इन दलों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की रिपोर्ट पर आयोग अंतिम निर्णय लेगा।

# अब रांची और बोकारो में निर्मित ड्रोन से होगी सीमा की निगरानी

- मार्च 2026 से होगा उत्पादन शुरू
- ड्रोन पायलटों को मिलेगा प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में झारखंड अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन बनाने जा रहा है। बीआइटी मेसरा में पहले से कृषि कार्य के लिए ड्रोन का निर्माण किया जा रहा है। अब समृद्धि इंफार्मेटिक्स नाम की कंपनी रांची और बोकारो में ड्रोन निर्माण के लिए प्लांट लगा रही है। बोकारो में प्लांट तैयार है और मार्च 2026 में ड्रोन की पहली खेप बनकर आ जाएगी।

कंपनी से सीईओ अतुल त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय सेना ने ड्रोन की प्रदर्शनी (डिमास्ट्रेशन) देखी है। रांची में रजिस्टर्ड कंपनी अभी दिल्ली एनसीआर में ड्रोन निर्माण की एक यूनिट चला रही है। यहां सेना के काम आने वाले सर्विलांस और बम ड्रॉपर ड्रोन बनाए जा रहे हैं।अगले साल से झारखंड में बने ड्रोन सेना को आपूर्ति किए जाने की योजना है। झारखंड में रजिस्टर्ड यह पहली कंपनी है जो ड्रोन निर्माण का काम कर रही है।

निजी कंपनी के ड्रोन निर्माण की यह योजना 90 प्रतिशत स्वदेशी है।

इसका डिजाइन और निर्माण दोनों झारखंड में बनाया जाएगा। रक्षा के अलावा खनन, कृषि और लॉजिस्टिक के लिए भी ड्रोन का उपयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा और निगरानी के लिए भी ये ड्रोन उपयोगी होंगे। कंपनी की क्षमता राज्य में प्रतिमाह तीन से पांच हजार ड्रोन बनाने की है।

अतुल त्रिपाठी ने बताया कि रक्षा जरूरतों के लिए एक इको सिस्टम बनाने में ड्रोन जरूरी उपकरण बन गए हैं।

उनकी योजना राज्य में प्रतिवर्ष 5000 से अधिक ड्रोन पायलटों के प्रशिक्षित करने की है। ट्रेनिंग के बाद पायलट को डायरेक्टर जनरल सिविल एवियेशन से सर्टिफिकेट भी दिलाया जाएगा। क्षमता पूरी हो जाने पर ड्रोन निर्माण के दोनों प्लांट से राज्य के आठ हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।

# हाइवा और ट्रेलर की टक्कर में धू-धूकर जले दोनों वाहन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड के कोनहरा खुर्द रोड कटिंग के पास गुरुवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, गिट्टी लोड एक हाईवा और ट्रेलर (रजिस्ट्रेशन नंबर एमएल 01 एए 3712) की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते दोनों वाहनों में आग लग गई और धू-धू कर जलने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय ट्रेलर का खलासी ड्राइवर केबिन में ही फंसा रह गया। लपटें तेज होने के कारण कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ पाया। आशंका जताई जा रही है कि खलासी मौके पर ही जिंदा जल गया।

हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के लगभग एक घंटे तक किसी प्रकार की मदद नहीं मिल पाई। न तो दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच सकी और न ही प्रशासनिक राहत कार्य शुरू हुआ।

लोग लगातार बचाव की गुहार लगाते रहे लेकिन आग की भयावहता के कारण कोई पास नहीं जा सका। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर फायर ब्रिगेड की टीम समय पर पहुंच जाती तो शायद जान बचाई जा सकती थी। फिलहाल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं।

# आदि कर्मयोगी अभियान से बदलेगी आदिवासी गांवों की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गोड्डा जिले के 244 गांवों की दशा बदलने की तैयारी है। इन गांवों में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासी समाज की है। जिले के अत्यंत पिछड़े गांवों में शुमार ये गांव कुपोषण, शिक्षा के साथ ही मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित हैं।

आदि कर्मयोगी अभियान की तैयारियों की समीक्षा के सिलसिले में जनजातीय कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुष्मिता सेन गुप्ता गोड्डा पहुंची। उन्होंने बुधवार को सदर प्रखंड की रानीडीह पंचायत के दलदली गांव में आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी के माध्यम से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में समावेशी विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारा जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन को अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अभियान की महत्ता से आदिवासी समाज को अवगत कराया। साथ ही दलदली गांव के प्रधान सहित अन्य जनजातीय परिवारों के साथ संवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि यह अभियान आदिवासी गांवों के बुनियादी ढांचों को नया आयाम देगा। इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। केंद्र सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। आदिवासी तथा पहाड़िया परिवार के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान गोड्डा बीडीओ दयानंद जायसवाल को संयुक्त सचिव ने योजनाओं को धरातत प उतारने के लिए दिशा निर्देश दिया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

दो अक्टूबर तक संबंधित गांवों में उपयोगी योजनाओं के चयन के लिए ग्रामसभा होगी। इसके बाद चिह्नित 244 गांवों में विकास की योजनाएं आकार लेगी। आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र सिंगल विंडो सिस्टम से काम करेगा। जनजातीय परिवारों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों को बीडीओ-सीओ के कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। जनजातीय गौरव वर्ष 2025 के तहत केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया है। यह देश के 550 जिलों के एक लाख आदिवासी गांवों में 20 लाख से अधिक आदि कर्मयोगियों को संगठित कर जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय अभियान है। इसका उद्देश्य 11 करोड़ जनजातीय आबादी के जीवन में परिवर्तन लाना है, जमीनी स्तर पर नेतृत्व विकसित करेगा और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने में मदद करना है। समुदाय के भीतर नेतृत्वकताओं और परिवर्तन के उत्प्रेरकों का कैडर तैयार करना और सरकार और जनजातीय समुदायों के बीच एक सेतु के रूप में काम करना, जिससे हर आवश्यक सरकारी योजना का लाभ उन तक पहुंच सके।

## बीमार 32 बच्चों की हालत में सुधार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जड़ियांग गांव में बीती देर शाम जतरा मेला के दौरान चाउमीन खाने से 32 बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। जानकारी के अनुसार बच्चों ने मेला में जाकर चाउमीन का सेवन किया था, घर पहुंचते ही उल्टी और दस्त की समस्या शुरू हो गई।बच्चों की स्थिति गंभीर होता देख स्वजनों ने इसकी सूचना लातेहार सिविल सर्जन को दी। सिविल सर्जन की तत्परता से तत्काल सभी बच्चों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लातेहार लाया गया, जहां चिकित्सक डा. जेपी शर्मा, सुनील कुमार भगत व डॉ. सीमा रानी ने सभी गंभीर रूप से पीड़ित सभी का इलाज शुरू किया।इलाज मिलने पर सभी बच्चों की हालत नियंत्रित है। बताया जा रहा है कि जितिया पर्व के बाद गांव में ऐतिहासिक जतरा मेला लगता है, जिसे देखने आसपास के लोग यहां पहुंचते हैं। इस दौरान गांव में कई छोटी छोटी दुकानें भी लगाई जाती हैं, जहां लोग खाने पीने के साथ अन्य सामग्री की खरीदारी करते हैं। मामले की सूचना मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन सतर्क हो गया था। चिकित्सा के बाद उक्त बच्चों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# रंगदारी के लिए विदेशी नम्बरों से आता है कॉल

- धनबाद-बोकारो में पहले से ही है खौफ
- रांची के प्रतिष्ठित कारोबारी को दी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रंगदारी, गोलीबारी और धमकी के दम पर धनबाद और बोकारो के कारोबारियों में आतंक फैलाने वाला कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान अब अपनी आपराधिक जड़ें राजधानी रांची तक फैला रहा है। धनबाद-बोकारो क्षेत्र में पांच दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देने के बाद, उसने अब रांची के एक नामी कारोबारी को टारगेट कर सनसनी फैलाने की कोशिश की है। मामला लालपुर थाना क्षेत्र का है। यहां के प्रतिष्ठित कारोबारी कृष्ण गोपालका को 15 सितंबर को दुबई से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को प्रिंस खान बताते हुए 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी।

रकम न देने पर कारोबारी और उनके बेटे को गोली मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने से पहले भारतीय नंबर से भी कॉल और मैसेज भेजे गए थे। जब कारोबारी ने वह नंबर ब्लॉक कर दिया, तो अपराधी ने विदेशी नंबर से कॉल किया और धमकी की गंभीरता साबित करने के लिए फायरिंग का वीडियो और कारोबारी के घर-ऑफिस की निगरानी क्लिप भी भेजी। लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्रिंस खान गैंग का आतंक धनबाद और बोकारो के लिए नया नहीं है। यहाँ कारोबारी, कोयला ठेकेदार और पेट्रोल पंप मालिक लंबे समय से इनकी धमकियों से परेशान हैं। यह गैंग अब तक कई बार सीधे गोलीबारी कर अपनी ताकत दिखा चुका है, जिसका ताजा उदाहरण राजगंज के पेट्रोल पंप पर हुई फायरिंग है।

हालांकि धनबाद पुलिस ने गैंग के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और कुर्की की कार्रवाई भी की है, लेकिन मुख्य सरगना प्रिंस खान अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रिंस खान के द्वारा रंगदारी और धमकी का यह खेल वर्षों से खेला जा रहा है, लेकिन पुलिस उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। जबकि हाल के दिनों में पुलिस एक कुख्यात अपराधी को दूसरे देश से गिरफ्तार कर झारखंड ला चुकी है।

प्रिंस खान तो दूर, उसे सहयोग करने वाले उसके भाई गोपी खान और रिश्तेदार ऋतिक समेत कई आरोपित अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। लगातार मामलों के बावजूद मुख्य सरगना पर नकेल कसने में पुलिस की नाकामी ही वह वजह है जिसके चलते अब गैंग राजधानी रांची में भी अपना नेटवर्क फैलाने में कामयाब हो रहा है।

कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा फैलाई जा रही दहशत में सबसे बड़ा रहस्य उसका 'मेजर' कनेक्शन है। प्रिंस अक्सर अपने पत्रों और धमकियों में खुद को या अपने गुर्गों को 'मेजर' के नाम से प्रचारित करता रहा है।

धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान गैंग के कई 'मेजर' उपनाम वाले अपराधियों को पकड़ा भी है, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि हर बार कोई नया 'मेजर' खड़ा हो जाता है। यह रणनीति गैंग के नेटवर्क और पहुंच की गहराई को दर्शाती है, जिससे यह संदेश जाता है कि गैंग कभी खत्म नहीं होगा।

सूत्रों के अनुसार, कोयलांचल क्षेत्र के कई सफेदपोश भी परोक्ष रूप से प्रिंस खान को सहयोग करते हैं। यह सहयोग उसे पुलिस की कार्रवाई से बचने और अपनी आपराधिक गतिविधियों को जारी रखने में मदद करता है।

व्यापारियों को लगातार निशाना बनाए जाने, गोलीबारी और अब राजधानी रांची तक रंगदारी की मांग पहुंचने के बावजूद मुख्य सरगना प्रिंस खान का दुबई से बैठकर धंधा चलाना पुलिस की सुस्ती और विफलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# संभावित डांट के डर से कुएं में कूदकर दो छात्राओं ने दे दी जान

## शिक्षकों के डर से सहमी थी छात्राएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरिया थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरुवां-कपिलो में गुरुवार को एक अत्यंत दुखद घटना सामने आई है। आठवीं कक्षा की दो छात्राओं ने शिक्षकों के कहने पर अभिभावकों को बुलाने घर भेजे जाने के बाद संभावित डांट के डर से एक कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली।

मृतक छात्राओं की पहचान चिरुवां गांव की जाहिदा खातून (13) और गुलाबशा परवीन (14) के रूप में हुई है। जाते वक्त दोनों आपस में बात कर रही थी कि घर जाने के बजाए कुछ देर कुआं पर बैठेंगे।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश रविदास के अनुसार, दोनों छात्राएं सुबह प्रार्थना सभा में शामिल नहीं हुईं और अपना बस्ता कक्षा में रखकर कहीं चली गईं। लगभग आधे घंटे बाद जब वे लौटीं तो अनुपस्थित रहने का कारण पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया।

इस पर उन्हें और एक अन्य सहपाठी शना परवीन को अपने-अपने अभिभावकों को बुलाकर स्कूल लाने के लिए घर भेजा गया। काफी देर बाद, शना परवीन तो अपने अभिभावक के साथ स्कूल पहुंची, लेकिन जाहिदा और गुलाबशा वापस नहीं आईं। शना ने शिक्षकों को बताया कि रास्ते में दोनों छात्राएं आपस में बात कर रही थीं कि अगर वे अभिभावक को लेकर स्कूल गईं, तो अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें डांट-फटकार मिलेगी। संभवतः इसी भय से उन्होंने घर जाने के बजाय कुछ देर कुएं पर बैठने की बात कही थी।

सहपाठी शना परवीन ने बताया कि हिंदी और आईटीसी के शिक्षकों की नाराजगी के कारण वे तीनों डरी हुई थीं।

जाहिदा और गुलाबशा डांट से बचने के लिए घर न जाकर कुएं पर बैठने की योजना बना रही थीं। बाद में ग्रामीणों ने कुएं में तलाश की और दोपहर करीब एक बजे दोनों छात्राओं के शवों को बाहर निकाला।

इस हृदय विदारक घटना से गांव में शोक और आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने शिक्षकों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बच्चियों को डांटने या शर्मिंदा करने के बजाय अभिभावकों को मोबाइल या नोटिस के माध्यम से सूचित करना चाहिए था।

घटना की सूचना पर सरिया पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए बगोदर भेज दिया।

सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं और शिक्षा विभाग को दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस फर्द बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। यह घटना बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक माहौल की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

यह घटना बताती है कि बच्चों के लिए डांट और अपमान का डर कितना गहरा हो सकता है। बाल मनोविज्ञान के विशेषज्ञ मानते हैं कि परीक्षा में कम नंबर या छोटी गलतियों पर सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना या सख्त सजा देना बच्चों को मानसिक तौर पर तोड़ सकता है।

# दुर्गा पूजा में डीजे पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** दुर्गा पूजा महोत्सव 2025 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि पूर्व की तरह शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।

उन्होंने सभी पूजा समितियों को भवन प्रमंडल से प्रमाण पत्र लेने, पंडालों में अग्निशमन यंत्र रखने, असुरक्षित व ज्वलनशील सामग्री का प्रयोग न करने, सीसीटीवी और एग्जिट गेट लगाने तथा पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जबकि लाउडस्पीकर का उपयोग केवल निर्धारित मानकों के अनुसार होगा। मूर्ति विसर्जन के समय बैरिकेडिंग, गोताखोर और प्रशिक्षित वालंटियर्स की तैनाती की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पुलिस की तकनीकी सेल की निगरानी रहेगी। बिना सोचे समझे किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामग्री इंटरनेट मीडिया पर अपलोड या प्रेषित नहीं करें। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि प्रशासन सभी समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर बिजली, पानी, सड़क और सफाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा।



उन्होंने अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में लोग जिला नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करें। अनुमंडल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज ने कहा कि सभी पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग होगी।

बिजली विभाग से प्रमाणन, फायर सेफ्टी उपकरण और सीसीटीवी अनिवार्य होंगे। चैनपुर और बसिया के अनुमंडल पदाधिकारियों ने भी बताया कि सुरक्षा, यातायात और साफ-सफाई की पूरी तैयारी की जा चुकी है। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, अग्निशमन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, मूर्ति विसर्जन, सीसीटीवी कैमरा, वालंटियर्स की तैनाती और महिला एवं बाल सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारी व शहर के समाजसेवी उपस्थित थे।

# नाबालिग से गैंग रेप के पांचों आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। जतरा देखकर अपनी नानी के घर लौट रही एक नाबालिग के साथ पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को मौके पर पकड़ कर सदर थाना पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बाकी दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि पीड़िता रांची जिले के मांडर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और जितिया पर्व पर लगने वाले जतरा को लेकर अपनी नानी के घर लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में आई हुई थी।

बीती रात जतरा देखने के लिए वह घर से बाहर निकली और जतरा देखकर घर लौटने के दौरान राजेंद्र उरांव नामक युवक ने नाबालिग को नानी घर छोड़ने की बात कहकर बहला-फुसलाकर बगल गांव के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

इसी दौरान राजेंद्र ने अपने पहचान के पारस उरांव, तेतरा उरांव, संजय उरांव और सीताराम उरांव को भी बुला लिया।

सभी ने नाबालिग के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसी दौरान पीड़िता ने शोर मचाया और अपने परिवार वालों को मोबाइल से घटित वारदात की जानकारी दी।

इसके बाद पीड़िता के मोबाइल को लेकर स्विच ऑफ कर दिया गया। इधर, पीड़िता के स्वजन ग्रामीणों के साथ मिलकर उसे खोजते हुए पीड़िता द्वारा बताए स्थान पर पहुंचे, जहां पर पीड़िता अर्द्धनग्न अवस्था में मिली।

इस वारदात में शामिल राजेंद्र उरांव के साथ-साथ पारस उरांव और तेतरा उरांव को ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए पकड़ लिया और पुलिस को सुपुर्द कर दिया, जबकि संजय उरांव और सीताराम उरांव मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लिया। बाद में उनकी निशानदेही पर पुलिस ने फरार दो अन्य आरोपित संजय उरांव और सीताराम उरांव को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई है।

इस मामले में सदर थाना के अवर निरीक्षक संजय कुमार, सारिक खान सहायक अवर निरीक्षक चंद्रजीत मेहता और अलबिना लकड़ा के साथ पुलिस चालक एवं जवानों का प्रयास सराहनीय रहा।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**गिरिडीह।** गावां थाना अंतर्गत निमाडीह पंचायत के बेलाखुट्टा गांव में बुधवार कुआं से एक 25 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। मृतक पप्पू यादव की पत्नी निशा देवी थी। मायके वालों ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना के बाद पुलिस पहुंची और कुआं से शव निकाल कर थाना ले गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजने की तैयारी में जुट गई है। जानकारी के अनुसार निशा देवी और उसकी सास अष्टमा देवी के बीच खाना बनाने को ले मामूली झगड़ा हुआ था। इसके बाद निशा ने कुआं में डूब कर अपनी जान दे दी। वहीं महिला के मायके वालों ने बताया कि 2023 में तीन लाख नकद और एक अपाची बाइक समेत अन्य जेवर व जरूरत के समान देकर पुत्री की शादी की थी। 2024 से सोने की चेन के लिए पति पप्पू यादव और सास अष्टमा देवी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर शव को कुआं में डाल दिया। मृतक का एक 13 माह का पुत्र है।

# कझिया नदी में अवैध बालू खनन से प्रशासन बेखबर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** सदर अंचल की नेपुरा पंचायत व सिमरडा पंचायत के बीच कझिया नदी से व्यापक पैमाने पर बालू का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। लोगों का कहना कि ट्रैक्टर व जुगाड़ गाड़ी से बालू का अवैध खनन कर सिंचाई व्यवस्था को ध्वस्त करने के साथ ही प्राकृतिक डांड़ को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवैध कार्य को रोकने के लिए अंचल, खनन व टास्क फोर्स से कोई पहल नहीं हो रही है। इस बाबत दियारा गांव के समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर तस्वीर के साथ पूरे मामले को उठाया है। उन्होंने कहा कि कझिया नदी से निकलने वाली राज डांड़ जो अंग्रेज के समय से दियारा, सिमरडा, ककना मोलनाकित्ता, परासी से



लेकर सैदापुर तक लगभग एक हजार एकड़ से ज्यादा जमीन पर खेती व पटवन होती है, वहां बालू चोरों की नजर लग गई है।

कहा है कि इससे साथ-साथ नयागांव दियारा के पास नदी के किनारे की मिट्टी की खुदाई करके मिट्टी व बालू बेचा जा रहा है। नदी में पानी आना मतलब नदी विलुप्त होना या समाप्त होना नहीं है, बल्कि जिस तरह से जलवायु परिवर्तन का रूप पूरे देश में दिख रहा है, जो अब स्थानिक होता जा रहा है कभी-कभी पूरा दियारा गांव आसपास के कई गांव में नदी की मुख्यधारा आ सकती है।

बालू चोर द्वारा सभी मिट्टी व बालू की चोरी करके इसके लिए खुला न्योता दिया जा रहा है। मालूम हो कि जीवनदायिनी कझिया नदी से व्यापक पैमाने पर हो रहे बालू के खनन व अवैध खनन से कझिया नदी का अस्तित्व भी खतरे में है। नदी नाला व जोरिया में तब्दील होती जा रही है।दूर-दूर तक कझिया नदी में बालू की जगह मिट्टी के टीले देखे जा सकते है, जबकि नदियों से कई धार्मिक संस्कार व कार्य होने के साथ ही किसानों को सिंचाई व पटवन की सुविधा मिलती है। लोगों को पेयजल मिलता है। इसके साथ ही जलस्तर भी मेंटेन रहता है, लेकिन अवैध खनन से सारी प्राकृतिक व पर्यावरणीय सिस्टम चौपट होता जा रहा है।

ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्रालय को भी इस पर संज्ञान देने की जरूरत है व इस नदी के सर्व करने की जरूरत है कि अवैध बालू खनन से कितना नुकसान हुआ है।

# हाथ मिलाने पर नहीं क्रिकेट पर ध्यान दें



## इंडिया-पाकिस्तान मैच कंट्रोवर्सी

### हैंडशेक विवाद पर भड़के कपिल, पाक को दी नसीहत

**दुबई, एजेंसी।** अब इस पूरे मामले पर भारत के दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव का बयान आया है। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत दी है कि इन बयानबाजी से दूर रहकर क्रिकेट पर ध्यान दें। एशिया कप 2025 के दौरान ग्रुप स्टेज में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा की तरह हाईवोल्टेज रहा। रविवार को दुबई में खेले गए मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। हालांकि, मैच के बाद असली सुर्खियां टीम इंडिया के खिलाड़ियों के फैसले ने बटोरीं। भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाए बिना ड्रेसिंग रूम में लौट गई। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। पाकिस्तान ने तो इस पर विवाद खड़ा कर दिया। उसने आईसीसी तक से शिकायत कर दी। हालांकि, उन्हें ही आईसीसी से मुंह की खानी पड़ी। अब इस पूरे मामले पर भारत के दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव का बयान आया है। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत दी है कि इन बयानबाजी से दूर रहकर क्रिकेट पर ध्यान दें।



#### पहलगाम हमले के बाद पहला मुकाबला

यह मुकाबला पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों टीमों के बीच पहला मैच था। इस हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया और कहा कि टीम पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों के साथ खड़ी है।

#### कपिल देव का बयान

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिल देव ने इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तानी टीम या खिलाड़ियों को खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा- ये सब छोटी-छोटी बातें हैं। ध्यान क्रिकेट खेलने पर होना चाहिए। अगर कोई हाथ नहीं मिलाना चाहता है तो इसे बड़ा मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं है। दोनों तरफ से बेवजह बयानबाजी करना ठीक नहीं है।

#### टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन

भारत ने इस मुकाबले में पहले गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान को 127/9 के स्कोर पर रोक दिया। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम को आराम से जीत दिलाई। यह भारत की ग्रुप स्टेज में लगातार दूसरी जीत थी। भारत और पाकिस्तान का सामना 21 सितंबर को फिर से होना है। सुपर-फोर स्टेज में यह मुकाबला खेला जाएगा।

#### कपिल देव ने दी टीम इंडिया को बधाई

कपिल देव ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, भारतीय टीम पिछले 20 वर्षों से बहुत अच्छा खेल रही है। हमारी क्रिकेट बहुत संगठित है और आईसीसी टूर्नामेंट्स में हमेशा शानदार प्रदर्शन करती है। मुझे पूरी उम्मीद है कि टीम इंडिया एशिया कप 2025 जीतेगी।

## मैच रेफरी से पंगा लेना पाकिस्तान को पड़ेगा भारी...





**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में पाकिस्तानी टीम खेल से ज्यादा दूसरी वजहों से सुर्खियां बटोर रही है. पाकिस्तानी टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मुकाबले से पहले खूब नाटक किया. पाकिस्तान की ओर से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की गई थी. इसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने खारिज किया था. फिर पाकिस्तान ने टूर्नामेंट से हट जाने की धमकी दी, लेकिन 70 मिनट में ही सरेंडर कर दिया और यूएई के खिलाफ मुकाबला खेलने उतरी. अब आईसीसी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी कर रही है. आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को आधिकारिक रूप से एक ईमेल भेजा है. पाकिस्तानी टीम ने आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया, जिसका जिक्र इसमें किया गया है. आईसीसी पीसीबी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है.

चाईना मास्टर्स

## सिंधू चाइना मास्टर्स से बाहर, कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में सीधे गेमों में हारीं



**शेनझेन, एजेंसी।** कोरिया के खिलाड़ी ने मैच में शानदार खेल दिखाया और पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह शुक्रवार को यहां चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं। सिंधू की शुरुआत खराब रही और वह पहले गेम में एक समय 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने स्कोर 5-9 कर लिया। आन ने हालांकि ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। सिंधू 11-14 पर स्कोर को करीब लाने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने कुछ देर के लिए 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आन ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल से बढ़त बनाने की कोशिश की और एक समय वह 7-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन आन के बेहतरीन खेल और विविधता ने उन्हें ब्रेक तक 11-7 से आगे कर दिया।

इंडिया-ए-ऑस्ट्रेलिया-ए

## देवदत्त पडिक्कल की धमाकेदार वापसी, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोका शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी**। कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने भारत की ए टीम में वापसी करते हुए शतक लगा दिया. उन्होंने शुक्रवार को लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अपना सातवां फर्स्ट क्लास शतक लगाया. गुरुवार के अपने 86 रन के स्कोर को आगे बढ़ते हुए पडिक्कल ने चौथे दिन यानी शुक्रवार की सुबह केवल 20 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. उनकी इस पारी से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए की पहली पारी के 532/6 के विशाल स्कोर के करीब पहुंच. पडिक्कल ने इस दौरान अपने 3000 फर्स्ट क्लास रन भी पूरे किए. उन्होंने 74वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की. 25 साल के पडिक्कल मई के बाद से केवल अपना दूसरा प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे हैं. वह आईपीएल 2025 में चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा थे. पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अपने टेस्ट डेब्यू पर अर्धशतक लगाने के बाद पडिक्कल 2024 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 केवल एक और मैच खेले थे. 23 गेंदों में जीरो पर आउट होने और दूसरी पारी में 25 रन बनाने के बाद पडिक्कल को बाकी मैचों की प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया था,

## एशिया कप खेल रहे इस क्रिकेटर के पिता का निधन... टूटा दुखों का पहाड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर-चार स्टेज में एंट्री ले ली. श्रीलंका के साथ-साथ ग्रुप-बी से बांग्लादेश भी अगले राउंड में पहुंच गया. जबकि अफगानिस्तान की टीम बाहर हो गई. ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान की टीम्स पहले ही सुपर-चार स्टेज के लिए क्वालिफाई कर चुकी थी.

18 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में हुए इस मुकाबले के दौरान श्रीलंकाई स्पिनर डुनिथ वेलालगे के लिए मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह बेहद कठिन पल रहे. पहले तो 22 वर्षीय वेलालगे के आखिरी ओवर में मोहम्मद नबी ने लगातार पांच छक्के लगाए. वही मैच के बाद उन्हें काफी दुखद खबर मिली. डुनिथ वेलालगे के पिता सुरंगा वेलालगे का हार्ट अटैक से निधन हो गया. सुरंगा वेलालगे 54 साल के थे. मैच खत्म होने के बाद डुनिथ वेलालगे को ये दुखद खबर मिली. मैच के बाद टीम मैनेजर ने डुनिथ वेलालगे को सांत्वना दी. एक तस्वीर भी वायरल हुई जिसमें टीम मैनेजर वेलालगे को गले लगाकर ढांढस बंधा रहे हैं. सुरंगा वेलालगे खुद भी एक क्रिकेटर रहे थे. उन्होंने श्रीलंका की एक प्रमुख स्कूल टीम की कप्तानी की थी. जब सुरंगा प्रिंस ऑफ वेल्स कॉलेज के कप्तान थे, तब दूसरी तरफ श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल अर्नोल्ड सेंट पीटर्स कॉलेज की कप्तानी करते थे.

एशिया कप

## श्रीलंका से 6 विकेट से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई अफगानिस्तान

**अबू धाबी, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हरा दिया। गुरुवार को शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मैच में कुसाल मेंडिस के बेहतरीन अर्धशतक के दम पर श्रीलंका ने 6 विकेट से मैच जीता। हार के साथ ही अफगानिस्तान एशिया कप 2025 से बाहर हो गई। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 22 के स्कोर पर



पाथुम निसांका का विकेट खो दिया। अहम मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज कुसाल मेंडिस ने बेहतरीन अर्धशतक लगाया। वह 52 गेंद पर 10 चौके की मदद से 74 रन बनाकर नाबाद रहे। मेंडिस को कुसाल परेरा (20 गेंद पर 28 रन), चरिथ असालंका (12 गेंद पर 17 रन) और कामिंदु मेंडिस (13 गेंद पर 26 रन) का अच्छा सहयोग मिला। श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 171 रन बनाए।

## गांगुली, हरभजन, मोरे या फिर कोई चौंकाने वाला नाम? बीसीसीआई अध्यक्ष पर फैसला 20 सितंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड का अगला मुखिया कौन होगा, यह सवाल एक बार फिर सुर्खियों में है. औपचारिक चुनाव 28 सितंबर की एजीएम में होंगे, लेकिन असली फैसला 20 सितंबर की रात दिल्ली में होने वाली बैठक में निकलने की संभावना है.



भारतीय क्रिकेट में 28 सितंबर बड़ा दिन साबित हो सकता है, जब बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोल्ड) अपनी वार्षिक आम सभा में नए पदाधिकारियों का चुनाव करेगा. हालांकि असली फैसला उससे पहले ही हो जाने की उम्मीद है. सूत्रों के मुताबिक, 20 सितंबर की रात दिल्ली में होने वाली अहम बैठक में बीसीसीआई की अगली कमान किसे मिलेगी, इसका रास्ता साफ हो जाएगा.

अध्यक्ष के तौर पर रोजर बिन्नी का कार्यकाल जुलाई में उनके 70 वर्ष के होने पर समाप्त हो गया था. बिन्नी को अक्टूबर 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बोर्ड के संविधान में इस पद के लिए 70 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित है. दिल्ली की बैठक में बीसीसीआई के भविष्य की तस्वीर तय की जाएगी. अबकी बार सौरव गांगुली का नाम चर्चा में है.

## क्रिकेट खेलते-खेलते कैसे जैवलिन में भारत की शान बने सचिन? धोनी के शहर में पहली बार किया...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप में जो कमाल किया है, उसके बाद सचिन यादव का नाम अब जुबां से जाएगा नहीं. सचिन यादव भले ही मेडल नहीं जीत पाए लेकिन जो किया है, उससे जैवलिन में भारत की उम्मीदों की लौ को और रोशनी दे दी है. टोक्यो के जिस स्टेडियम में नीरज चोपड़ा ने साल 2020 में भारत को ओलंपिक का गोल्ड मेडल दिलाया था. उसी जगह पर 2025 में सचिन यादव ने देश का परचम बुलंद किया है. उन्होंने एक बार नहीं, दो बार नहीं बल्कि तीन बार इतनी दूर तक भाला फेंक दिया, जितनी दूर नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम जैसे चैंपियन भी नहीं फेंक पाए. हालांकि, बहुत कम ही लोग ये जानते होंगे सचिन यादव के जैवलिन थ्रोअर बनने की कहानी.




सचिन यादव को जैवलिन की ओर मोड़ने वाले उनके एक पड़ोसी और साथी संदीप यादव थे. उन्होंने ही सचिन को अपने गांव में एक दोस्ताना मैच के दौरान देखा था. जब संदीप ने सचिन को देखा तो वो गेंदबाजी कर रहे थे और उनकी स्पीड भी अच्छी थी. वो देख संदीप यादव इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सचिन को भाला फेंकने की सलाह दी. उन्होंने सचिन से कहा था कि उनकी कद-काठी लंबी है और कंधे की स्पीड भी अच्छी है. ऐसे में उन्हें भाला फेंकना चाहिए. सचिन के मुताबिक शुरू-शुरू में तो संदीप यादव ने ही उन्हें प्रशिक्षण दिया. लेकिन, फिर उन्हीं की सलाह पर ही उन्होंने नई दिल्ली जाकर जैवलिन थ्रो के जाने-माने कोच नवल सिंह के अंदर ट्रेनिंग लेनी शुरू की.

## चेन्नई ओपन 2025: श्रीलंका के एन थंगराजा शीर्ष पर पहुंचे

**चेन्नई।** श्रीलंका के एन. थंगराजा गुरुवार को यहां कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये इनामी चेन्नई ओपन 2025 के तीसरे राउंड में टूर्नामेंट के न्यूनतम स्कोर नौ अंडर 63 की बराबरी करते हुए लीडरबोर्ड में शीर्ष पर पहुंच गए। तीसरे राउंड को मूविंग डे के रूप में भी जाना जाता है। थंगराजा (69-66-63), जो मध्यांतर तक संयुक्त चौथे स्थान पर थे, ने तीसरे दिन अच्छी शुरुआत की और तीन स्थान ऊपर चढ़कर 18-अंडर 198 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली। पीजीटीआई में पांच बार विजेता रहे थंगराजा, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में अपनी आखिरी जीत हासिल की थी, अब दूसरे स्थान पर काबिज मनु गंडास के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता फिर से शुरू कर रहे हैं, जिन्होंने तीन साल पहले चेन्नई ओपन में पिछले दिन पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थंगराजा को हराया था। यह प्रतियोगिता भी कॉस्मो टीएनजीएफ




गोल्फ कोर्स में ही खेली गई थी। गुरुग्राम के मनु गंडास (66-68-65) ने त्रुटिरहित 65 का स्कोर बनाकर एक स्थान का सुधार किया और 17-अंडर 199 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य (67-65-69) तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाने के बाद 15-अंडर 201 के स्कोर के साथ एक स्थान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गए।

चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा, जो एक शॉट से आधे रास्ते पर आगे चल रहे थे, गुरुवार को 71 के अपने राउंड के बाद 14-अंडर 202 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर खिसक गए। अक्षय के साथ हनी बैसोया (66) संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले, अधूरा दूसरा राउंड एक ओवर 145 के स्कोर के साथ पूरा हुआ। 57 पेशेवर खिलाड़ियों ने कट हासिल किया। इसके बाद स्थानीय समयानुसार सुबह 9ः10 बजे से तीसरा राउंड फिर से शुरू हुआ। 44 वर्षीय कोलंबो निवासी एन. थंगराजा ने तीसरे दिन शानदार 63 का स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर की बराबरी कर ली, जो अक्षय शर्मा ने पहले राउंड में और अनंत सिंह अहलावत ने दूसरे राउंड में बनाया था। थंगराजा के राउंड में 16वें राउंड में एक ईगल, आठ बर्डी और एक बोगी शामिल थी। उन्होंने अपने आयरन और वेजेज का बेहतरीन इस्तेमाल किया, जिससे उन्हें चार टैप-इन मिले, एक ईगल के लिए और तीन बर्डी के लिए। दिन का उनका सबसे लंबा पुट पांचवें राउंड में 20 फुट का बर्डी रूपांतरण था। थंगराजा ने कहा, आज मेरे अप्रोच शॉट और वेज शॉट बिलकुल सही थे। पहले दो राउंड में मुझे अपनी पुट लगाने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन आज यह ज्यादा मजबूत था, हालांकि मैंने ज्यादा लंबे पुट नहीं लगाए। उन्होंने कहा, मैं इस स्थान से अच्छी तरह वाकिफ हूं और इस जगह पर अपने घर जैसा महसूस करता हूं, क्योंकि मैंने पहले भी यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। तीन साल बाद एक ही जगह पर लीडर ग्रुप में मनु के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना बहुत अच्छा है। मैं इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं क्योंकि मैं अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहा हूं, पिछले चार इवेंट्स में टॉप-15 में रहा हूं।

# यूरिया की कालाबाजारी पर माकपा-किसान सभा का विरोध प्रदर्शन

## सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में यूरिया खाद की किल्लत को लेकर राज्य के अलग-अलग प्रखंडों में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और झारखंड राज्य किसान सभा ने धरना प्रदर्शन किया। इन दोनों दलों के संयुक्त आह्वान पर आज 19 सितंबर को सोनाहातू प्रखंड कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान यूरिया खाद की लूट सहित कई जनमुद्दों पर आवाज बुलंद की गई और मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आजादी के बाद सबसे बड़ी यूरिया खाद की कमी की पूरी जवाबदेही केंद्र की मोदी सरकार की है और उन्हें इसका जवाब देना होगा। वक्तताओं ने कहा कि 266 रुपये वाला यूरिया का बोरा 550–600 रु। में क्यों मिल रहा है, इसका जवाब मोदी सरकार को देना चाहिए।

इसके अलावा कोकरो नहर व कांची नहर का पानी किसानों के लिए खोलने, राणाडीह गांव में डायरिया पीड़ितों के इलाज के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने, सोनाहातु प्रखंड में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ साथ राज्य में शुरुआती बारिश से बर्बाद धान–सब्जी किसानों को मुआवजा देने, भूमि अभिलेखों की ऑनलाइन गड़बड़ी में सुधार के साथ साथ बिजली में स्मार्ट मीटर को उपयोग से हटाने, बलसभी किसानों को क्रेडिट कार्ड देने, मनरेगा में 200 दिन काम व 600 रु। दैनिक मजदूरी, जंगल क्षेत्र के किसानों को वन पट्टा देने, हाथियों के आतंक से राहत दिलाने के साथ साथ राशन, पेयजल, सिंचाई, आवास व पेंशन की गारंटी, पेसा नियमावली लागू करने, निजीकरण, महंगाई और लैंड बैंक पर रोक लगाने की मांग हेमंत सरकार से की गई है।

विद्यालयों व अस्पतालों की गुणवत्ता में सुधार, सोनाहातु प्रखंड में रेफरल अस्पताल का निर्माण की मांग करते हुए वाम नेताओं ने कहा कि राज्य में खाद–बीज वितरण घोटालों की जांच और सरल बालू उपलब्धता की गारंटी सरकार सुनिश्चित करे।

मुख्य वक्ता और माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने किसानों पर सबसे ज्यादा हमले किए। 2014 में किसान विरोधी भूमि अध्यादेश 2020 में तीन काले कृषि कानून 2024 में कृषि बाजार नीति, दाल, दूध, छाछ पर जीएसटी– इन सबने किसानों को आत्महत्या की राह पर धकेला है। उन्होंने याद दिलाया कि 10 दिसम्बर 2021 को किसान आंदोलन के साथ हुए एमएसपी की कानूनी गारंटी वाले लिखित समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया। यूरिया खाद की कमी और लूट जारी है।

वहीं सुफल महतो ने कहा कि 750 किसानों की शहादत वाली किसान आंदोलन को देश कभी नहीं भुला पाएगा। मोदी सरकार के 11 साल किसानों–मजदूरों के बर्बादी के साल रहे। बेरोजगारी, महंगाई, निजीकरण और कॉरपोरेट लूट ने आम जनता को तबाह कर दिया है। 'सबका साथ, सबका विकास' केवल चंद पूंजीपतियों के विकास बन कर रह गया है। उन्होंने झारखंड सरकार को भी आगाह किया कि वह किसानों, युवाओं और जनता से किए वादों पर ठोस कदम उठाए जाएं, अन्यथा आंदोलन तेज होगा। किसान सभा ने घोषणा की कि आनेवाले दिनों में झारखंड सहित देशभर में प्रत्येक प्रखंड स्तर पर धरना–प्रदर्शन एवं जन–अभियान चलाया जाएगा।

इस मौके पर माकपा जिला कमेटी सदस्य उमेश महतो, नौजवान सभा जिला अध्यक्ष विकास मुंडा, जिला किसान कौंसिल सदस्य घुरन पातर, दिनेश महतो, अंचल कौंसिल सदस्य बसंत मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, हृदय नाथ मुंडा, बिरसा महतो, जितु महतो, मनियां महतो, रामप्रसाद पातर, धरम नाथ महतो, बासुदेव महतो, जितवाहन महतो, मुकेश महतो, बिरेंद्र महतो, जगदीश मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, जीवन महतो, महेश्वर महतो, सोहनलाल मुंडा, एतवारी देवी, प्रमिला देवी, रामधन लोहरा सहित सैकड़ों किसान–मजदूर शामिल हुए।

# डायन प्रथा उन्मूलन अभियान हेतु जागरूकता रथ को सांसद व डीएम ने दिखायी हरी झंडी

## महिलाओं को "डायन" कहकर प्रताड़ित करना कानूनन दंडनीय अपराध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 19 सितम्बर 2025 को सांसद विवेक ठाकुर एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से डायन प्रथा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के 14 प्रखंडों के 96 स्थलों पर पपेट शो (पुतली नाटक) के माध्यम से जनता को जागरूक करेगा। इसके जरिए बताया जाएगा कि महिलाओं को "डायन" कहकर प्रताड़ित करना न केवल अमानवीय है, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है। जिला पदाधिकारी ने मौके पर कहा कि डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 1999 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि किसी महिला को डायन बताकर टिप्पणी या कार्रवाई करने पर तीन माह तक की जेल या एक हजार रुपये जुर्माना, अथवा दोनों की सजा हो सकती है। महिला को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर छह माह तक की जेल या दो हजार रुपये जुर्माना, अथवा दोनों का प्रावधान है।जिला पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि अंधविश्वास एवं कुप्रथाओं से दूर रहें और समाज में जागरूकता फैलाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं जिला जनसम्पर्क के शशि कुमार, कमलेश कुमार, रजनी कुमारी आदि कर्मी उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय जिले के सभी प्रखंडों में आज स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी उपस्थित रहे। बच्चों ने शपथ लेते हुए संकल्प किया कि वे अपने घरों में कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने हेतु माता-पिता को प्रेरित करेंगे, साथ ही नालियों, तालाबों एवं आहरों में कचरा नहीं फेंकेंगे और न ही किसी को फेंकने देंगे। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान में शामिल बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं माहवारी शिक्षा से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाना है, ताकि वे स्वयं सशक्त परिवार और समाज का अभिन्न अंग बन सकें। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नागरिकों से अपील किया गया कि सभी लोग स्वच्छता पर्व में शामिल होकर अपने घर एवं आसपास के सामुदायिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।

# बढ़ते कार्यकाल के साथ बढ़ रही नीतीश कुमार की लोकप्रियता : विजय कुमार चौधरी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय के सरदार पटेल स्टेडियम चंडासी में एनडीए विधानसभा कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री सह नालन्दा जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में आये हुए कार्यकर्त्ताओं व समर्थकों की भीड़ के सामने पंडाल छोटा पड़ गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अपार भीड़ की उत्साह देखकर नालन्दा विधान सभा का चुनावी परिणाम क्या होगा यह बताना नाइंसाफी होगा। चुनाव होने में भले ही देरी है पर इस सम्मेलन में नालन्दा विधान सभा का चुनाव का नतीजा साफ हो गया है। एनडीए के पांचों घटक दलों की एकजुटता नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनायेगी। नालन्दा बड़ी जगह है। बिहार, देश व दुनिया में ज्ञान व अध्यात्म का रौशनी फैलाने वाला नालन्दा ही है। नालन्दा से बिहार की पहचान है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेज गति से तरक्की कर रही है उसी प्रकार सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार देश में सबसे अधिक गति से तरक्की करने वाला राज्य हो गया है। नीतीश कुमार वहीं नेता है, पूरे देश के राजनीतिक इतिहास में ज्यों ज्यों कार्यकाल बढ़ता गया त्यों त्यों उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पूरे देश में नीतीश कुमार ऐसा सीएम हैं जिनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। बीस वर्षों से एनडीए बिहार की सेवा कर रहा है। एनडीए ही जनता की सच्ची सेवक है। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विपक्षी पर निशाना साधते हुए कहा कि बहुत सारी पार्टी के कार्यकर्त्ता भोली भाली जनता को झांसे में लाकर ठगने का काम कर रही है। विपक्षी व विरोधियों के फेकैति व झांसे से सतर्क रहना होगा। कोई माई बहन योजना की बात करता है तो कोई गारंटी योजना की बात कहता है। वहीं बिहार में वोट चोरी की बात भी कहता है। इन लोगों की नीयत साफ नहीं है। जो करते हैं वह करते नहीं हैं और उदाहरण कर्नाटका को देते हैं। पूरे बिहार घूमकर गरीब को ठगने व गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इन भ्रष्टाचारियों से सावधान रहना है और 2025 में फिर नीतीश को लाना है। उन्होंने कहा कि बिहार को अराजकता में ढकेलने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना चलाया है। जिस घर में जीविका दीदी नहीं है उस घर से भी जीविका दीदी को जोड़ा जा रहा है। 22 सितंबर को पहले फेज के 50 लाख जीविका दीदियों के खाते में दस- दस हजार रुपया चला जायेगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सहित तमाम क्षेत्रों में विकास हुआ है और यह विकास नीतीश कुमार की सोच के कारण हुआ है। बिहार देश का पहला राज्य है, जहां 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों को पेंशन मिल रहा है। पर अन्य दूसरे राज्यों में बीपीएल परिवार को ही पेंशन मिलता है। सम्मेलन में आये हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि गरीब होना गुनाह नहीं है पर गरीब अपने बच्चों को नहीं पढ़ाये यह गुनाह है। मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य किया है। मौके पर राजद के सक्रिय कार्यकर्त्ता रजनीश कुमार उर्फ राजू सिंह ने मंत्री विजय कुमार चौधरी के समक्ष जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

# घोषी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी पाठशाला एवं मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, पूरे जिले में मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को 217 घोषी विधानसभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय घोषी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनवा एवं उच्च विद्यालय बौरी में चुनावी पाठशाला एवं मतदाता जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया।इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया जा रहा है। निर्वाचन साक्षरता क्लब एक ऐसा मंच है जो विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को रोचक गतिविधियों और व्यवहारिक अनुभवों के माध्यम से उनके निर्वाचन अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाता है और मतदाता पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया से परिचित कराता है। निर्वाचन साक्षरता क्लब केवल विद्यालयों में ही नहीं, बल्कि महाविद्यालयों और ग्रामीण समुदायों में भी संचालित किए जाते हैं। यहां शिक्षा और मनोरंजन का संगम होता है। विभिन्न गतिविधियां और खेल इस प्रकार से तैयार किए जाते हैं कि छात्र-छात्राएं सोचने, प्रश्न पूछने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने के लिए प्रेरित हों। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इन क्लबों के माध्यम से युवाओं और भावी मतदाताओं में मतदान की संस्कृति को मजबूत करना है।इस कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी, सहायक स्वीप नोडल पदाधिकारी, एवं स्वीप आइकॉन अमित कुमार एवं अजीत कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने छात्राओं-छात्रों से संवाद स्थापित किया, निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे इस जागरूकता को अपने परिवार और समाज तक फैलाएं। इस दौरान सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे न केवल भविष्य में अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के महत्व से अवगत कराएं। यह भी बताया गया कि एक-एक वोट लोकतंत्र की मजबूती, जनप्रतिनिधियों के चयन और समाज में न्याय एवं समानता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है।

# जिलाधिकारी ने पूजा पंडालों का लिया जायजा

## जहानाबाद में दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में दुर्गा पूजा का पर्व नजदीक आते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए जिलाधिकारी, एसडीपीओ, एसडीएम समेत वरीय पदाधिकारी गुरुवार को ठाकुरबाड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने दुर्गापूजा समिति के सदस्यों से दुर्गापूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर बातचीत कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस और अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा जिले का प्रमुख पर्व है, जिसे शांति और सद्भाव के माहौल में संपन्न कराना प्रशासन और समाज, दोनों की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने पूजा पंडालों में सुरक्षा इंतज़ाम पुख्ता करने का निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बैरिकेडिंग करने और महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दर्शन पंक्तियों की व्यवस्था करने का निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए ऐरो मार्किंग और प्रवेश-निकास मार्ग सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

ठाकुरबाड़ी इलाके में पूजा पंडालों के निरीक्षण के क्रम में मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन और दुर्गापूजा समिति के सदस्यों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने विसर्जन और जुलूस के लिए रोड मैप तैयार करने और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। वहीं मेला स्थल का भी चिन्हांकन किया गया ताकि यातायात और आम लोगों को परेशानी न हो। इस दौरान प्रशासन ने निर्देश दिया कि रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न किया जाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों से भी शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व का आनंद तभी संभव है जब सौहार्द और भाईचारा कायम रहे।

अधिकारियों ने समिति को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। जिलाधिकारी ने मूर्ति निर्माण स्थलों का भी निरीक्षण किया और कारीगरों को दिशा-निर्देश दिए। बताया जाता है कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने जिलेभर में सुरक्षा की रूपरेखा तैयार कर ली है। गश्ती दल, मजिस्ट्रेटों की तैनाती और एंटी-रायट टीम की व्यवस्था भी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस बार का दुर्गा पूजा पूर्ण शांति, उल्लास और सुरक्षित माहौल में संपन्न होगा। इस निरीक्षण और दिशा-निर्देश के बाद लोगों में विश्वास और उत्साह दोनों बढ़ा है। जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा समिति से अपील की है कि वे सरकार और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश और गाइडलाइन का पालन करें तथा इस पर्व को "शांति, सुरक्षा और सौहार्द" का प्रतीक बनाएं।

## एक नजर

### बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांके।** विधायक प्रतिनिधि मो फुरकान ने शुक्रवार को कांके बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी और उप प्रमुख अंजय बैठा को मांग पत्र सौंपकर कांके में नशे के कारोबार रोक लगाने की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि नशे की लत के कारण छोटे बच्चे और युवा चोरी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। नशीली पदार्थों के सेवन से कई लोग मानसिक रोग, गंभीर बीमारियों और डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसलिए नशीली दवाइयों और पदार्थों की अवैध बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। कांके सीओ और थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुस्तक 'वीरा' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्टेट बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत मनीष कुमार की पुस्तक वीरा का शुक्रवार को लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक अमेजन, फ्लिपकार्ट और गूगल बुक्स पर लिस्टेड है और जल्द ही उपलब्ध होगी। मनीष ने बताया कि वीरा का अर्थ साहसी होता है, लेकिन उनके जीवन में यह कहीं अधिक मूल्यवान है। पुस्तक का लोकार्पण मनीष के प्रथम शिक्षक सीपी सोनी ने किया।

### थाना में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना परिसर नारदीगंज में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। स्थान्तरित थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी व एसआई धीरेन्द्र पासवान को सम्मान पूर्वक विदाई व नवपदस्थापित थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पुलिस पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने स्थान्तरित थानाध्यक्ष, एसआई व नवपदस्थापित थानाध्यक्ष को पुष्पमाला, अंगवस्त्र समेत अन्य सामग्री देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने स्थान्तरित थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी के कार्यों को काफी सराहना की, वही नवपदस्थापित थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक से क्षेत्र में अमन, शांति, सद्भाव ,भाईचारे, सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपेक्षा रखते हुए सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही स्थान्तरित थानाध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुरूप चलने की नसीहत दी। स्थान्तरित थानाध्यक्ष ने कहा आप सभी का सहयोग भरपूर मिला, जो अविस्मरणीय रहेगा। अध्यक्षता एएसआई दिनेश कुमार ने की। मौके पर अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह,सरपंच प्रवेश रविदास, विनय कुमार साव, अजय यादव, बिक्की कुमार, धनन्जय कुमार, संजीत कुमार,पवन कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

### इंटर विद्यालय के बच्चों के बीच बैग वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में शुक्रवार को नवम एवं दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद से दी गई बैग का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार की उपस्थिति में बच्चों को किट दिया गया। विद्यालय के प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने बच्चों को कहा कि बिहार सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षा में रुकावट न आए इसके लिए वित्तीय सहायता, कौशल विकास जैसे विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। बच्चों का एक तरह का ड्रेस, बैग से एक ओर समानता का बोध होता है। वहीं इससे बच्चों को नई ऊर्जा मिलती है। सरकार की यह योजना बच्चों के लिए बहुत ही लाभप्रद है। सभी बच्चों ने बैग पाकर खुशी का इजहार किया। बताया गया कि 11वीं और 12वीं के छात्र- छात्राओं को भी बैग दिया जाएगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, विद्यानंद चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, डॉ. विजय दास, धर्मेंद्र पासवान, श्वेता कुमारी सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

### दुर्गापूजा को लेकर पूजा समिति ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड के डोला गांव स्थित मां जानकी दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गापूजा को लेकर बैठक हुई। जिसमें पूजा समिति के सदस्यगण, ग्रामीण एवं स्थानीय युवाओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता उदय शंकर ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 22 सितंबर से शुरू होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को पूरी तरह शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मां दुर्गा की शोभायात्रा और कलश स्थापना कार्यक्रम में सभी श्रद्धालु अनुशासन का पालन करेंगे और प्रशासन को भी हरसंभव सहयोग देंगे। समिति ने यह भी तय किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान शालीनता और मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पूजा के अवसर पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गईं। ग्रामीणों ने पूजा की सफलता के लिए आपसी सहयोग और भाईचारे पर बल दिया। बैठक में यह भी अपील की गई कि सभी श्रद्धालु मिल-जुलकर इस धार्मिक पर्व को उत्साहपूर्वक मनाएं और गांव की एकजुटता को बनाए रखें। बैठक में उमेश सिंह, पिंकू सिंह, कमलेश कुमार, रामविलास चौरसिया, राघो यादव, वंदन कुमार, जयप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, रणधीर कुमार सहित अन्य ने विचार रखा।

### स्कूटी सवार वृद्ध को अज्ञात टोटो ने मारी टक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बांके मोड़ से लेकर हरदिया तक प्रतिदिन टोटो समेत सैकड़ों वाहन रॉन्ग साइड में चलते हैं। गलत दिशा में चलने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है। कई बार सड़क दुर्घटना सामान्य होती है,किंतु कभी-कभी सड़क दुर्घटना बहुत ही भयावह हो जाती है। शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय से महज 300 मीटर दूरी पर एक स्कूटी पर सवार रहे वृद्ध को सामने से गलत दिशा में आ रहे एक अज्ञात टोटो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए एवं उनका दाएं हाथ की कलाई टूट गई। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से घायल वृद्ध को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाजसेवी ने बताया कि गलत दिशा में चलने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने से लगातार सड़क दुर्घटना में वृद्धि हो रही है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घायल वृद्ध द्वारा लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। साथ ही कहा कि फोरलेन में रॉन्ग साइड में चलना यातयात नियम का उल्लंघन है। रॉन्ग साइड में चलने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। लोगों को सड़क पर कुछ दूरी पर दिए गए कट का इस्तेमाल करके ही यूटर्न लेना चाहिए। साथ ही आश्वासन दिया कि पुलिस बलों के सहयोग से रॉन्ग साइड में चलने वाले लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# धमनी से बुढ़ियासाख रास्ते में बना डायवर्सन सड़क बनते ही टूटा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के धमनी गांव से बुढ़ियासाख गांव आने-जाने वाले ग्रामीणों को बीते दो महीनों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धमनी से बुढ़ियासाख गांव के संपर्क पथ के बीच में खुरी नदी पड़ती है और सड़क निर्माण के दौरान नदी के ऊपर पुलिया का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग के तेजस्वी संवेदक द्वारा करवाया गया था। इस वर्ष बारिश के शुरुआती दिनों जुलाई माह के मध्य में हुए बारिश से नदी के ऊपर बने पुल के समीप के सड़कों को पानी अपने साथ बहा ले गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नवादा डीएम रवि प्रकाश को मिलते ही वे बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र धमनी-बुढ़ियासाख संपर्क पथ का निरीक्षण जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं सड़क निर्माणकर्ता संवेदक अंगद कुमार सिन्हा के साथ किया।निरीक्षण के दौरान डीएम को ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग के संवेदक द्वारा पुलिया और सड़क निर्माण में लापरवाही बरती गई थी। ग्रामीणों की मांग थी कि बड़ा और मजबूत पुल बनाया जाए,लेकिन संवेदक ने उनकी मांग को अनदेखा कर दिया,जिसके परिणामस्वरूप यह स्थिति उत्पन्न हो गई।डीएम ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को डायवर्सन बनाकर ग्रामीणों के आवागमन को सुचारू करने को निर्देशित किया था।

**दो बार बना डायवर्सन सड़क टूटा, स्थिति यथावत**

धमनी व बुढ़ियासाख गांव के ग्रामीण सिकंदर राजवंशी, टिहन राजवंशी, रामस्वरूप राजवंशी, मुन्ना कुमार समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि डीएम के निर्देश पर अगले दिन क्षतिग्रस्त पुलिया के समीप ह्यूम पाइप डालकर डायवर्सन सड़क बनाया गया था,जो उसी रात्रि के बारिश में बह गया। उसके बाद ग्रामीणों ने पुनः स्थानीय प्रशासन को शिकायत की, तो एक बार पुनः डायवर्सन सड़क बनाया गया,जो महज दो दिनों बाद पानी में बह गया। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक यदि शुरुआत में ही छोटे पुलिया के जगह नदी के अनुसार बड़े पुल बनवाते, तो आज ग्रामीणों को नदी में घुसकर डरे-सहमे आवागमन नहीं करना पड़ता। वहीं नदी को पार करने के दौरान कई बाइक भी फंस जाती है। इस स्थिति में राहगीर अपने जान को जोखिम में डालने को मजबूर हैं। रजौली मुख्यालय से सवैयाटांड़ पंचायत की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। इसी रास्ते से दर्जनों शिक्षक-शिक्षकाएं नदी में घुसकर भींगते हुए अपने-अपने विद्यालय जाने को मजबूर हैं। इस दौरान शिक्षिकाओं को स्कूल से ले जाने और वापस घर आने के लिए एक सहयोगी की जरूरत पड़ती है। कभी-कभी नदी में अधिक पानी रहने से शिक्षकों समेत अन्य ग्रामीणों को पूर्णतः भींगना भी पद जाता है।

**क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता**

इस बाबत ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार को उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर दर्जनों बार प्रयास करने के बाद भी उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका। इस कारण विभाग के निर्देश एवं आवश्यक कार्रवाई की जानकारी नहीं मिल सकी।

# एम्स पटना के पास गंदगी और अवैध पार्किंग फुलवारीशरीफ में कुत्तों का आतंक

## अविलंब कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बिहार के एकमात्र एम्स पटना के पास गंदे जल का जमाव और अवैध पार्किंग की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। लाखों मरीजों का प्रतिदिन यहां आना–जाना होता है, लेकिन अवैध तरीके से खड़ी गाड़ियों और गंदगी के कारण मरीजों व उनके परिजनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी बीच हारून नगर वार्ड–9 में आवारा कुत्तों का आतंक भी बढ़ गया है। झुंड बनाकर घूम रहे कुत्तों से मोहल्ले के बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, अल्बा कॉलोनी में बुडको की लापरवाही के कारण नाले में कचरे का जमावड़ा लग गया, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इन समस्याओं को लेकर विधायक गोपाल रविदास ने गंभीर चिंता जताई और मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाया। उन्होंने एसपी (यातायात), पटना नगर निगम और नगर परिषद फुलवारीशरीफ के कार्यपालक पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर अविलंब कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उधर, फुलवारी शरीफ के कई अन्य इलाकों – ईसापुर, पटना खगौल फुलवारी एम्स मेंन रोड, नया टोला और खगौल रोड – में भी आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। राहगीरों का कहना है कि सड़क किनारे और पार्कों में दर्जनों कुत्ते झुंड बनाकर बैठे रहते हैं और अचानक हमला कर देते हैं। कई लोग कुत्तों से बचने की कोशिश में गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

**CHANGE OF NAME**

मैं Trilok Munka s/o Sri Fateh Chand Agarwal affidavit number 98500 dated 08.09.2025, Resident of 106A, Shanti Niwas, Kali bari road, Post-Hazaribag, P.S-Sadar, District-Hazaribag, Jharkhand Holding Aadhar number: 345574841393 और PAN Number: ACNPM7591H अब Trilok Chand Munka के नाम से जाना जाऊँगा।

# राजनीतिक दल सभी बूथों पर बीएलए नियुक्त कर इआरओ को सौंपें सूची : डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोमिया विधानसभा क्षेत्र सह एसी मो. मुमताज अंसारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र सह डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बेरमो विधानसभा क्षेत्र सह एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रेमचंद सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। यह बैठक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव (मंत्रिमण्डल निर्वाचन विभाग), रांची के निर्देश के आलोक में आहूत की गई है। बैठक




का मुख्य उद्देश्य उन मतदान केन्द्रों का रैशनलिजैशन (विखंडन/पुनर्गठन) करना था, जहां 1200 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं।

**राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंट (बी.एल.ए.) करें नियुक्त**

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे अविलंब जिले के सभी मतदान केंद्रों (बूथों) पर बूथ लेवल एजेंट (बी.एल.ए.) की नियुक्ति सुनिश्चित करें। बी.एल.ए. की सक्रिय भागीदारी से - मतदाता सूची का सही सत्यापन, मतदान केन्द्रों पर पारदर्शिता और निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता और सुव्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

**1200 से अधिक मतदाता वाले केन्द्रों का विखंडन**

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) ने विस्तृत समीक्षा कर ऐसे सभी केन्द्रों की पहचान की जिनमें 1200 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। ऐसे केन्द्रों को विखंडित कर नये मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। नये केन्द्र या तो पुराने मतदान भवन परिसर में ही स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अथवा निकटवर्ती उपयुक्त भवनों में स्थानांतरित प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के वाट्सएप ग्रुप में 2003 के मतदाता सूची का लिंक साझा करने एवं बीएलए के लिए आवेदन प्रपत्र डालने को कहा।

**पारदर्शी एवं सुगम निर्वाचन की तैयारी**

बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा ने बताया कि रैशनलिजैशन (विखंडन/पुनर्गठन) की यह प्रक्रिया केवल मतदाताओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखकर की गई है। उद्देश्य है कि किसी भी मतदान केन्द्र पर अत्यधिक भीड़ नहीं हो और सभी मतदाता शांति एवं सुव्यवस्था के साथ मतदान कर सकें। बैठक में भाजपा के जिला मंत्री संजय त्यागी, कांग्रेस के महासचिव नाजीर अहमद झ कार्यालय प्रभारी बनमाली बाउरी, बसपा के जिलाध्यक्ष समीर कुमार दास, आप के विधान चंद्र राय, जेएमएम के जिला प्रवक्ता आकाश टुडू एवं राकेश सिन्हा, आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम चौधरी, आजसू के जिला सचिव बी एन सिंह आदि उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: करें पालन : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा दशहरा/दुर्गा पूजा, दशहरा मेला एवं रावण वध के अवसर पर आमजन की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने अपील की है कि सभी नागरिक, पूजा समितियां एवं स्वयंसेवी संगठन इन निदेशों का अक्षरशः पालन करेंगे ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा आपदा से बचा जा सके।

**दुगार्पूजा समितियों हेतु दिशा-निर्देश निम्न है:**

- पंडाल में प्रवेश एवं निकास द्वार के अलग-अलग रास्ते रखें। प्रवेश एवं निकास द्वार पर पर्याप्त संख्या में वालंटियर की व्यस्था करें।
- मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार कम से कम 05 मीटर चौड़ा रखें।
- प्रवेश कतार लगाकर करायें तथा पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था करें।
- निकास के रास्ते को जगह जगह पर तीर निशान के संकेत से प्रदर्शित करें इससे आम जनता को किसी इमर्जेसी के समय सुरक्षित निकास में मदद मिले।
- भगदड़ से बचाव के लिए भीड़ प्रबंधन की योजना पहले से बना कर रखें एवं उसे प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ साझा करे।
- पंडाल में बिजली की वायरिंग किसी योग्य एवं प्रशिक्षित ईलेक्ट्रिशियन से करायें एवं हमेशा आइ.एस.आइ. मार्क के कॉपर तार का ही प्रयोग करें। नंगे तारों पर अच्छी प्रकार से टेप लगा कर रखें एवं उसे पहुंच से दूर रखें। कुर्सी पर बैठने के लिए बनाये गये दो पंक्तियों के बीच कम से कम 2.5 फीट का अन्तर रखें और सीट के दोनों ओर से कम 2.5 मीटर का स्थान खाली रखें।
- पंडाल में ज्वलनशील पदार्थ को एकत्र करके नहीं रखें।
- रसोई पंडाल से कम से कम 20 मीटर दूर रखें।
- पंडाल के आसपास एवं आग संभावित क्षेत्र के आसपास पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र, पानी एवं बालू की व्यवस्था रखे।
- दुगार्पूजा समिति पूजा शुरू होने से पूर्व अपने निकटतम फायर स्टेशन से आग से बचाव का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्य प्राप्त करें।
- दुगार्पूजा समिति कर्मचारी एवं वालेंटियर आग से बचाव एवं फायर एक्सटिग्यूजर का प्रयोग किस प्रकार करना है, इसकी जानकारी अवश्य रखें।
- पंडाल में प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखें। प्रत्येक पंडाल में प्राथमिक चिकित्सा किट होना अनिवार्य है। जिसमें निम्नलिखित सामाग्री जैसे पैरासिटामोल टेबलेट, डिसायक्लोमीन, ब्रुफेन, बैंडेज, गौज, बीटाडीन कॉटन रौल, टेटमैक, स्प्रीट इत्यादि रखें।
- प्रत्येक पंडाल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था रखें।
- किसी भी आपातकाल से बचने एवं सुरक्षित निकासी हेतु वैकल्पिक मार्ग पहले से चिन्हित कर रखें।
- कार्यक्रम के दौरान लाउड स्पीकर द्वारा लोगों को सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं चेतावनी देते रहे और इमरजेंसी नम्बरों को जगह-जगह प्रदर्शित करें।
- रात्रि 10:00 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करें।
- पूजा के दौरान सुरक्षा के लिए पंडालों में प्रर्याप्त संख्या में सी.सी.टी.वी. कैमरा जरूर लगा कर रखें।
- अग्निशमन एवं एम्बुलेंस के लिए आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता खुला रखें।
- पंडाल सड़क के किनारे नहीं बनाये, ध्यान रखें कि पंडाल से यातायात प्रभावित नहीं हो।
- मूर्ति विसर्जन के दौरान नदियों/तालाबों आदि के अंदर जाने में सावधानी बरता जाए। मूर्ति विसर्जन के लिए यदि नाव का प्रयोग कर रहे है तो नावों में निर्धारित/लदान क्षमता से ज्यादा लोगों को नहीं बैठने दिया जाय।

**आम नागरिकों के लिए दिशा-निर्देश**

- पूजा पंडालों/मेले में चलते-फिरते रहें, अनावश्यक रूप से एक स्थल पर भीड़ न लगाएं।
- यदि आप छोटे बच्चों, महिलाओं, बीमारों या वृद्धों को मेले में लेकर जा रहे है तो उनके जेब में (या गले में लॉकेट की तरह) घर का पता और फोन नं० अवश्य रख दें।
- यदि आप परिवार या समूह के साथ हैं तो किसी आपात स्थिति में मेला क्षेत्र के बाहर मिलने का एक स्थान सुनिश्चित कर लें। एक दूसरें का फोन नं० साथ रखें।
- भगदड़ के समय संयम पूर्ण व्यवहार करें और घबराएं नहीं।
- किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नियंत्रण कक्ष में संपर्क करें।
- अपने बहुमूल्य सामानों की रक्षा स्वयं करें।
- बिजली के तारों और उपकरणों से दूर रहें।
- प्रशासन की ओर से की जाने वाली घोषणाओं को ध्यान से सुनें और उसके अनुसार व्यवहार करें।
- किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएं और ना ही उन पर ध्यान दें।
- मेले में साथ लाये बच्चों को अकेला नहीं छोड़ें और नहीं उन्हें इधर-उधर जाने दें।
- दुर्गा पूजा के मूर्ति विसर्जन में तैराकी नहीं जानने वाले पानी के भीतर नहीं जाएं।
- मेले में किसी भी प्रकार के पटाखे/ज्वलनशील पदार्थ नहीं ले जाएं तथा धूम्रपान नहीं करे।
- मेले में किसी भी प्रकार की अराजकत्ता नहीं फैलाएं।

**जिला प्रशासन की अपील**

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, बोकारो अजय नाथ झा ने कहा कि यह त्योहार हमारी आस्था एवं संस्कृति का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपील है कि वह जिला प्रशासन - जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निदेर्शों का पालन कर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार का आनंद उठाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण हेतु वॉइस ऑफ सर्वाइवर्स कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण हेतु सहयोगिनी बोकारो में वॉइस ऑफ सर्वाइवर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि बाल विवाह सर्वाइवर्स को सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने जरूरी है ,ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही समाज के सभी स्टेकहोल्डर को इस संबंध में मिलकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के साथ मिलकर बोकारो जिले में बाल विवाह विवाह, बाल यौन हिंसा तथा बाल तस्करी को समाप्त करने को विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में 10 सर्वाइवर्स द्वारा बाल विवाह से संबंधित अपने आपबीती को बताते हुए कहा कि उन्होंने कैसे बाल विवाह को रोका तथा अब पढ़ाई कर रही है तथा अपने सपना को पूरा करना चाहती है। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की सोनी कुमारी, संगीता देवी, रेखा देवी, कुमारी किरण, रवि कुमार, सूरजमानी देवी आदि उपस्थित थी।

### भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में जैनामोड में पौधा लगाया गया। नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक भारत के सभी शहरों गांवों में सेवा कार्य करना है। यह अवसर शायद हम सबको कभी नहीं मिलता, मगर हमारा सौभाग्य ही है कि हमारे जीवन में धर्म चक्रवर्ती नरेंद्र मोदी के कार्य जो की धर्म संस्कार जैसे अनेक,नेक कार्य को देखा और आज हम सब भारत में अच्छे दिन देख रहे है और विकसित भारत की ओर हर कदम आगे बढ़ रहे हैं । जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम हैं रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर ,स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम ,वोकल फॉर लोकल ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती,गांधी जयंती, तक ऐसे अनेक सेवा कार्य चलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन जे एस कॉलेज के प्रिंसिपल प्रहलाद सिंह, रवि शंकर सिंह, विजय बरनवाल ,संजय सिंह, राजकुमार पासवान, धर्मदास कुमार ,शिवनाथ रजवार,हुबलाल दास, राजकुमार गुप्ता, वकील कुमार, मुन्ना प्रसाद,अशोक बरनवाल, दीपक सिंह, मुन्ना प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, इत्यादि।

### प्रतिभा चयन प्रतियोगिता संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय, पिण्ड्राजोरा, चास, तथा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स, चंदनकियारी में दो दिवसीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से



कुल 550 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र, सेंटर ऑफ एक्सेलेंस एवं जे.एस.एस.पी.एस. के लिए योग्य एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था। यह चयन खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से बोकारो जिले के होनहार खिलाड़ियों को पहचान मिलेगी और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, जिला खेल समन्वयक चंद्रभूषण शुक्ला, कोच मोहन साहू, हेमंत कुमार, चौहान महतो, महेन्द्र करमली तथा खेल मित्र प्रदीप, अशुतोष, राजू एवं सुभाष रजवार आदि उपस्थित थे।

### किन्नरों के बीच आपसी विवाद गहराया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में किन्नरों का आपसी विवाद गहराता जा रहा है। श्वेता किन्नर और सुनैना किन्नर के बीच हाल ही में बढ़े विवाद के बाद आज झारखंड प्रदेश किन्नर बोर्ड की जिला सदस्य श्वेता किन्नर गाँधी सेवा सदन में पत्रकार वार्ता में मिडिया को बताया कि उन्हें जान का खतरा है और जिला प्रशासन उन्हें अविलम्ब सुरक्षा मुहैया कराए. श्वेता किन्नर ने बताया कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में कुछ सामान्य युवक कथिर रूप से किन्नर का वेश धारण कर लोगों को ठगने का काम करते थे.जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने लिखित तौर पर की थी.पिछले दिनों देर रात हमारे साथियों ने मिलकर बरवाअड्डा नेशनल हाईवे पर एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया, जिसमे 8 युवकों को रंगे हाथों पकड़ा गया था.श्वेता किन्नर का आरोप है कि नकली किन्नरों को पकड़ने के खिलाफ सुनैना किन्नर अपने 10-12 सहयोगियों के साथ मिल कर जान मारने की नियत से रास्ता रोका। गाली-गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी गई।

# 15 अक्टूबर से प्रखंडवार धान कटनी उत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जाना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान विक्रय का अवसर उपलब्ध कराना एवं उनकी आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार धान अधिप्राप्ति योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में धान कटनी उत्सव का आयोजन प्रखण्डवार/ पंचायतवार किया जाएगा। इसकी शुरूआत 15 अक्टूबर 25 से 22 नवंबर 25 तक होगी। संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी का निर्देश दिया गया है।

**धान कटनी उत्सव का उद्देश्य:-**

- किसानों को धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर धान बेचने हेतु प्रेरित करना।
- ई-उपार्जन पोर्टल पर अपंजीकृत किसानों का पंजीकरण कराना।
- किसानों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य की जानकारी देना।
- किसानों को जागरूक करना कि वे बिचौलियों को धान न बेचें।

**उत्सव में होंगी सांस्कृतिक गतिविधिया:**

धान कटनी उत्सव के दौरान किसानों को जागरूक करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें शामिल हैं।

**ढोल-नगाड़ा, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत एवं झूमर कार्यक्रम।**

प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों व अन्य को जिम्मेदारी जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड में जनसेवक, कृषक मित्र एवं पंचायत सचिवों को कार्यक्रम की सफलता हेतु निर्देशित करेंगे। साथ ही, पंचायत प्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो -प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करेंगे तथा कृषक मित्रों को कार्यक्रम के संदर्भ में निर्देशित करेंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी, बोकारो झ सभी पैक्स अध्यक्ष/प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जिला पंचायती राज पदाधिकारी - माननीय सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

**सभी प्रखंडों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारी नामित**

प्रत्येक प्रखंड हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में संबंधित बीडीओ को नामित किया गया हैं। वहीं, सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें उप विकास आयुक्त झ चास प्रखंड, अनुमण्डल पदाधिकारी चास-चंदनकियारी प्रखंड, जिला आपूर्ति पदाधिकारी-बेरमो प्रखंड, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी -कसमार प्रखंड, जिला परिवहन पदाधिकारी पेटरवार प्रखंड, निदेशक (जिला ग्राम विकास शाखा) -चंद्रपुरा प्रखंड, जिला पंचायती राज पदाधिकारी- गोमिया प्रखंड एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो (तेनुघाट) -नावाडीह प्रखंड सम्मिलित रहेंगे।

**किसान भाईयों से प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन, बोकारो किसानों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर अपना धान बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं और बिचौलियों से सावधान रहे।

# वाहन जांच अभियान चलाकर 4 लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना की वसूली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 पर पिंडराजोरा थाना क्षेत्र पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 35 वाहनों से 4 लाख 25 हजार रुपए का जूमार्ना लिया गया। उक्त वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। उपायुक्त अजय नाथ परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 35 वाहन से 4 लाख 25 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 35 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ श्रीमती मारुति मिंज ने चास प्रखंड के आईटीआई मोड सहित अन्य चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया।

# सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना दण्डनीय अपराध : एसडीओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास अनुमण्डल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा एवं बेरमो अनुमण्डल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने अलग - अलग प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन को चेतावनी दी है कि सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति पहुंचाना एक गंभीर अपराध है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं कानून का पालन अनिवार्य**

उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार एवं सार्वजनिक सम्पत्ति विरूपण अधिनियम/लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 के तहत किसी भी प्रकार की सरकारी अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति का नुकसान करना दण्डनीय अपराध है।

**किन सम्पत्तियों पर लागू है यह कानून**

यह अधिनियम निम्नलिखित सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाने पर कठोर दंड का प्रावधान करता है।

- रेलवे संपत्ति
- सरकारी प्लांट, उद्योग एवं उपक्रम
- शैक्षणिक एवं सरकारी संस्थान
- रेलवे स्टेशन, सरकारी भवन
- केन्द्र एवं राज्य सरकार की सम्पत्ति

**दण्ड और कार्रवाई निम्न है:**

सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कारावास की सजा सहित अन्य कठोर दंड दिए जाएंगे।

# रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, चास में नागरिक सुरक्षा की ओर से प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास स्थित जिला रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास, में नागरिक सुरक्षा बोकारो की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, यातायात नियम एवं दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए अस्पताल तक पहुंचाने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर चास थाना की ओर से रंजीत कुमार यादव एवं अजय कुमार शर्मा तथा यातायात पुलिस सहायक अवर निरीक्षक श्री संतोष कुमार तथा नागरिक सुरक्षा बोकारो के तरफ से डॉक्टर एसपी वर्मा,



मुरारी मोहन झा, जय प्रकाश सिंह ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा ने सर्पदंश से बचने के उपाय तथा प्राथमिक उपचार के बारे में तथा सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने की जानकारी दी गई।

# मारवाड़ी युवा मंच एवं शक्ति शाखा की ओर से डांडिया नाइट का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच, धनबाद शाखा एवं शक्ति शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 सितम्बर को डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शक्ति शाखा अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, शक्ति शाखा अध्यक्षा मेघा शर्मा एवं सचिव ईशा अग्रवाल की प्रेरणा एवं सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे समाज को जोड़ने एवं सामाजिक मंच पर एकजुट करने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम स्थल क्रिस्टल इंटरनेशनल होटल, हावड़ा मोटर रोड, जोराफाटक में होगा।

# अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में कुल 27 निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भाग लिया। बताते चले कि इस रोजगार मेले में 148 अभ्यार्थियों को शॉटलिस्ट एवं कुल 351 अभ्यर्थियों को चयनित कर सुनहरा अवसर प्रदान किया गया। जिससे वे अपने कैरियर को एक नई दिशा प्रदान कर सकें। रोजगार तलाश रहे उम्मीदवारों के लिए जिला नियोजनालय एक नई दिशा दिखा रही है, जिसमें अलग-अलग योग्यताधारी




रोजगार मेला के जरिए रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक (नियोजन) धनबाद, पदमा कुमारी के द्वारा बताया गया कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद द्वारा समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन कर निबंधित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं ,रोजगार के अवसर से जुड़ने हेतु स्थानीय उम्मीदवार रोजगार पोर्टल में अपना निबंधन स्वयं अथवा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद में उपस्थित होकर कर सकते है।

# बीएसएलमें सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत 'टाइप ऑफ पेनल्ट' विषय पर सत्र आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत निवारक सतर्कता पर चल रहे तीन माह के अभियान के क्रम में 'टाइप ऑफ पेनल्टी' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) के समिति कक्ष में किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी. कार्यक्रम का संचालन मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने किया. उन्होंने लघु एवं प्रमुख पेनल्टी, उनकी धाराओं तथा दंडात्मक प्रावधानों के वित्तीय प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की. सत्र का उद्देश्य वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित विभागीय कार्यवाही के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पेनल्टी के बारे में अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री राजश्री बनर्जी ने अपने संबोधन में सीडीए नियमावली एवं स्थायी आदेशों के अंतर्गत पेनल्टी प्रावधानों की गहन समझ की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि






इन नियमों की जानकारी कार्य क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और संगठनात्मक अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इंटरैक्टिव सत्र के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गैर-संकार्य क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे. परियोजना, सामग्री प्रबंधन, वित्त एवं लेखा, माइंस तथा मानव संसाधन विभागों के कुल 33 अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की.

औद्योगिक सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

आज दिनांक 19 सितंबर को एसएमएस-II & सीसीएस कॉम्प्लेक्स में औद्योगिक सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य ) प्रिय रंजन उपस्थित थे. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (इस्पात) अरबिंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-II & सीसीएस) राजीव कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बिपिन कुमार सरतापे के साथ विभाग के वरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा कर्मी उपस्थित थे. सुरक्षा शपथ के उपरांत नुक्कड़ नाटक में श्री एस के सिंह, श्री बिश्वजीत मोहंती तथा श्री दीपक कुमार के टीम के सदस्यों के द्वारा सुरक्षा जागरूकता, सुरक्षित कार्य प्रथाओं के पालन और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला गया. नुक्कड़ नाटक का संचालन विभाग के डीएसओ श्री एस. एस. एक्का महाप्रबंधक (एसएमएस-क्क& सीसीएस) श्री एस. एल. गुप्ता तथा श्री आर. एल. गोंड के द्वारा किया गया.

# सांप काटने पर झाड फूंक का सहारा न लें : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश दिवस के अवसर पर आम जनमानस को जागरूक करने हेतु उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से टाउन हॉल होते हुए आईडीएसपी कार्यालय तक सहियाओं ने जागरूकता रैली निकाली। उक्त जागरूकता रैली को सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद एवं उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया।



**सांप काटने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करें-**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि यह जागरूकता अभियान बोकारो जिला के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को सर्पदंश के पश्चात क्या करे, क्या न करें इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सांप काटने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करें। झाड फूक का सहारा न लें इससे स्वास्थ्य और बिगड़ेगा। समय पर इलाज न किया गया तो जान भी जा सकती है। मौके पर आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलिना टुडू, जिला कार्यक्रम समन्वयक, डीडीएम कंचन, डीडीएम आईडीएसपी संतोष कुमार सहित सिविल सर्जन कार्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com